www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025 | वर्ष-18 | अंक-180 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





समाज के भीतर सेवा, दान की परंपरा उसकी ... 02

■ विदेशी गैंगस्टर्स के इकोसिस्टम को ध्वस्त करने में ...
■ दिल्ली के स्कूलों में आरएसएस का इतिहास पढ़ाने... 03

■ बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी
■ अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे... 07

सोहा अली खान का कॉर्पोरेट जॉब से ... 10

## सार संक्षेप

### कनाडा के उच्चायुक्त ने मुर्मु को सौंपा परिचय पत्र



**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा संबंधों में एक साल बाद अब धीरे-धीरे नरमी आ रही है। इसी बीच शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कनाडा के नए उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से उनकी राजनयिक नियुक्ति की औपचारिक मान्यता स्वीकार की।

### चेन्नई पहुंचे श्रीलंकाई जेल से रिहा 15 मछुआरे



**चेन्नई।** श्रीलंकाई जेल से रिहा हुए 15 मछुआरे चेन्नई हवाई अड्डे पहुंच गए हैं। इनमें से दो मछुआरों को 19 फरवरी को, सात को 13 जुलाई को, दो को 21 जुलाई को और चार को 8 अगस्त को सीमा पार से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### कृष्णा जिले को मिले चार स्वच्छ आंध्र पुरस्कार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले ने राज्य स्तर पर चार स्वच्छ आंध्र पुरस्कार जीते हैं। जिला कलेक्टर डीके बालाजी ने बताया कि यह पुरस्कार स्वच्छ आंध्र स्वर्णांध्र कार्यक्रम के तहत मिले हैं। पुरस्कारों में सबसे स्वच्छ ग्राम पंचायत (चल्लापल्ली), सबसे स्वच्छ किसान बाजार (मोव्वा), सबसे स्वच्छ हॉस्टल (बीसी हॉस्टल, दवाजिगुडेम), और सबसे स्वच्छ उद्योग (कृष्णा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ) शामिल हैं। जिले ने विभिन्न श्रेणियों में जिला स्तर पर कुल 44 पुरस्कार भी प्राप्त किए। यह कार्यक्रम 2047 तक आंध्र प्रदेश को स्वर्णांध्र प्रदेश (सोने का राज्य) बनाने के लक्ष्य के साथ स्वच्छता और विकास को बढ़ावा देता है।

### खरगे जल्द ही शुरु करेंगे राजनीतिक काम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खरगे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने मल्लिकार्जुन खरगे को गुरुवार शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे।

### चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां व किताबें देने की बात शामिल है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

# नकली कफ सिरप बनी काल

■ मप्र के छिंदवाड़ा में 9 व राजस्थान में 2 बच्चों की गई जान ■ 11 मौतों के बाद राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच की तेज

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में हुई बच्चों की मौतों को एक कफ सिरप से जोड़ा गया है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई, जबकि राजस्थान में 2 बच्चों की मौत दर्ज की गई। कुल 11 मौतों के बाद सरकार की नोडल एजेंसी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच तेज कर दी है। छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में वायरल फीवर से ग्रस्त बच्चों की हालत बिगड़ने का सिलसिला जारी है। जिले में 3 और बच्चों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या नौ पहुंच गई। इससे पहले 6 मौतें हो चुकी थीं। परासिया एसडीएम शुभम यादव ने बताया कि देर रात तक की स्थिति में 9 मौतें दर्ज हुई हैं। हमने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हमारे पास 1420 बच्चों की सूची है, जो सर्दी, बुखार और जुकाम से प्रभावित रहे। हमने प्रोटोकॉल बनाया है कि यदि कोई बच्चा दो दिन से अधिक बीमार रहता है, तो उसे सिविल अस्पताल में 6 घंटे निगरानी में रखा जाता है। तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। ठीक होने पर घर भेजा जाता है और आशा कार्यकर्ताओं से उनकी मॉनिटरिंग करवाई जाती है।

### 24 अगस्त को सामने आया था पहला मामला

पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर को हुई थी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में नकली कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामला सामने आया। एनसीडीसी की शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि जांच किए गए लगभग 500 लोगों की रक्त जांच में कोई संक्रामक रोग नहीं मिला है। जांच की प्रक्रिया अभी जारी है, और जो भी शुरुआती रिपोर्ट मिल रही हैं, उन्हें राज्य सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पीडियाट्रिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ.



पवन नंदुरकर ने कहा कि बच्चों की किडनी की समस्याएं और मौतें कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से जुड़ी हो सकती हैं। समस्याएं कुछ और भी हो सकती हैं, जो जांच के बाद पता चलेगा। डॉक्टर नंदुरकर ने कहा कि हाल ही में रिपोर्ट में बताया गया था कि हमारे सात बच्चों की मौत हुई है। अब संख्या नौ लग रही है। मौतें और किडनी की चोट कफ सिरप कोल्ड्रिफ से जुड़ी है, जिस पर सभी आरोप लगा रहे हैं। जांच अभी जारी है। संभव है कि किडनी की चोट किसी और चीज से हुई हो। उन्होंने आगे कहा कि कफ सिरप का सैंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

रिपोर्ट अभी लंबित है। मौतों का कारण बनने वाले संदिग्ध सिरप के सैंपल भी इकट्ठा कर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। पूरी जिम्मेदारी रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। इससे पहले दिन में, कई बच्चों की मौतों से जुड़े कफ सिरप के सैंपल शुक्रवार को जबलपुर की एक फार्मास्यूटिकल यूनिट से लिए गए। उन्हें लैब परीक्षण के लिए भेजा गया। प्रभावित बच्चों के परिवारों के अनुसार, शुरू में बच्चों को सर्दी, खांसी और बुखार हुआ. इसके बाद उनकी किडनी प्रभावित हुई। उनकी स्थिति बिगड़ गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गुन्नाडे ने कहा कि किडनी फेल होने के कारणों की जांच के लिए केंद्र और राज्य के अधिकारी बुलाए गए हैं। उन्होंने सैंपल इकटठा किया। जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

### खांसी सिरप के नमूनों में घातक रसायन नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौतों को खांसी की सिरप से जोड़ने वाली खबरों पर स्पष्टीकरण जारी किया। मंत्रालय ने साफ किया है कि इन खबरों का संज्ञान लेकर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त टीम ने घटनास्थल का दौरा किया था। साथ ही राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय में विभिन्न कफ सिरप के नमूनों सहित कई नमूने एकत्र किए गए। इन नमूनों की अब तक जांच में किसी भी सिरप के नमूनों में घातक रसायन डाइएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल की मौजूदगी नहीं पाई गई है। मंत्रालय ने बताया कि एनसीडीसी, एनआईवी, सीडीएससीओ समेत विभिन्न संस्थानों की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर सिरप, रक्त और अन्य नमूने एकत्र किए थे। मध्य प्रदेश की राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने भी तीन नमूनों की जांच की, जिनमें डाइएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल अनुपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस डॉक्टर सुनीता ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की। बच्चों में होने वाली ज्यादातर खांसी की समस्या अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए दवा की जरूरत नहीं पड़ती।

# सोनम वांगचुक की रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



■ शीर्ष अदालत में की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर

■ वांगचुक की पत्नी ने एनएसए हिरासत को बताया अवैध

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया। अंगमो ने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली में हर जगह उनका पीछा किया जा रहा है। उनके एक कर्मचारी को भी हिरासत में रखा गया है। वांगचुक फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं, उन्हें 24 सितम्बर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया था। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। सोनम के अलावा लेह की स्थानीय जेल में बंद 56 आंदोलनकारियों में से 26 को 2 अक्टूबर को छोड़ दिया गया। इन पर गंभीर धाराएं नहीं थीं। 30 लोग अभी जेल में हैं।

दशहरा की छुट्टियों के कारण शीर्ष अदालत में फिलहाल छुट्टी है। अदालत छह अक्टूबर को खुलने के बाद इस मामले में अदालती कार्रवाई शुरू हो सकती है। वहीं लेह में लद्दाख प्रशासन के नौ दिन बाद कर्फ्यू में ढील दिए जाने के बाद लोगों के रोजमर्रा के काम फिर से शुरू हो गए हैं। ढील के तहत दुकानों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई। स्कूल कई दिनों के बंद रहने के बाद फिर से खुल गए हैं। लेह डीएम ने मिनी बसों और बाकी पब्लिक ट्रांसपोर्ट को भी 9 दिनों के बाद फिर से शुरू करने की परमिशन दे दी है। अंगमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, गृह मंत्री अमित शाह, लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लेह जिला कलेक्टर को लेटर लिखा था।

# बिहार चुनाव पर ईसीआई का सख्त पहरा

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस तथा अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। यह ब्रीफिंग बैठक आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। ज्ञानेश कुमार ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बैठक में पर्यवेक्षकों को मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पर सख्त नजर रखने व किसी भी अनियमितता की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए।



केंद्रीय पर्यवेक्षक लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ : ज्ञानेश कुमार

### सीईसी दौरे के बाद चुनाव तारीखों का ऐलान संभव

बैठक के बाद अब अगले दो दिन यानी 4 और 5 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम बिहार दौरे पर जाएगी और वहां पर जाकर चुनावी प्रक्रिया की अंतिम दौर की तैयारी का जायजा लेगी। उम्मीद की जा रही है कि इसके बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का खुलासा, कहा

# पाक के पांच फाइटर जेट किए तबाह

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताते हुए कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की मजबूत वायु रक्षा क्षमताओं और संयुक्त सेवा योजना को प्रदर्शित किया। वायुसेना प्रमुख ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच एफ-16 और जेफ-17 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं तो दिखाएं। उन्होंने आगे कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रतिबिंब था। इसके साथ ही वायुसेना प्रमुख ने बताया कि तीनों सेनाओं ने सुदर्शन चक्र वायु रक्षा प्रणाली पर काम करना शुरू कर दिया है।



भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया : अमर प्रीत सिंह

### पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आया आगे

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया।

### भारत अब संयम नहीं रखेगा : उपेंद्र द्विवेदी




सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर बहुत ही सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बार भारत ऑपरेशन सिंदूर 1.0 की तरह संयम नहीं बरतेगा और पाकिस्तान तय कर ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं रहना। उन्होंने भारतीय सेना को हर तरह से तैयार रहने को भी कह दिया है।

# कश्मीरी विस्थापितों को फिर मिलेगा राहत भत्ता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीरी विस्थापितों को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ा फैसला लिया है। विस्थापित परिवारों को फिर से राहत भत्ता देने का फैसला लिया जाएगा, जिससे उनके बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है। सरकार के इस फैसले से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार, करीब डेढ़ साल से रुकी यह राशि अब दोबारा जारी की जाएगी। प्रत्येक विस्थापित परिवार के प्रत्येक सदस्य को 3250 रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी। दिल्ली के जैन नगर और अन्य इलाकों में बसे कश्मीरी विस्थापित परिवारों ने इस फैसले का स्वागत किया है।

हालांकि, उनका कहना है कि फिलहाल यह सिर्फ घोषणा है, असली खुशी तब होगी जब राशि उनके खाते में पहुंच जाएगी। कश्मीरी विस्थापित ओपिंदर कोल ने कहा कि हम 1990 में कश्मीर से विस्थापित हुए थे और 2001 से यहां रह रहे हैं। सरकार का यह फैसला बहुत अच्छा है। हमारे लिए यह बड़ी राहत है। एक अन्य विस्थापित परिवार के सदस्य ने बताया कि 1990 से हम यहां रह रहे हैं। बीच में यह सुविधा बंद कर दी गई थी। सरकार का फैसला अच्छा है, लेकिन जब तक हमें राशि नहीं मिलेगी, हम पूरी तरह खुश नहीं हो सकते। महाराज शाह ने कहा कि हम लोग 1990 में कश्मीर से हिंसा के कारण निकल कर यहां आकर बसे। देश के अलग-अलग हिस्सों में विस्थापित होकर रहना पड़ा। सरकारी सहायता से ही कुछ लोग अपना जीवन-यापन कर रहे थे, लेकिन बीच में यह मदद रुक गई थी। अब यह सुविधा दोबारा शुरू होना हमारे लिए बड़ी राहत है। मंत्री आशीष सूद के साथ हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की थी, जिसके बाद इस पर सकारात्मक निर्णय लिया गया है। इसी तरह, राजेंद्र पंडित ने कहा कि हम 1990 में कश्मीर से निकले और 2005 से यहां रह रहे हैं। यह राशि कई लोगों के लिए आजीविका का सहारा है।



■ दिल्ली सरकार ने लिया फैसला

■ प्रत्येक सदस्य को 3250 रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी

मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ मामले में विजय को लगाई फटकार, कहा

# भगदड़ के बाद हुए गायब, इससे सोच पता चलती है

**मदुरै,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ के मामले में टीवीके नेताओं को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पार्टी के मुखिया विजय भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गए और पार्टी ने इस पर दुख तक जाहिर नहीं किया। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। मद्रास हाईकोर्ट के मदुरै पीठ ने घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अगुआई में एक एसआईटी के गठन का आदेश दिया और टीवीके नेता बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा।



■ जांच के लिए एसआईटी के गठन का दिया आदेश

■ भगदड़ में 41 लोगों की गई थी जान

करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद सीएम एमके स्टालिन मौके पर पहुंचे थे और पीड़ितों से मिले थे। इसके बाद उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया था।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या घटी

## उड़ानों में देरी से 74 हजार यात्री प्रभावित



**अहमदाबाद,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से कई लोगों को हवाई यात्रा से थोड़ा ही सही पर हां डर तो लगने लगा था। इसी बीच डीजीसीए ने एक ताजा रिपोर्ट पेश की है। इसमें बताया गया है कि अगस्त 2025 में कुल कितने लोगों ने उड़ान भरी है। अगस्त 2024 के मुकाबले इस साल में अगस्त के आंकड़ों में गिरावट आई है। हालांकि पिछले महीने के मुकाबले ये आंकड़े थोड़े बेहतर हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने घरेलू एयरलाइनों ने कुल 1.29 करोड़ यात्रियों को उड़ान भराई, जबकि पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा 1.31 करोड़ था। हालांकि जुलाई की तुलना में अगस्त का यात्री आंकड़ा थोड़ा बेहतर रहा। अगस्त में इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी घटकर 64.2 प्रतिशत रह गई, जबकि जुलाई में यह 65.2 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट — एनसीआरबी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# देश में बाल-विवाह के मामले छह गुना बढ़े

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बाल विवाह के दर्ज मामलों की संख्या 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना बढ़ी है। इसमें अकेले असम में कुल मामलों का लगभग 90 प्रतिशत दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हालिया आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक, साल 2023 में 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों को जबरन शादी के लिए अगवा किया गया।**

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2023 में इस अधिनियम के तहत 6,038 मामले दर्ज किए गए, जो कि 2022 में 1,002 मामलों और 2021 में 1,050 मामलों की तुलना में काफी अधिक हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बना था जो 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों के विवाह पर प्रतिबंध लगाता है तथा ऐसे विवाहों का आयोजन, संचालन या उसे सुगम बनाने वालों को अपराधी की श्रेणी में डालता है। भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया ने बाल विवाह को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दशक में इसमें 20 प्रतिशित की कमी आई है, लेकिन इस क्षेत्र में अभी भी बाल वधुओं की संख्या सबसे अधिक है।



शादी के लिए अगवा की गई 17 हजार लड़कियां

यह आंशिक रूप से भारत की विशाल जनसंख्या के कारण है, लेकिन साथ ही तेज आर्थिक विकास के बावजूद भारत में लगभग 5 में से 1 व्यक्ति अभी भी गरीबी में रहता है। लड़कियों के वयस्क जीवन के विकल्प अभी भी भेदभाव से प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थ है शिक्षा और अन्य अवसरों तक असमान पहुंच, शादी करने और बच्चे पैदा करने का तीव्र सामाजिक दबाव, और ऐसे मानदंड और कानून जो किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंधों को रोकते और अपराध मानते हैं। पिछले दशक में, बचपन में लड़कियों की शादी होने की संभावना लगभग आधी घटकर 46 प्रतिशत से 26 प्रतिशत हो गई है।

### असम में सबसे ज्यादा मामले

असम ने 5,267 मामले दर्ज किए, इसके चलते यह राज्य सबसे अधिक मामलों वाला राज्य बना। इस सूची में अन्य अधिक संख्या वाले राज्यों में तमिलनाडु (174), कर्नाटक (145) और पश्चिम बंगाल (118) शामिल हैं। कई राज्य और केंद्रीय राज्य जैसे छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में इस दौरान कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

# देश

**उवाच** ''भाजपा सरकार में बहुत अत्याचार और अन्याय बढ़ गया है। विपक्ष के साथ-साथ अपनी पार्टी के लोगों की आवाज को दबा रखा है। किसानों के साथ अन्याय और धोखाधड़ी की गई और खराब जीएसटी से देश को तबाह कर दिया, 'राहुल गांधी के दबाव के कारण केंद्र सरकार ने जीएसटी में सुधार किया: **उदित राज, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 27.0 |

## जयराम ने कर्नाटक सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, बोले

# सरकारी योजनाओं से मिली मजबूती

### 'गृह ज्योति' योजना का रिकॉर्ड भी, '200 यूनिट मुफ्त बिजली की मिल रही सौगात

**नई दिल्ली/बेंगलुरु, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने कर्नाटक सरकार के पिछले दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों ने एक अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की पांच गारंटी योजनाओं ने राज्य में प्रभावशाली और सार्थक बदलाव किए हैं।

**गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर महीने मिल रहे दो हजार रुपए**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही, 80 प्रतिशत लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच की बात कही है। 72 प्रतिशत महिलाओं ने इस योजना से अपने आत्मविश्वास और सशक्तिकरण में वृद्धि का अनुभव किया है। उन्होंने आगे बताया कि गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हर महीने दो हजार रुपए हासिल करने वाली 94 प्रतिशत



शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है: जयराम रमेश

महिलाओं ने आहार और पोषण सुधारने में पैसे का उपयोग किया, जबकि 90 प्रतिशत ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया है। लगभग आधी महिलाओं ने अपने बच्चों की शिक्षा पर भी इस राशि का निवेश किया है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह पैसा अपने परिवार की दीर्घकालिक भलाई में निवेश किया गया है। कांग्रेस नेता ने 'अन्न भाग्य' योजना के लाभार्थियों के भी आंकड़े बताए। उन्होंने कहा, '94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें इस योजना का लाभ मिला। 91 प्रतिशत लाभार्थी परिवार अब अतिरिक्त पोषण जैसे सब्जियां और दूध पर खर्च कर रहे हैं, क्योंकि उन्नत अन्न भाग्य योजना उनकी अनाज की जरूरतों को पूरा कर रही है।'

जयराम रमेश ने 'गृह ज्योति' योजना का रिकॉर्ड भी रखा। उन्होंने कहा, '200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से 72 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि अब उनके परिवार बिजली का अधिक उपयोग कर रहे हैं।

## राजस्थान में मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही भाजपा सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ सांठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुये हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है 'जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुये, राजस्थान सरकार ले रही उससे दवा, नतीजा दो बच्चों की मौत।' उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं।



सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। नतीजा बच्चों की मौत': रणदीप सिंह सुरजेवाला

## समाज के भीतर सेवा, दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति : बिरला

**जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है। श्री बिरला ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में कहा कि सेन समाज ने हमेशा सेवा, श्रम और समर्पण को सर्वोच्च धर्म मानते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। यह समाज शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से आज भी नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी संस्कृति और सामूहिक मूल्यों का सम्मान है। समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है।

उन्होंने कहा कि सेनजी महाराज ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि श्रम ही सर्वोच्च पूजा है और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म। वहीं, नारायणी माता आस्था और विश्वास की आधारशिला हैं, जिनके आशीर्वाद से समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को सदियों से जीवित रखा है। यही कारण है कि यह समाज हर दौर में चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की सेवा में आगे रहा है।



राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएं, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएं युवाओं को नई राह दे रही हैं : ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नाई महासभा की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएँ, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएँ युवाओं को नई राह दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रतिभाएं मंच पर सम्मानित होती हैं तो उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जागता है, जो समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेनजी महाराज के आदर्शों और नारायणी माता की शिक्षाओं को जीवन का हिस्सा बनाएं। शिक्षा, कौशल और तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि जब समाज का हर युवा सक्षम और आत्मनिर्भर होगा, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा।

## सार संक्षेप

### बिहार चुनाव सह-प्रभारी बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य

**पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस बीच, केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता हर सवाल का जवाब वोट के जरिए देगी। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एआईएमआईएम के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी के आरोपों पर जवाब दिया। 'आई लव मोहम्मद' पर ओवैसी के सवालों को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, 'बिहार की जनता हर सवाल का जवाब विधानसभा चुनाव में देगी।

### राहुल विदेश में देश की छवि खराब करने का कर रहे हैं काम : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि श्री गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।

### रिजर्व बैंक ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर लगाया 31.8 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर निर्देशों का पालन न करने के कारण 31 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन को क्रेडिट कार्डधारकों को रिफंड और विफल या रिवर्स ट्रांजेक्शन से प्राप्त बैलेंस उनके खाते में न देने का दोषी पाया है। यह मामला पिछले साल नियमित जांच में सामने आया था। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया था कि निर्देश का पालन न करने के लिए क्यों न उस पर जुर्माना लगाया जाये। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत स्तर पर सुनवाई के दौरान दिये गये मौखिक तर्कों से संतोषजनक नहीं पाये जाने के बाद आरबीआई ने बैंक पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

## मोदी आज करेंगे 62 हजार करोड़ की युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरुआत



**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को यहां युवा विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत 62,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरुआत करेंगे जिसके माध्यम से देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को एक निर्णायक बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में देश भर में एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किए जाएंगे। उद्योग जगत के प्रमुख साझेदार बाजार की मांग के अनुरूप परिणाम-आधारित कौशल विकास को सुनिश्चित करते हुए इन समूहों का प्रबंधन करेंगे। योजना के कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## हमने नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं, आतंकवाद को निशाना बनाया : राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

**हैदराबाद, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को हैदराबाद में जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपने नागरिकों और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत के अटूट संकल्प का सशक्त प्रदर्शन बताया।

उन्होंने कहा, 'जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की बढ़ती सैन्य और आर्थिक शक्ति का उद्देश्य दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं है, बल्कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों, आध्यात्मिक परंपराओं और भगवान महावीर द्वारा सिखाए गए मानवीय आदर्शों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात जो 2014 में लगभग 600 करोड़ रुपए था, आज बढ़कर 24,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। 2029 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा, 'तेजस लड़ाकू विमानों से लेकर आकाश मिसाइलों और अर्जुन टैंकों तक, हमारे सशस्त्र बलों को तेजी से भारत में निर्मित प्लेटफॉर्मों से सुसज्जित किया जा रहा है।'



'जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने इसे 'आत्मनिर्भरता की ओर भारत की यात्रा' का प्रमाण बताते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 97 हल्के लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए हुए हालिया समझौते का उल्लेख किया, जिसमें 64 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।

## हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** एयर चीफ मार्शल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के चार से पांच एफ16 प्लेन मार गिराए थे। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। लेकिन, तीन से चार महीने बाद बयान क्यों आते हैं? मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रेसवार्ता में सबकुछ बता देना चाहिए कि हमने पाकिस्तान को किस-किस मोर्चे पर नुकसान पहुंचाया, उसकी कितनी सेना को मार गिराया, या उसके कितने जहाज मार गिराए, ताकि पूरी वस्तु स्थिति साफ हो सके।



हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है: राशिद अल्वी, कांग्रेस नेता

उन्होंने आगे कहा कि आज की तारीख में पूरी दुनिया यह सवाल कर रही है कि क्या हमारे राफेल पाकिस्तान में गिराए गए थे या नहीं? सबसे पहले सरकार को इस पर अपना जवाब स्पष्ट करना चाहिए। अगर राफेल नहीं गिराया गया है, तो जवाब आना चाहिए। सरकार को देश के सामने यह स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों व पेंशनभोगियों को दिया तोहफा, डीए 58 प्रतिशत हुआ

**पटना, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।** केंद्र के बाद बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को बड़ा तोहफा दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले आर्थिक सौगात दी है। राज्य सरकार के फैसले से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दीपावली का तोहफा मिला है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी की थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महंगाई भत्ता/राहत को दर 55% से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने को स्वीकृति प्रदान की है।



यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि पहले 1 जनवरी 2025 से 55% महंगाई भत्ता दिया जा रहा था और अब केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 58% दर स्वीकृत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उसी तिथि से बढ़ा हुआ भत्ता देने का निर्णय लिया है।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को जीवनयापन महंगाई से प्रभावित न हो, इसलिए सरकार उन्हें समय पर राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, ताकि उन्हें जीवनयापन की बढ़ती महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सम्मानजनक कार्य और जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। इसी प्रयास के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत की दर 55% से बढ़ाकर 58% करने का निर्णय लिया है।

## पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए : अखिलेश



**लखनऊ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ये भी है।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने रामनाथपुरम को दी 738 करोड़ रुपए की सौगात

**रामनाथपुरम, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को रामनाथपुरम जिले में पिछले साढ़े चार वर्षों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की और 738 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं। प्रमुख सरकार जिले के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और कई लाभकारी योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रामनाथपुरम में 2.36 लाख महिलाओं को महिला अधिकार भत्ता, 8 लाख से अधिक किसानों को सहायता, 83,483 बच्चों को रोजाना पौष्टिक नाश्ता, 1.85 लाख मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, 55,000 छात्रों को नान मुधलवन योजना के तहत प्रशिक्षण, 24,722 मुफ्त आवास पट्टे, 6,000 लोगों के लिए कलाई उदवार योजना के तहत घर और 78,000 आदि द्रविड़ समुदाय के लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिला है। शुक्रवार को रामनाथपुरम रेलवे स्टेशन, थंगाचिमदम सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन और परमकुडी में सामाजिक न्याय छात्रावास का उद्घाटन किया गया।



जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं: एम.के. स्टालिन

स्टालिन ने कहा, 'मैं जितना भी कहूं, नई घोषणाओं के बिना रुक नहीं सकता। मंत्रियों और विधायकों के सुझावों पर मैं रामनाथपुरम के लिए 9 नए विकास कार्यों की घोषणा कर रहा हूं।'

## सराहनीय | कश्मीर में रेल ने रचा एक और नया इतिहास

# पहली आटो मालगाड़ी से 116 मारुति कारें कश्मीर पहुंचीं

**जम्मू, 3 अक्तूबर (देशबन्धु)। जम्मू और कश्मीर के लाजिस्टिक्स और परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक विकास में, आटोमोबाइल ले जाने वाले पहले रेक को आज रेलवे के नव संचालित अनंतनाग गुड्स शेड में सफलतापूर्वक उतार दिया गया। माल ढुलाई संपर्क को बढ़ावा देते हुए, उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को कश्मीर घाटी के लिए अपनी पहली आटोमोबाइल रेक भेजी, जिसमें हरियाणा के मानेसर से अनंतनाग जिले तक 116 मारुति सुजुकी वाहन भेजे गए।**

इस नई सेवा को कश्मीर को देश के आटोमोबाइल और माल ढुलाई नेटवर्क से और भी नजदीकी से जोड़ने और वाहनों के परिवहन के लिए एक तेज और सुरक्षित माध्यम प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, यह विशेष रेक मारुति सुजुकी के मानेसर स्थित गति शक्ति टर्मिनल से रवाना हुई और लगभग 45 घंटे में लगभग 850 किमी की दूरी तय करके नए चालू अनंतनाग माल शेड पहुंची। इस पहली खेप में ब्रेजा, डिजायर, वैगनआर और एस-प्रेसो जैसी कारें शामिल थीं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यह सेवा श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़भाड़ कम करने और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि वाहन घाटी में अपनी मूल स्थिति में पहुंचें।



- इस कदम से ड्राइवरों द्वारा जम्मू से नई कारें लाने की परंपरा खत्म
- 45 घंटे में लगभग 850 किमी की दूरी तय करके नए चालू अनंतनाग माल शेड पहुंची

उन्होंने बताया कि यह विकास, घाटी में नई कारों के आगमन के तरीके में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। अब तक, कश्मीर में कार डीलर कई ड्राइवरों को नियुक्त करते थे जो जम्मू से नई ब्रांडेड गाड़ियां सड़क मार्ग से लाते थे। इस प्रथा का मतलब था कि ग्राहकों तक पहुंचने से पहले वाहनों को सैकड़ों किमी तक चलाया जाता था, जिससे खरीदार अपनी नई खरीदी गई कार को सबसे पहले चलाने के विशेषाधिकार से वंचित रह जाते थे। नई रेल सेवा इस प्रथा को समाप्त कर देती है, यह सुनिश्चित करती है कि अब कारें ड्राइवरों द्वारा बिना छुए और अपनी मूल फैक्टरी स्थिति में पहुंचें।

एक कार डीलर ने बताया कि यह न केवल सुविधा के बारे में है, बल्कि ग्राहक संतुष्टि के बारे में भी है। जब कोई कार निर्माता से रेल द्वारा पहुंचाई जाती है, तो खरीदार आश्वस्त हो सकता है कि उसे जम्मू से श्रीनगर तक पहले किसी और ने नहीं चलाया है। यह ग्राहकों और डीलरों, दोनों के लिए फायदेमंद है। जानकारी के लिए अनंतनाग माल गोदाम, जिसमें 9 अगस्त को पंजाब के रूपनगर से सीमेंट की पहली खेप प्राप्त की, हाल के हफ्तों में काफी सक्रिय रहा है। मालगाड़ियों ने पहले ही सीमेंट, सेना के शीतकालीन स्टाक, फलों की खेप और अन्य सामान कश्मीर में पहुंचा दिया है, जिससे आपूर्ति लाइनें मजबूत हुई हैं जो पहले केवल सड़क परिवहन पर निर्भर थीं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुई, पत्नी बाजार जाके जहर ले आई और खा लिया, लेकिन वो मरी नहीं बीमार हो गई...
पति गुस्से से बोला : कितनी बार बोला सामान देखकर लिया करो, पैसा भी गया और काम भी नहीं हुआ...

# विदेशी गैंगस्टर्स के इकोसिस्टम को ध्वस्त करने में अब एनआईए भी जुटेगी

■ एनआईए में चल रही एक विशेष सेल बनाने की तैयारी ■ राज्यों की पुलिस के काबू में नहीं आ रहे विदेशी गैंगस्टर्स

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने विदेशी धरती पर बैठे इंडियन गैंगस्टर्स के इकोसिस्टम को तोड़ने के लिए पिछले दिनों ताबड़तोड़ ऑपरेशन शुरू किया है। जिसके बाद कारोबारियों और सेलिब्रिटी को डरा धमकाकर वसूली करने वाले कई शूटर्स को या तो मुठभेड़ के बाद लंगड़ा किया गया है या परलोक पहुंचाया गया हैं।

स्पेशल सेल के अधिकारी इस ऑपरेशन की कारवाई पर भले ही अपनी पीठ थपथपा रहे हो। लेकिन विदेशी धरती पर बैठे भारतीय गैंगस्टरों के कारनामों में ना तो कोई कमी आ रही है ना ही उनके हौसले टूट रहे हैं। इसकी वजह है कि ज्यादातर गैंगस्टर्स विदेशों में ऐसी लोकेशन पर रहते हैं जिन तक दिल्ली पुलिस की न तो पहुंच आसान है ना ही दिल्ली व एनसीआर में पकड़े गए




उनके गुर्गे कोई ज्यादा सबूत दे पाते हैं। ऐसे में विदेशी धरती पर बैठे गैंगस्टर्स के खिलाफ अभियान बेमानी हो गया है।

सूत्रों का कहना है कि विदेशी धरती से भारत में क्राइम सिंडीकेट चला रहे गैंगस्टर्स भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के नेटवर्क में भी शामिल हैं। इसीलिए इन दिनों एनआईए में एक विशेष सेल बनाने की तैयारी चल रही है। इसका मकसद विदेशों से संचालित नेटवर्क की निगरानी करना और उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाना होगा। यह कदम

■ विदेशी धरती पर ऐश काट रहे गैंगस्टर्स
■ हर शहर में हजारों की संख्या में हैं विदेशी गैंगस्टर्स के गुर्गे

इसलिए भी अहम है क्योंकि कई शीर्ष गैंगस्टर कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। एनआईए का स्पेशल सेल स्थापित करने पर काम करना शुरू हो गया है। विशेष रूप से विदेशी धरती से सक्रिय आतंकवादियों और गैंगस्टरों की निगरानी करेगा और उनके लिए सबूत एकत्र करेगा। एनआईए के एक अधिकारी के मुताबिक जांच एजेंसी का स्पेशल सेल खुफिया एजेंसियों के साथ राज्यों की पुलिस द्वारा पकड़े गए विदेशी गैंगस्टर्स के पकड़े गए गुर्गो से मिली सूचनाएं भी एकत्र करेगा। एनआईए अधिकारियों का मानना है कि राज्य पुलिस के विशेष दस्ते विदेशी धरती से गैंग ऑपरेट कर एक्सर्टोशन करने वाले या डराने के लिए फायरिंग करने वाले गुर्गो को तो पकड़े लेता है लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ पाता।

दिल्ली, यूपी, राजस्थान, हरियाणा व पंजाब पुलिस विदेशी धरती पर बैठकर एक्सर्टोशन रैकेट चलाने वाले गैंगस्टर्स के खिलाफ कार्रवाई के बावजूद इन पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। असल में इन विदेशी गैंगस्टर्स के गुर्गे हर शहर में हजारों की संख्या में हैं। कुछ लोगों के पकड़े या मारे जाने पर वे दूसरे गुर्गे हायर कर लेते हैं। एनआईए का मानना है कि दिल्ली व राज्यों की जेल में बंद जो गैंगस्टर खुद को महफूज समझते हैं व लोकल गुर्गो और विदेशी गैंगस्टर्स के बीच की कड़ी होते हैं। एनआईए अब इसी कड़ी को तोड़ने का काम करेगी।

# दिल्ली के स्कूलों में आरएसएस का इतिहास पढ़ाने का कदम खतरनाक : देवेंद्र यादव

**कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया छात्रों को एक सीमित सोच में बांधने की तैयारी का आरोप**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा अपने एजेंडे को राष्ट्रनीति शिक्षा योजना के नाम पर दिल्ली के स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों पर थोपने की तैयारी कर रही है जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की आड़ में आरएसएस के उन समर्थकों की जीवनी और इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पढ़ाया जाएगा, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में कभी अहम भूमिका रही नहीं। आजादी से 22 वर्ष पहले 1925 में जिस आरएसएस की नींव रखी गई उसका इतिहास कितना सशक्त है यह सब देशवासी पहले से ही जानते है, जबकि शिक्षा विशेषज्ञ भाजपा की दिल्ली सरकार की भविष्य बर्बाद करने वाली कार्यवाही से नाखुश है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि क्या आरएसएस को शामिल करके छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियां और देश के लिए आरएसएस के मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरुक करके उनमें



शिक्षा विशेषज्ञ व इतिहासकारों ने कभी भी स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भूमिका को महत्व नहीं दिया : **देवेंद्र यादव, कांग्रेस नेता**

देश के प्रति सम्मान बढ़ेगा या छात्रों के लिए डिजाईन किए कार्यक्रम के तहत उन्हें एक सीमित सोच में बांधने की तैयारी है। क्या भाजपा द्वारा आरएसएस के 22 वर्ष के इतिहास को भारत के पुराने इतिहास और लगभग 300 वर्ष के स्वतंत्रता संग्राम का संघर्ष पर हावी नही किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर, 2025 को भारत मंडपम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा राष्ट्रनीति शिक्षा नीति को नमो विद्या उत्सव के तहत छात्रों को लोकतंत्र, शासन और बेहतर नागरिकता की व्यवहारिक जानकारी देने के लिए अगर शुरु किया गया, तो क्या संविधान के अंतर्गत विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में जो शक्तियां अलग-अलग भूमिकाएं निभाने के लिए दी गई है वह परिपक्व और संतुलित नही है?

देवेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा विशेषज्ञ और इतिहासकारों ने कभी भी स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भूमिका को महत्व नही दिया, शायद आजादी मिलने से 22 वर्ष के दौरान इन्होंने अंग्रेजों और सामंती लोगों के हित साधने के लिए काम किया, यह कारण भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक देश में समानता और सामाजिकता को खत्म करके देश को धार्मिक स्वरुप देकर चलाना चाहता है जिसके कारण आरएसएस के झूठ को सच बताकर देश का भविष्य छात्रों को पढ़ाने की शुरुआत की जा रही है।

## सार संक्षेप

### ऐरो स्टाइल के वेदांग रैना व खुशी कपूर बने ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** ऐरो इंडिया का लीडिंग प्रीमियम मेन्सवेयर ब्रांड, जिसकी 170 से अधिक वर्षों की हेरिटेज है, ने गर्व से एक्टर्स वेदांग रैना और खुशी कपूर को अपने न्यूएस्ट ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यह कोलैबोरेशन इस आइकॉनिक लेबल के लिए एक एक्साइटिंग नए चैप्टर की शुरुआत है, क्योंकि ब्रांड नई जनरेशन के लिए कंटेम्पररी स्टाइल को फिर से रिडिफाइन कर रहा है। इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, ऐरो इंडिया के सीईओ, आनंद अय्यर ने कहा कि ऐरो हमेशा स्टाइल, कॉन्फिडेंस और सोफिस्टिकेशन के लिए जाना जाता है। वेदांग और खुशी आज के एस्पिरेशनल इंडिया को रिप्रेज़ेंट करते हैं, जो असलियत में विश्वास रखते हैं, लेकिन मॉडर्निटी को अपनाने से डरते नहीं हैं। उनकी पर्सनैलिटी हमारे विजन के साथ पूरी तरह से अलाइन होती है, जो ऐसे मॉडर्न पुरुषों के लिए है।

### अग्निकुल कॉसमॉस ने पुनः प्रयोज्य रॉकेट की घोषणा की

**नई दिल्ली।** स्पेसटेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने अपने रॉकेट्स की पूरी पुनः प्रयोज्य क्षमता हासिल करने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। कंपनी अब यह सुनिश्चित करेगी कि उसके रॉकेट्स का कोई भी हिस्सा पूरी तरह व्यर्थ न हो और न ही पीछे छोड़ा जाए। यह घोषणा ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान सम्मेलन आईएसी में की गई। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम थी 'सतत अंतरिक्षः सशक्त पृथ्वी'। अग्निकुल कॉसमॉस के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीनाथ रविचंद्रन ने कहा कि हमने अपने प्रक्षेपण यानों को हमेशा इस तरह डिज़ाइन किया है कि उनकी लागत सुलभ और लचीलापन प्रारंभ से ही शामिल हों। उन्होंने आगे कहा कि इन-स्पेस और इस्रो से मिली महत्वपूर्ण सहायता के लिए हम आभारी हैं।

### भागवत चैप्टर वनः राक्षस का रोमांचक ट्रेलर लांच

**नई दिल्ली।** वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 ने आज अपने आगामी ओरिजिनल फिल्म भगवत/ भागवत चैप्टर वनः राक्षस का रोमांचक ट्रेलर लांच किया, जो 17 अक्टूबर को विशेष रूप से प्रीमियर होगा। जियो स्टूडियोज़ द्वारा, बावजा स्टूडियोज़ और डॉग 'एन' बोन पिक्चर्स के सहयोग से निर्मित, यह ट्रेलर एक दमदार और रोमांच से भरी पीछा करने वाली थ्रिलर कहानी दिखाता है, जिसकी पृष्ठभूमि उत्तर प्रदेश के रॉबट्सगंज में बनी है। कहानी में इंस्पेक्टर विश्वास भगवत/ भागवत अरशद वारसी को दिखाया गया है, जो खौफनाक हत्याओं की श्रृंखला की जांच करते हैं और साथ ही अपने भीतर के संघर्ष से भी जूझते हैं। कहानी में और रहस्य जोड़ते हुए, जितेंद्र कुमार एक बिल्कुल नए और अनोखे रूप में नजर आएंगे, वे राजकुमार सिरतिया का किरदार निभा रहे हैं, जो बाहर से एक आम इंसान लगता है लेकिन उसके भीतर कई चौंकाने वाले राज छिपे हैं। जी5 ने दशहरे के शुभ मौके पर 'भगवत/ भागवत चैप्टर वनः राक्षस' का ट्रेलर शानदार तरीके से लांच किया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार और निर्देशक अक्षय शेरे ने भी शिरकत की और दर्शकों से सीधे जुड़कर माहौल को और खास बना दिया।

# यमुनापार में खोला जाएगा नया केंद्रीय विद्यालय

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ आम जन के लिए अच्छी खबर है। उनके बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए यमुनापार स्थित खजूरी खास क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय खुलने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने केंद्रीय केंद्रीय विद्यालय संगठन को जमीन उपलब्ध करा दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है और कहा है कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में खोले जा रहे केंद्रीय विद्यालय दिल्ली सहित न केवल भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को सशक्त करेंगे, बल्कि लाखों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गई है कि केवीएस ने दिल्ली के

■ शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू हो जाएगा केंद्रीय विद्यालय
■ प्रारंभिक रूप से विद्यालय में एक से पांच तक संचालित की जाएंगी कक्षाएं

यमुनापार क्षेत्र में एक नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह विद्यालय खजूरी खास (थाना खजूरी खास के पास, सोनिया विहार क्षेत्र), उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में खोला जाएगा। यह विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू हो जाएगा। प्रारंभिक रूप से विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक (प्रत्येक कक्षा में एकल अनुभाग) कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विद्यालय के संचालन के लिए भूमि आदि की व्यवस्था संबंधित प्राधिकरण द्वारा कर दी गई है।

# संत निरंकारी मिशन को मानव सेवा में अद्वितीय योगदान के लिए किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर, 2025 को इंटरनेशनल होटल, श्रीनगर में गांधी ग्लोबल फैमिली द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. एस. पी. वर्मा ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सिद्धांतों और विचारों को पुनः स्मरण करना था।

इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित संस्थाओं की सहभागिता रही। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा जी की उपस्थिति रहीं। श्री सुखीजा जी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में संत निरंकारी मिशन के मूल सिद्धांत- 'मानव को मानव हो प्यारा, इक-दूजे का बने सहारा' को रेखांकित किया। इसी क्रम में, श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा को मिशन की इस निःस्वार्थ सेवा हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया।

# ओखला में नकली स्मोकिंग पेपर रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली स्मोकिंग पेपर बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की नकली पैकेजिंग सामग्री और उत्पाद जब्त किए हैं। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह का सरगना फरार है।

पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कार्रवाई एक निजी कंपनी की शिकायत पर की गई थी। कंपनी ने आरोप लगाया था कि उसके स्मोकिंग पेपर उत्पादों की नकली पैकेजिंग तैयार कर उन्हें दिल्ली-एनसीआर के बाजारों में बेचा जा रहा है। छापेमारी में



करोड़ों की पैकेजिंग सामग्री जब्त

ओखला स्थित अवैध पैकेजिंग इकाई से 18 बक्से इनर कोन पैकेजिंग, 45 किलोग्राम मुद्रित इनर कोन शीट, 33 प्रिंटिंग प्लेट, एक प्रिंटिंग डाई और एक हैवी-ड्यूटी प्रिंटिंग मशीन बरामद हुई। आरोपी सस्ते उत्पादों को नकली लेबल, होलोग्राम और पैकेजिंग लगाकर असली ब्रांड जैसा दिखाते थे और उन्हें थोक विक्रेताओं तक नकद लेन-देन के जरिए पहुंचाते थे।

# सभी धर्म की मूल भावना है सांप्रदायिक सौहाद्रता : डॉ. थॉमस

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांप्रदायिक सौहाद्रता सभी धर्म की मूल भावना है। अणुव्रत के आचार संहिता में उल्लेखित है कि शांति स्थापना के लिए सहिष्णु बनना आवश्यक है। ऐसा इसलिए कहा गया है क्योंकि सबसे ज्यादा असहिष्णुता धर्म को लेकर ही है। ये बातें शुक्रवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में इंस्टि्यूट ऑफ होर्मोनी एंड पीस स्टडीज के निदेशक डीआरएम डॉ. थॉमस ने मुख्य अतिथि के रूप में कहीं।

उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म हमें आपस में घृणा व वैमनस्यता फैलाने की अनुमति नहीं देता है। फिर भी धर्म के क्षेत्र में सबसे ज्यादा असहिष्णुता दिखाई देती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि धर्म में भावनाएं काफी प्रबल होती हैं। भावनाओं पर



शांति स्थापना के लिए सहिष्णु बनना आवश्यक

नियंत्रण रखते हुए हमें वैज्ञानिक चेतना को भी जागृत करने की आवश्यकता है जो हमें मानव विकास के मार्ग पर ले जाएगा।

इस अवसर पर अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी शिष्य डॉ. मुनि, श्री अभिजीत कुमार जी ने कहा कि आज पूरी दुनिया इंटरनेट से जुड़ी है जिसे वर्ल्ड वाइड वेब कहते हैं। इसमें थोड़ा बदलाव की आवश्यकता है। वर्ल्ड विजडम वेब के नजरिए से दुनिया को देखना चाहिए। पिछले 20 सालों में दुनिया में वैज्ञानिक चेतना का काफी विकास हुआ है जिसका परिणाम है कि विज्ञान और तकनीक निरंतर बढ़ रहा है। मुनि श्री जागृत कुमार जी ने कहा कि मार्ग अनेक मंजिल एक थीम के साथ इस विशेष सप्ताह को सांप्रदायकि सौहार्द दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सत्य के अनेक रूप हैं, लेकिन वह एक ही है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विशाल संचेती ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द दिवस अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के हिस्से के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। संगठन मंत्री मधु बैगानी ने बताया कि आचार्य श्री तुलसी द्वारा 1949 में प्रारंभ किया

# लैंक्सेस इंडिया को इंडियन केमिकल काउंसिल से मिले तीन प्रतिष्ठित सम्मान

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लैंक्सेस इंडिया को इंडियन केमिकल काउंसिल की ओर से तीन प्रतिष्ठित सम्मान मिले हैं। इनमें झगड़िया साइट के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन में उत्कृष्टता हेतु आईसीसी, विनती ऑर्गेनिक्स अवॉर्ड, और रेस्पॉन्सिबल केयर के तहत सिक्योरिटी कोड तथा प्रोडक्ट सेफ़्टी और स्ट्यूवर्डशिप कोड अनुपालन के लिए दो आईसीसी, एप्सिलॉन कार्बन मेरिट सर्टिफिकेट्स शामिल हैं। ये सम्मान लैंक्सेस की सुरक्षा, सतत विकास और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोकेमिकल विभाग के संयुक्त सचिव दीपंकर आरोन आईआरएस द्वारा लैंक्सेस को प्रदान किया गया। लैंक्सेस इंडिया की ओर से यह सम्मान वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी और पूर्णकालिक निदेशक व हेड-पीटीएसई बलराम खोत ने प्राप्त किया।

# चन्दर नगर में रामलीला कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। चन्दर नगर, गली नम्बर, 16 में सालासर कमेटी द्वारा रामलीला का मंच सजाया गया भगवान राम अयोध्या वापिस आए भरत मिलाप के बीच आरती की गई तथा बच्चों ने ग्रुप फोटो खिचवाई। कमेटी के सदस्य दिव्यांशु शर्मा, वंशिका शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, गंतव्य चुग, सिल्की चुग, आर्या चुग, आदित्य चोपड़ा, सिमरन चोपड़ा, राखी गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, राहुल, साक्षी, आकांक्षा शर्मा, जेविन, ध्रुव, खुशाल, ओम, निर्देशक वरुण शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।



# फिल्म 'कैश-एम-कश' के टाइटल पोस्टर का अनावरण

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। एंटीमेटर फिल्म्स और इमेज़ इंटरनेशनल की बहुप्रतीक्षित सामाजिक थ्रिलर फिल्म 'कैश-एम-कश' का औपचारिक सफर शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस और टाइटल पोस्टर अनावरण के साथ शुरू हुआ। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं गांधी दर्शन के उपाध्यक्ष विजय गोयल व दिल्ली के कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा अतिथि के रूप में मौजूद थे। लॉन्च कार्यक्रम का मकसद फिल्म के संदेश और उसकी सामाजिक प्रासंगिकता को उजागर करना था। यह फिल्म आधुनिक समाज में बढ़ते भौतिक लालच के बीच महात्मा गांधी के सिद्धांतों की आलोचनात्मक पड़ताल करती है। इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा कि लोग वास्तव में गांधी जी



को नहीं समझे हैं। गांधी पर शोध होता है, संगोष्ठियां होती हैं उनके संग्रहालय और प्रदर्शनी होती हैं, लोग उनके बारे में बातें करेंगे, भाषण होंगे। लेकिन गांधी जी के मूल्यों का असली सार युवा पीढ़ी तक नहीं पहुंचा है।

उन्होंने आगे बताया कि गांधी के सिद्धांतों का पालन करना कठिन नहीं है और यह हमें प्राचीन काल से ही सिखाए जा रहे हैं। गोयल ने कहा कि गांधी ने कुछ नया नहीं किया, लेकिन जो नया किया वह था त्याग और बलिदान। यही आज हमें सिखाया जाना चाहिए। अगर त्याग है, तो व्यक्ति इतना सांसारिक मोह नहीं करता।

# जनता के साथ अधिकारी का व्यवहार ही सरकार की असली पहचान : रेखा गुप्ता

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पहल पर तहसीलदारों व सब-रजिस्ट्रारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए दिल्ली सरकार डिजिटलीकरण को मजबूत करने, पारदर्शिता बढ़ाने, कार्यालयों को आधुनिक बनाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली का हर नागरिक बिना किसी भेदभाव, भय या परेशानी से राजस्व सेवाओं का लाभ उठा सके। मुख्यमंत्री ने यह विचार राजस्व विभाग के तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्त किए। इसका आयोजन यमुनापार स्थित विश्वास नगर के यूटीएससी ऑडिटोरियम में किया गया था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यमंत्री के सुझाव पर शुरू की गई पहली और अनोखी पहल है।

### यह पहल अधिकारियों को सक्षम बनाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अन्य राज्यों की तरह तहसीलदार और सब-रजिस्ट्रार के लिए एक्स केडर की व्यवस्था नहीं है। इसलिए नई नियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण



हर अधिकारी को अपनी भूमिका को जिम्मेदारी, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे : **रेखा गुप्ता**

अत्यंत आवश्यक है। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल अपने कार्य की जटिलताओं को समझने में सक्षम बनाएगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को सरल बनाने और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों को कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें 'क्या करना है' के साथ साथ 'क्या नहीं करना है' भी सिखाया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव बिपुल पाठक, डिविज़नल कमिश्नर नीरज सेमवाल, डीएम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें आधुनिक प्रशासनिक सोच, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को भी केंद्र में रखा गया है।

### नकारात्मक छवि दूर करना जरूरी

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी दफ्तर जनता की सेवा के केंद्र होते हैं, और आम नागरिक अधिकारियों के व्यवहार और कार्यशैली के माध्यम से ही सरकार की छवि का मूल्यांकन करता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालयों को ऊर्जा, अनुशासन और संवेदनशीलता से भरपूर बनाएं ताकि जब कोई नागरिक समस्या लेकर अधिकारी के पास आए, तो उसे यह महसूस हो कि उसकी बात को गंभीरता से सुना जा रहा है और अधिकारी कानून के दायरे में रहकर समाधान खोजने के लिए ईमानदारी से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि जनता के साथ अधिकारी का व्यवहार ही सरकार की असली पहचान होती है।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्याः 22-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 03.10.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दो वर्ष की अवधि के लिए एसएसबी-बीटीआई पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन प्रणाली की पीएसआई रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 3,30,50,430.58/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 3,15,300/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.10.2025 (10:30 बजे) से 29.10.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.10.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3063/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

बैंडीकूट रोबोट के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले वार्डों में सीवर सफाई का कार्य सुविधाजनक रहेगा रोबोट में कैमरा स्क्रीन लगी हुई है जिसके द्वारा 35 फीट गहरी लाइन की स्थिति कैमरे पर देखी जा सकती है, 35 फीट लंबी लाइन की सफाई करने वाला पहला रोबोट है, जिसमें हानिकारक गैस का पता करने के लिए सेंसर भी लगे हुए हैं : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त, गाजियाबाद।**

## प्राधिकरण 'चाणक्य सॉफ्टवेयर' से रखेगा पैसों व प्रोजेक्ट पर नजर

■ प्रहरी ऐप के साथ करेगा काम, एक क्लिक पर मिल जाएगी सभी जानकारी

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में प्रहरी सॉफ्टवेयर के साथ एक चाणक्य सॉफ्टवेयर भी लॉन्च किया जा रहा है। ये सॉफ्टवेयर परियोजना में बजट से लेकर खर्च का पूरा ब्यौरा अपने पास रखेगा। अधिकारी या ऑडिट टीम भी एक क्लिक पर ही खर्च की गई रकम का ब्यौरा देख सकेंगे। इसके अलावा प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग, कॉन्ट्रैक्ट, कॉन्ट्रैक्टर मैनेजमेंट तक इस ऐप के जरिए किया जा सकेगा। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर के लागू किए जाने से प्राधिकरण द्वारा परियोजना का बजट तैयार करने, परियोजना शुरू करने से लेकर अंतिम रूप दिए जाने तक का ट्रैक्टर को जो भी भुगतान किया गया है उसका ऑनलाइन विवरण रखेगा। साथ ही प्राधिकरण के द्वारा निकाले गए टेंडर का तकनीकी मूल्यांकन, प्रोजेक्ट के निर्धारित माइलस्टोन के अनुसार वित्तीय और भौतिक प्रगति को भी देखेगा। साथ ही भौतिक प्रगति के अनुसार भुगतान किया गया है या नहीं इसका विवरण भी देगा। ये ऐप प्राधिकरण के सिविल, उद्यान, विद्युत यांत्रिकी, जल, जन स्वास्थ्य और अन्य विभागों में किए जा रहे कार्यों को समय से करवाने और लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

## सार संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ड्यूटी पर मौजूद सिपाही घायल

**नोएडा।** छिजारसी चौकी क्षेत्र में मेट्रो यार्ड की नीचे शनि मंदिर के पास तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ड्यूटी पर मौजूद सिपाही को टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताई है। इस मामले में घायल सिपाही के पिता ने अज्ञात चालक ने खिलाफ सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में मुजफ्फरनगर निवासी रोशनपाल ने बताया कि उनका 40 वर्षीय बेटा विनोद कुमार यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में उसकी तैनाती सेक्टर-63 थाने के छिजारसी चौकी पर है। बीते 25 सितम्बर को जब सिपाही विनोद अपने साथी नदीम अब्बास के साथ मेट्रो यार्ड के नीचे शनि मंदिर के पास सुबह सवा तीन बजे के करीब गश्त कर रहा था, उसी दौरान पीछे से आए वाहन ने उसको टक्कर मार दी। इससे उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई। हादसे के तुरंत बाद उपनिरीक्षक विक्रांत पवार और नदीक अब्बास ने घायल सिपाही को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद हादसे की जानकारी घायल के परिजनों और थाने पर दी गई। सिपाही शादीशुदा है उसके एक बच्चा भी है। हादसे के बाद फरार हुए चालक की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन की पहचान कर ली गई है।

### फेज-2 के एक मकान में लगी आग

**नोएडा।** भंगेल गांव में पांच मंजिला भवन के तृतीय तल पर शुक्रवार देर शाम को खाना बनाते समय सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर के पांच लोग झुलस गए। अग्निशमन टीम ने पांच गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। भंगेल गांव में पिलर नंबर 128 के सामने पांच मंजिला भवन के तृतीय तल पर हरिमोहन व्यास परिवार संग रहते हैं। वह फैक्ट्री में काम करते हैं। शुक्रवार शाम को रसोई में खाना बन रहा था। इसी दौरान सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। कमरे में रखे कपड़ों समेत सामान में आग लगने लगी। हरिमोहन ने शोर मचाते हुए सभी को बाहर निकलने को बोला। हरिमोहन समेत घर के पांच लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए। देखते ही देखते आग फैलने लगी। जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस और अग्निशमन टीम भी मौके पर पहुंच गई। भीड़ का हटवाते हुए अग्निशमन टीम ने आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया। टीम ने दो गाड़ियों की मदद से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

### ट्रक ने दो छात्राओं को कुचला एक की मौत

**नोएडा।** फेस-दो थाना क्षेत्र के बीपीएल कट के पास गुरुवार दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार बहनों को टक्कर मार दी। टक्कर से नाबालिग किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन की हालत गंभीर है। इस मामले में मृतक किशोरी के पिता की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी दो बेटियां अंकिता सिंह और प्रतिभा सिंह उर्फ अर्पिता गुरुवार दोपहर दादरी जा रही थीं। जैसे ही दोनों बीपीएल कट के पास पहुंचीं, एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी।

## नोएडा प्राधिकरण की 219 वीं बोर्ड बैठक

# 37 प्रस्तावों पर चर्चा, 8 पर लगी मुहर

■ वित्तीय गलती पर चाणक्य की नजर
■ वेस्ट के लिए 300 टीडीपी का बनेगा इंटीग्रेटड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट



**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की 219वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में 37 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें आठ प्रस्तावों को पास कर दिया गया। जबकि बाकी के मिनट्स शासन को भेजे गए है। सात से आठ दिन में शासन स्तर से इपन प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त ने की। बैठक में आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास विभाग और रविकुमार एनजी सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और लोकेश एम सीईओ नोएडा प्राधिकरण मौजूद रहे।

**बिल्डरों से नियमानुसार बकाया वसूलेगी प्राधिकरण**

बैठक की शुरुआत बिल्डर बायर्स पर अमिताभ कांत की सिफारिश की शर्तो को लेकर थी। जिसे प्राधिकरण में लागू किया जा चुका है। 29 सितम्बर तक कुल 57 बिल्डर परियोजनाओं में से 35 बिल्डर परियोजनओं ने इस आदेश का लाभ लिया। 25 प्रतिशत राशि के सापेक्ष इन बिल्डरों ने 528.13 करोड़ जमा कराए। छह बिल्डर ऐसे है जिन्होंने पूरा जमा करा दिया। 13 ऐसे 25 प्रतिशत के सापेक्ष आंशिक धनराशि करीब 28.60 करोड़ जमा कराई।

इन पैसों से करीब 5758 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो सकती है। जिसमें से अब तक 3724 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो गई है। बोर्ड ने निर्णय लिया कि ऐसे 10 बिल्डर परियोजनाएं जिनकी की ओर से सहमति के बाद भी बकाया नहीं दिया गया। 13 ने आंशिक पैसा जमा किया। वहीं 35 जिन्होंने 25 प्रतिशत के अलावा पैसा जमा नहीं किया गया। जबकि इन 35 को और पैसा जमा करने के लिए प्राधिकरण की ओर से नोटिस और समय दोनों दिया गया। प्राधिकरण की बोर्ड इसे शासनादेश के प्रतिकूल मानती है। साथ ही निर्णय लिया गया कि शासनादेश के तहत दिए जाने वाले लाभ की तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी और बकाएदारों की वसूली प्राधिकरण नियम से होगी।

**चाणक्य साफ्टवेयर रखेगा वित्तीय नजर**

नोएडा प्राधिकरण में प्रहरी साफ्टर वेयर के साथ एक चाणक्य साफ्टवेयर भी लान्च किया जा रहा है। ये सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग, कॉन्ट्रैक्ट, कॉन्ट्रैक्टर मैनेजमेंट, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग एवं भुगतान का पूरा विवरण ऑनलाइन रखेगा। प्राधिकरण की ओर से परियोजना का बजट तैयार कर उसे शुरू करने से लेकर अंतिम रूप दिए जाने का पूरा ब्यौरा, जिसमें ठेकेदार को भुगतान किये जाने तक का पूरा विवरण ऑनलाइन मिल सकेगा।

ऐसे भूखंड आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड जिन पर 12 साल अधिकतम टाइम एक्सटेंशन के बाद भी निर्माण नहीं किया गया है। भूखंड खाली है इनको निरस्तर करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे करीब 10 भूखंडों की सूची प्राधिकरण के वर्क सर्किल की ओर से दी गई है। जबकि 9 ऐसे भूखंड है जिन पर आंशिक निर्माण किया गया है या वो निर्माणाधीन है। ऐसे भूखंडों पर आवंटी को निर्माण पूरा कर अधिभोग प्रमाण पत्र लेने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इसके बाद किसी प्रकार का समय नहीं दिया जाएगा।

**300 टीडीपी का बनेगा प्लांट**

नोएडा में वर्तमान में 1000 टीडीपी कूड़ा निकल रहा है। भविष्य में 1200 से लेकर 1500 टीडीपी कूड़ा होगा। प्राधिकरण का एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड कुल 600 टीडीपी के निपटारे का एग्रीमेंट है। प्लांट लागने का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा डिसेंट्रलाइजड इंटीग्रेटड म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट 40 टीडीपी के 6 यानी 240 टीडीपी लगाए जाएंगे। अब प्राधिकरण प्राधिकरण 300 टीडीपी का एक नया इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और लगाने जा रहा है। जिसकी क्षमता को बढ़ाकर 500 की जा सकती है। यहां एक ही स्थान पर गीले और सूखे कूड़े का निवारण हो जाएगा। इसे सेक्टर-145 में 19.5 एकड़ या अस्तौली में 16.66 एकड़ में लगाया जा सकता है।

**4 एसटीपी की होगी रेट्रोफिटिंग, 87 करोड़ होंगे खर्च**

NGT एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में शोधित जल की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए चार एसटीपी जिसमें 25 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-50, 33 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-54, 35 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-123 और 50 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-168 के सीवेज संशोधन संयंत्रों की रेट्रोफिंटिंग कार्य किया जाएंगे। इसके लिए करीब 87.6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**24 ड्रेनों में प्रदूषण स्तर होगा कम**

नोएडा में 24 ड्रेनों में प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए एफबीएस (Fi&ed Bed Biofilm Activated Sludge) की तकनीक पर शोधन प्रक्रिया की जाएगी। यह पद्धति CPHEEO manual में भी शामिल है। क्षेत्र में स्थापित 24 ड्रेनों में नीरी द्वारा 11 ड्रेन पर एसटीपी के निर्माण के लिए सीपीसीबी से राय लिया जाएगा। मंजूरी मिलने पर इस कार्य को समय से पूरा कराया जाएगा।

**जल्द लांच की जाएगी योजना**

यूनीफाइड रेगूलेशन 2025 को शामिल करते हुए प्राधिकरण के संस्थागत विभाग की ओर से कॉलेज, सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल व नर्सिंग होम के लिए भूखंडों की योजना जल्द लाई जाएगी। इसके लिए ब्रोशर को पास कर दिया गया है।

## 12 साल से खाली भूखंडों का आवंटन होगा रद्द

■ वर्क सर्किल ने सौंपी 10 भूखंडों की सूची
■ नोएडा बोर्ड ने लिया निर्णय, बाकी पर आंशिक निर्माण

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड जिन पर 12 साल अधिकतम टाइम एक्सटेंशन के बाद भी निर्माण नहीं किया गया है। भूखंड खाली है इनको निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे करीब 10 भूखंडों की सूची प्राधिकरण के वर्क सर्किल की ओर से दी गई है।

जबकि 9 ऐसे भूखंड है जिन पर आंशिक निर्माण किया गया है या वो निर्माणाधीन है। ऐसे भूखंडों पर आवंटी को निर्माण पूरा कर अधिभोग प्रमाण पत्र लेने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इसके बाद किसी प्रकार का समय नहीं दिया जाएगा।

**प्राधिकरण ने दो प्रकार से दिया लाभ**

**प्रतिसाल एक प्रतिशत की दर से मिलना था समय विस्तार :** दरअसल, प्राधिकरण की 205वीं बोर्ड में आवसीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड में निर्धारित समय में निर्माण पूरा नहीं कराने पर लीज डीड की शर्त के अनुसार टाइम एक्सटेंशन पहले साल के लिए आवंटन दर का एक प्रतिशत, दूसरे साल के लिए 2, तीसरे के लिए 3, चौथे साल के लिए 4 प्रतिशत इसी तरह 10 साल अतिरिक्त समय के लिए कुल आवंटन दर का 10 प्रतिशत देने का नियम था। इसके बाद भी आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया।

**खाली पड़े भूखंड :** एम-40/66, एम-41/66, बीएस-149/70, एसके-31/112, डी-18/52, डी-19/52, सी-180/49, ई-98/22/50, डी169/39/50,डी166/14/50।

**जिन पर किया गया निर्माण :** बीएच-26/70, जीटी-33/70, एसके-129/112, डी-169/17 सेक्टर-50, सी-78/52, बीआर -20/45, सी-40/14, 01/जीएच-3/105।

### तीन महीने का दिया गया अतिरिक्त समय

ऐसे में 208वीं बोर्ड में आंशिक संसोधन करते हुए नियमों में बदलाव किया गया और आवंटी को स्पष्ट कहा कि 12 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी जिन आवंटियों ने अधिभोग प्रमाण पत्र नहीं लिया है। उनको 31 मार्च 2023 तक का समय दिया जाता है। इस समय सीमा का लाभ भी कई आवंटियो ने नहीं लिया। न तो निर्माण करवाया और न अधिभोग प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राधिकरण ने एक बार पुर से 214वीं बोर्ड में तीन महीने का एक्टेशन देते हुए अंतिम अवसर दिया। इसके बाद भी आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया।

ऐसे में प्राधिकरण स्पष्ट कहा कि खाली भूखंडों का आवंटन निरस्त किया जाए। साथ ही जिनके भूखंडों पर निर्माण हो रहा है उन्हे छह महीने में निर्माण कर अधिभोग प्रमाण पत्र हासिल करना होगा।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 : फिट युवा फॉर विकसित भारत का भव्य शुभारंभ



**बुलंदशहर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 14 लोकसभा क्षेत्र बुलंदशहर में सांसद खेल महोत्सव 2025 (फिट युवा फॉर विकसित भारत) का शुभारंभ आज यमुना पुरम स्टेडियम बुलंदशहर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. भोला सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी बुलंदशहर श्रुति सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, नगर पालिका बुलंदशहर अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, नगर पालिका शिकारपुर अध्यक्ष राजबाला सैनी ब्लॉक प्रमुख गण मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संजय गुर्जर ने किया। मुख्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ा कर शुभारंभ खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और विभिन्न खेलों- एथलेटिक्स (दौड़) वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, जूडो कराटे, क्रिकेट, बैडमिंटन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. भोला सिंह ने बताया प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया मूवमेंट और विकसित भारत की जो परिकल्पना रखी है, सांसद खेल महोत्सव उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। यह प्रतियोगिताएं : प्रथम चरण - अक्टूबर से 30 नवम्बर तक ग्राम एवं न्याय पंचायत स्तर पर। द्वितीय चरण : 1 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक विधानसभा स्तर पर। तृतीय चरण : 24 व 25 दिसम्बर को लोकसभा स्तर पर दो दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष बाल्मीकि, भावदोष गुर्जर, शंभू सिंह राघव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया, अजय कुमार एवं सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 लोस पर विस एवं ब्लाकों पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करने वाली टीम मौजूद रहे।

## मेले में एक दिन में बिछड़े छह नाबालिग बच्चों को परिजनों से मिलाया

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा के मौके पर गुरुवार को नोएडा स्टेडियम समेत अन्य जगहों पर लगने वाले मेलों में भारी भीड़ रही। सेक्टर-21ए में आयोजित मेले में अलग-अलग उम्र के छह नाबालिग बच्चे परिजनों से बिछड़ गए। पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने कुछ ही घंटे में बच्चों को परिजनों से मिला दिया। पूरी कार्रवाई मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत की गई।

पुलिस ने जिन बच्चों को परिजनों से मिलाया उनमें चौड़ा गांव निवासी 16 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी, मोरना निवासी दस वर्षीय हर्ष, सेक्टर-35 निवासी आठ वर्षीय सोनाक्षी, बरौला निवासी छह वर्षीय फवाद, सेक्टर-115 निवासी 13 वर्षीय परी और सेक्टर-18 निवासी तीन वर्षीय शिवम यादव शामिल रहे। परिजनों से बिछड़े बच्चे पुलिस को अपना नाम पता सही से नहीं बता पा रहे थे। बच्चों को नोएडा स्टेडियम में ही बनी मेला पुलिस चौकी पर लाया गया और उनको घर जैसा सुरक्षित माहौल प्रदान किया गया। सांत्वना देकर उनकी काउंसलिंग की गई। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए महिला उपनिरीक्षक एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर बच्चों के परिजनों को मेले/रामलीला में तलाश किया गया। पुलिस द्वारा किए गए प्रयास व समन्वय के बाद बच्चों के परिजनों का पता लगाकर उनको सूचना देकर बुलाया गया। बच्चों को सकुशल उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। बच्चों के परिजनों की भी काउंसलिंग कर उन्हें समझाया गया कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने परिवार के हर छोटे एवं बड़े सदस्य पर विशेष ध्यान दें।

## शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जुमे की नमाज

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बरेली प्रकरण के बाद जुमे की नमाज को लेकर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की पुलिस शुक्रवार को अलर्ट रही। पुलिसबल के मौजूदगी में जिले में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज संपन्न कराई गई। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया। सेक्टर आठ स्थित जामा मस्जिद में करीब 20 हजार लोगों ने नमाज अदा की। इस दौरान डीसीपी नोएडा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि जुमे की नमाज को पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के बीच सकुशल संपन्न कराया। एहतियातन गुरुवार रात से ही क्षेत्र में गश्त एवं तलाशी अभियान तेज कर दिया गया



था। यही वजह रही कि शुक्रवार की सुबह मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से निपट गई। इस दौरान मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पीएसी पुलिस बल तैनात रहे। बरेली विवाद को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। तीनों जोन में पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आला पुलिस अधिकारी भी फोन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले में दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सादे कपड़े में भी पुलिसकर्मी विभिन्न जगहों पर तैनात रहे। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती रही। एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने फेज दो व सेक्टर 63 थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। स्थानीय लोगों से वार्ता कर समस्या व सुझावों को भी सुना। ग्रेटर नोएडा जोन में भी सुबह से ही पुलिस अलर्ट रही। पुलिस कमिश्नर समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों से हर उत्सव को भाईचारे की अपील की थी।

## नई पहल : आधुनिक तकनीकी से लैस रोबोट का शुभारंभ

■ वार्ड 56 अवंतिका में सबसे पहले की गई रोबोट से सीवर मेन हॉल की सफाई
■ रोबोट के माध्यम से 35 फीट गहरी लाइन की हो सकती है सरलता से सफाई



**बैंडीकूट रोबोट के माध्यम से हानिकारक गैस से होगा बचाव, कार्य करने वाली टीम को रहेगी आसानी : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम लगातार आधुनिक तकनीकी की ओर अग्रसर हो रहा है इसी क्रम में रोबोट के माध्यम से सीवर मैनहोल की सफाई का कार्य भी प्रारंभ कराया गया है, जिसकी शुरुआत वार्ड संख्या 56 अवंतिका में हुई, पार्षद मनोज त्यागी द्वारा आधुनिक तकनीकी से लैस रोबोट की शुरुआत पर महापौर तथा नगरआयुक्त का धन्यवाद किया गया, क्षेत्रीय निवासियों के सामने रोबोट के माध्यम से सीवर मैंन हाल की सफाई बहुत ही सरल और रफ्तार से हुई जिस पर गाजियाबाद नगर निगम का अच्छी पहल के लिए धन्यवाद किया गया।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से जनहित में कार्य करने के लिए मजबूती प्रदान की जा रही है, निगम की कार्यदाई संस्था वी ए टेक वाबैग लिमिटेड के द्वारा सीवर समस्याओं के समाधान के लिए रोबोट की शुरुआत कराई गई है, जिससे पांचो जोन अंतर्गत जनहित में तेजी से कार्य होगा शहरवासियों को राहत मिलेगी, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि बैंडीकूट रोबोट के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले वार्डों में सीवर सफाई का कार्य सुविधाजनक रहेगा रोबोट में कैमरा स्क्रीन लगी हुई है जिसके द्वारा 35 फीट गहरी लाइन की स्थिति कैमरे पर देखी जा सकती है, 35 फीट लंबी लाइन की सफाई करने वाला पहला रोबोट है, जिसमें हानिकारक गैस का पता करने के लिए सेंसर भी लगे हुए हैं जिसके माध्यम से मेथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, अमोनिया, नाइट्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड गैस की जानकारी सेंसर के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी रोबोट के माध्यम से शहर वासियों को भी लाभ होगा।

वार्ड संख्या 56 अवंतिका के अंतर्गत होली चौक पर सीवर मैंन हाल की सफाई रोबोट के माध्यम से हुई मौके पर क्षेत्रीय परिषद द्वारा महापौर नगर आयुक्त ने क्षेत्रवासियों को भी नगर निगम की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया, पार्षद द्वारा बताया गया रोबोट के माध्यम से कम समय में सफाई हुई साथ ही जहरीली गैसों से बचाव के लिए रोबोट में लगे हुए सेंसर का इस्तेमाल भी हुआ, रोबोट के माध्यम से मैंन हॉल की सफाई को कैमरा स्क्रीन पर भी देखा गया, रोबोट पूर्ण रूप से सुविधाजनक रहेगा, महापौर तथा नगर आयुक्त का क्षेत्रीय पार्षद द्वारा धन्यवाद किया गया।

## अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर



■ शराब की दो अवैध दुकानें सील

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन में अवैध निर्माण पर चला। जिसमें कई अवैध निर्माण ढहा दिए गए। साथी ही शराब की दो दुकानें भी सील कर दी गई। इन्दिरापुरम प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के अंतर्गत जूडियो शोरूम एवं वीवीआईपी मॉल के निकट फुटपाथ एवं सड़क के भाग को अतिक्रमण करते हुए निर्माण कर पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था।

फुटपाथ एवं सड़क के हिस्से में पार्किंग के संचालन से अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती थीं। फुटपाथ और सड़क के हिस्से में अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अतिरिक्त 24, 30 और 40 मीटर चौड़ी सड़कों पर अस्थाई दुकानों तथा पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। राजनगर रेजीडेंसी के सामने एगिंल के सहारे रेस्टोरेंट व दुकानें संचालित करते हुए किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इसी लाइन में संचालित शराब की दुकान को सील किया गया। राजनगर एक्सटेंशन की 45 मीटर चौडी रोड पर एंगिल एवं गर्डर के सहारे अशोक चौधरी द्वारा लगभग 400 वर्ग मीटर में संचालित शराब की दुकान को सील किया गया। कार्रवाई के दौरान लोगों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, इसलिए लोगों से अपील की गई कि अवैध निर्माण को खुद से हटा ले।

उवाच "

निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में दीपक कुमार ने एयरपोर्ट के निर्माण की अगली चरण की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी को संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने और किसी भी देरी से बचने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया : **दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।**

# कैपिटल ज़ोन

नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण को लेकर अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने किया दौरा, कहा

## निर्माण कार्यों को जल्द दें अंतिम रूप

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार नागरिक उड्डयन ने शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण स्थल का दौरा कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को प्रोजेक्ट को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एयरपोर्ट का 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन संभावित है। उद्घाटन को लेकर एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी के मद्देनजर दीपक कुमार ने निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी पहलुओं और बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से प्रोजेक्ट की समयसीमा का सख्ती से पालन करने को कहा ताकि यह महत्वाकांक्षी परियोजना जल्द से जल्द जनता के लिए उपलब्ध हो सके। इस दौरान यमुना प्राधिकरण व नियाल के सीईओ राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मेघा रूपम, नियाल के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया, यमुना इंटरनेशनरल एयरपोर्ट लिमिटेड व विकासकर्ता एजेंसी टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारी मौजूद थे।



■ **निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण से न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। अपर मुख्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि परियोजना के पूरा होने से रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान दीपक कुमार ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में दीपक कुमार ने एयरपोर्ट के निर्माण की अगली चरण की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी को संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने और किसी भी देरी से बचने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उप्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है, जिसे अक्टूबर के अंत तक पूर्ण होने की उम्मीद है। यह परियोजना क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर जोड़ने और उत्तर भारत में हवाई यातायात के दबाव को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## देश व पूरी दुनिया के यात्री को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराएगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर शुक्रवार नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के सपने को साकार करने में यह एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह न केवल प्रदेश के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का प्रतीक बनकर उभरेगा और एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।



उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे।

यह एयरपोर्ट केवल एक हवाई यात्रा का केंद्र नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के लिए वैश्विक पहचान का प्रतीक और प्रधानमंत्री के 'नए भारत' के विजन को साकार करने में अहम योगदान देने वाला एक मील का पत्थर होगा। बैठक के बाद जेवर विधायक ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक तकनीक, उच्चस्तरीय सुरक्षा और ग्रीन पर्यावरण के साथ यह एयरपोर्ट देश और पूरी दुनिया के पैसेंजर्स को नई सुविधा व नया अनुभव देगा।

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट न केवल प्रदेश के लिए, बल्कि देश के लिए गौरव का प्रतीक बनकर उभरेगा और एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा : धीरेंद्र सिंह**

जेवर विधायक ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट देश और पूरी दुनिया के यात्रियों को नई सुविधा तथा उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा।

अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल सुविधाएं और पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन इसे सिर्फ एक हवाई यात्रा केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार, निवेश और औद्योगिक विकास के नए अवसरों का केंद्र भी बनाएगा।

## भीख मांगने वालों के जीवन में बदलाव लाएगी सरकार की नई योजना

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिक्षावृत्ति करने वाले लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए सरकार ने एक बड़ी पहल की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही स्माइल योजना अब जिले में भी लागू की जा रही है। जिससे लोग मंदिरों, चौराहों या सड़कों पर भीख मांगकर गुजर-बसर करते हैं, उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर दिया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि इसके लिए पंजीकृत सामाजिक संस्थाओं और संगठनों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इस योजना के तहत संस्थाएं भिक्षुओं को प्रशिक्षण, काम और सम्मानजनक जीवन जीने की राह दिखाएंगी। लेकिन आवेदन वहीं संस्थाएं कर सकती हैं जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत हों।

■ **भिक्षुओं के लिए नई राह, स्माइल योजना से मिलेगी मदद**
■ **भिक्षुओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल**

जो भी संस्थाएं इस योजना का हिस्सा बनना चाहती हैं, उनके लिए जरूरी है कि वे सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत हों। बिना पंजीकरण के संस्था आवेदन नहीं कर सकती। योजना से जुड़ने वाले लोग अपने प्रस्ताव के साथ जरूरी कागजात और प्रमाणपत्र तैयार करके 15 अक्टूबर तक जमा करें, इसके लिए अंतिम समय शाम 5 बजे तय किया गया है। सभी दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में रखकर विकास भवन में जमा करने होंगे। इसके अलावा लिफाफा सीधे दफ्तर जाकर भी जमा कर सकती है या फिर पंजीकृत डाक के माध्यम से भी भेज सकती है। समाज कल्याण के अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया इसलिए रखी गई है ताकि सही और पंजीकृत संस्थाएं ही योजना का हिस्सा बनें। इस तरह चुनी गई संस्थाएं भिक्षुओं के पुनर्वास और उन्हें रोजगार दिलाने का कार्य आगे बढ़ा सकेंगी। इससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

## गांवों को जोड़ने वाली सड़कों का होगा कायाकल्प

■ **10 करोड़ की लागत से शुरू होगा विकास कार्य**
■ **जल्द शुरू होगा सड़कों का नवीनीकरण, जल निकासी के लिए बनेगी नाली**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों को जोड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त करने का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। प्रथम चरण में चार प्रमुख सड़कों के विकास के लिए निविदा जारी कर दी गई है। इन सड़कों को न केवल चमकाया जाएगा, बल्कि जरूरी स्थानों पर चौड़ा करने के साथ-साथ जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।

### खस्ताहाल सड़कों से मिलेगी मुक्ति

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा वर्षों पहले बनाई गईं ज्यादातर सड़कें अब खस्ताहाल हो चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़कों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण अपनी शिकायतें प्राधिकरण के पास लाते हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए प्राधिकरण ने इन सड़कों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी ली है। सर्वेक्षण के बाद उन संपर्क मार्गों को चिन्हित किया गया है, जिनका नवीनीकरण जरूरी है।

### निविदा प्रक्रिया पूरी, जल्द दिखेगा बदलाव

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, सड़कों के विकास कार्य से संबंधित निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। डेढ़ से दो महीने में निविदा प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सड़कों को चमकाने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

### प्रथम चरण में इन सड़कों का होगा विकास

- ❖ कुलीपुरा से पंचायतन और जुनैदपुर की मढैया सहित चार सड़कों पर होगा काम
- ❖ प्रथम चरण में चार प्रमुख सड़कों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया जाएगा।
- ❖ कुलीपुरा से पंचायतन - 300 मीटर लंबी इस सड़क को दुरुस्त करने के साथ दोनों तरफ आरसीसी नाली का निर्माण होगा।
- ❖ सिकंद्राबाद-दनकौर मार्ग से जुनैदपुर की मढैया : लगभग 3 किलोमीटर लंबी इस सड़क को चौड़ा किया जाएगा और जल निकासी के लिए नाली बनाई जाएगी।
- ❖ मंडी श्यामनगर से अस्तौली फाटक वाया देवटा : इस मार्ग पर सीसी सड़क के साथ नाली का निर्माण किया जाएगा। अन्य चिन्हित सड़कें : सर्वेक्षण के आधार पर चयनित अन्य सड़कों का भी नवीनीकरण होगा। डेढ़ से दो माह में काम शुरू हो जाएगा।

### ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

इस परियोजना के पूरा होने से ग्रेटर नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़कों के चौड़ीकरण और नालियों के निर्माण से न केवल आवागमन सुविधाजनक होगा, बल्कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या भी कम होगी। प्राधिकरण का यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## नौवें इंडिया इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल में माल्टा के कांतेरा बैंड ने बिखेरा जादू

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा का परिसर संगीत और उत्सव की धुनों से गूंज उठा जब 9वां इंडिया इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के सहयोग से किया गया। इस अवसर का मुख्य आकर्षण था माल्टा के विख्यात कांतेरा म्यूजिक बैंड का मनमोहक प्रदर्शन, जिसने सभी का दिल जीत लिया। इस भव्य आयोजन में भारत में माल्टा के राजदूत, महामहिम रुबेन गौसी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने बैंड के साथ मिलकर गानों और धुनों पर जमकर नृत्य किया और आनंद लिया। कांतेरा के ऊर्जावान संगीत और शानदार प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह और सांस्कृतिक सौहार्द से भर दिया। इस अवसर पर जी.एल. बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि जी.एल. बजाज में हम अपने विद्यार्थियों को वैश्विक एक्सपोजर देने में विश्वास रखते हैं। माल्टा के कांतेरा बैंड की मेजबानी ने न केवल छात्रों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया कि कला, एकता और सांस्कृतिक विविधता का महत्व कितना गहरा है। हमारे विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि वे खुले दिल से विश्व को अपनाने के लिए तत्पर हैं।



## कक्षा 11वीं का छात्र लापता, पुलिस व परिजन कर रहे तलाश

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर म्यू वन से 11वीं कक्षा का छात्र अनिकेत संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। छात्र 30 सितम्बर को दोपहर के समय बिना किसी को बताए घर से बाहर गया था और तब से उसका कोई पता नहीं चल सका है। छात्र का मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे परिजन की चिंता और बढ़ गई है। अनिकेत के पिता मनोज विधूड़ी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 15 वर्षीय है और वह आर्यवृत पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। परिजन ने उसे आसपास के इलाके में काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर उन्होंने दादरी कोतवाली पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि टीम इलाके में पड़ोसियों और आसपास के स्कूलों से जानकारी जुटा रही है ताकि अनिकेत का सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही छात्र को सकुशल बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

## ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए समझौता

■ **आईआईएमटी कॉलेज और बॉटलैब डायनैमिक्स के साथ मिलकर छात्रों को नई तकनीकी से जोड़ने की पहल**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवाचार और कौशल विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए आईआईएमटी कॉलेज समूह ने बॉटलैब डायनैमिक्स के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते के दौरान कॉलेज समूह के एमडी डॉ. मयंक अग्रवाल और बॉटलैब डायनैमिक्स के सीईओ तन्मय बंकर मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि यह साझेदारी छात्रों को नई तकनीकों से जोड़ने और उन्हें उद्योग की मांगों के अनुरूप तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगी। हमारा लक्ष्य ऐसे प्रोफेशनल तैयार करना है, जो भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का नेतृत्व कर सकें। वहीं बॉटलैब डायनैमिक्स के सीईओ तन्मय बंकर ने कहा कि एमओयू के तहत परिसर में शीघ्र ही ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जहां छात्र अत्याधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे। इस मौके पर कॉलेज समूह के डायरेक्टर जनरल डॉ. अंकुर जौहरी, इंजीनियरिंग के डायरेक्टर डॉ. चेतन खेमराज, डीन डॉ. सीमा नायक, और सीएसई के डीन डॉ. महेंद्र शर्मा सहित सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



## यमुना एक्सप्रेस वे पर थार-क्रेटा से स्टंट, जांच में जुटी पुलिस

■ **थार-क्रेटा से स्टंट का वीडियो वायरल**
■ **इंस्टाग्राम रील बनाने के चक्कर में जोखिम**
■ **स्टंट करने वाले चार लोगों की पुलिस ने की पहचान, 69,500 का काटा चालान**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे के समीप गलगोटिया विश्वविद्यालय अंडरपास के नीचे कुछ युवकों ने थार और क्रेटा कार से स्टंट किया। आरोपितों ने स्टंट का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों कारें गोल घेरा बनाकर लगातार चक्कर काट रही हैं और सड़क पर करीब छह अन्य गाड़ियां खड़ी हैं। वहीं, कुछ युवक गाड़ियों पर चढ़कर स्टंट करते हुए वीडियो बना रहे थे। इस अंडरपास के नीचे अक्सर इस तरह के स्टंट किए जाते हैं। इससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्टंट के दौरान आसपास खड़ी गाड़ियों और राहगीरों की सुरक्षा में बाधा आ रही थी। पुलिस ने इस वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपितों की पहचान शुरू कर दी है। अभी तक 4 आरोपी की पहचान कर 69,500 रुपए का चालान किया गया है। बाकी गाड़ियों और आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जो भी इस तरह के स्टंट करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवा सोशल मीडिया पर लोकप्रिय रील बनाने के लिए अक्सर इस तरह के खतरनाक स्टंट करते हैं। कुछ दिन पहले भी कार स्टंट का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। लेकिन इसके बावजूद शहर में कई युवा यातायात नियमों को नजरअंदाज कर स्टंट करते हैं। एक्सप्रेस वे और अंडरपास पर ऐसी गतिविधियों से न केवल सामान्य यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है। पुलिस अब इस मामले में संबंधित सभी गाड़ियों और युवकों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया जागरूक



■ **पोषण चैंपियंस से गांव में स्वास्थ्य और जागरूकता**
■ **पुरुषों के सहयोग से महिलाएं परिवार और समाज में आगे**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिशन शक्ति 5.0 के तहत बाल विकास परियोजना कार्यालय दनकौर में ड्राइविंग माइ ड्रीम और पोषण चैंपियंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या सोनी ने किया।


कार्यक्रम इस मौके पर मुख्य सेविका ममता तिवारी, पूनम रावत और किरण भारती ने आंगनबाड़ी में काम करने वाली महिला से बातचीत की। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी ड्राइविंग सीखकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं को नए अवसरों से जोड़ने का एक प्रयास है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों साधना, मोनिका, संगीता और अंजना ने भी कार्यक्रम में उत्साह दिखाया और कहा कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए इस योजना का हिस्सा बनना चाहती हैं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पोषण चैपियंस पर भी चर्चा हुई। इसमें समझाया गया कि सही खानपान और पोषण से ही स्वस्थ परिवार और मजबूत समाज का निर्माण संभव है।

इसके अलावा पुरुषों की भागीदारी पर भी जोर दिया, ताकि महिलाएं अकेली न रहकर परिवार और समाज दोनों के सहयोग से आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे महिलाओं और बच्चों दोनों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ाना, पोषण के महत्व को समझाना और समाज को स्वास्थ्य की दिशा में जागरूक करना था।

## हत्या की आशंका पर युवक का कब्र से निकाला गया शव

**दनकौर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव निवासी एक युवक की करीब एक महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला गहरा गया है। परिजनों की हत्या की आशंका पर शुक्रवार को शहजाद का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 23 वर्षीय शहजाद का शव 3 सितम्बर को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर मिला था। जिसे तब परिजनों ने सड़क हादसा मानकर बिना पोस्टमॉर्टम के ही दफना दिया था। कुछ दिनों बाद परिजनों को संदेह हुआ कि शहजाद की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या थी। उन्होंने पुलिस से शव का पोस्टमॉर्टम कराने की गुहार लगाई थी। मृतक के पिता शमशेर सिंह ने आरोप लगाया है कि अगस्त महीने में दनकौर में लगे मेले के दौरान हुए विवाद के चलते पड़ोसी गांव के कुछ युवकों ने रंजिशन शहजाद की हत्या कर दी थी। उनका दावा है कि हत्या के बाद शव को एक्सप्रेस वे पर फेंक दिया गया। ताकि इसे सड़क दुर्घटना का रूप दिया जा सके। करीब 20 दिनों तक अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद पुलिस ने परिजनों की मांग पर संज्ञान लिया।





शुक्रवार को एसडीएम न्यायिक जेवर दुर्गेश कुमार और दनकौर कोतवाली के एसएसआई सोहनपाल सिंह मौजूदगी में पुलिस में शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट न०-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जी०1 आवासीय योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-जी-824, क्षेत्रफल-60 वर्ग०मी० सैक्टर-गामा-02, आवंटन संख्या-जी0115121, SH. HARI DATT S/O SH. KESHAV DATT के नाम आवंटित है। आवंटी SH. HARI DATT S/O SH. KESHAV DATT की मृत्यु दिनांक 03.01.2025 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनकी पत्नी SMT. RADHIKA WO LATE SH. HARI DATT R/O.- H.NO-824, BLOCK-G, SECTOR-GAMMA-02, GR. NOIDA, DISTT-G.B.NAGAR. U.P. द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय ने दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड का नामांतरण आवंटी SH. HARI DATT S/O SH. KESHAV DATT के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनकी पत्नी SMT. RADHIKA W/O LATE SH. HARI DATT R/O.-H.NO-824, BLOCK-G, SECTOR-GAMMA-02, GR. NOIDA, DISTT-G.B.NAGAR. U.P. के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 0402, 4th Floor, Tower-16, Area-163.60 Sqm., Unitech Horizon, Sector-Pi-02, Greater Noida जो कि Mrs. Shipra Banerjee & Sh. Shyam Sunder Banerjee निवासी Flat No. 0402, 4th Floor, Tower-16, Unitech Horizon, Sector-Pi-02, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-26.08.2014 को पंजीकृत है। Mrs. Shipra Banerjee & Sh. Shyam Sunder Banerjee की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र एवं पुत्री Mr. Sumeet Banerjee & Mrs. Soma Mukherjee ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Sumeet Banerjee S/o Late Sh. Shyam Sunder Banerjee & Mrs. Soma Mukherjee D/o Late Sh. Shyam Sunder Banerjee का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# अभिमत

**हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं।**

## बाढ़ की समस्या का मुकाबला कैसे करें?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पिछले दिनों देश के कई कोनों से लगातार बाढ़ से तबाही की खबरें आई हैं। अब यह समस्या स्थायी सी हो गई है। हर साल बाढ़ आती है, तबाही की खबरें आती हैं, लेकिन उसके बारे में पूर्व तैयारी नहीं होती। एक समग्र सोच का अभाव सभी जगह दिखाई देता है। आज बाढ़ पर थोड़ी चर्चा करना उचित होगा, जिससे इसे समग्रता में देख सकें। इसके समाधानों के बारे में सोच सकें।

हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि पहले भी बाढ़ आती थी लेकिन वह इतने व्यापक कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए पूरी तरह लोग व गांव तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था। खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी मिलती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिये पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी। पर यह बाढ़ तबाही मचाती है।

हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। वे स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और इधर-उधर बह जाएगा, और बर्बादी करेगा। और यही हो रहा है।

यह भी देखा जा रहा है कि पहले नदियों के आस-पास बहुत पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, दूब और घास होती थी, उनमें पानी थम जाता था। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जमीन का उपयोग किसी और कामों के लिए होने लगा है। यानी इसमें कमी आ गई है।

एक और कारण है- लगातार बढ़ता शहरीकरण और विकास कार्य भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती है।

इसी प्रकार वेटलैंड (जलभूमि) की जमीन पर भी अन्य गतिविधियां होने लगी हैं। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान, हाईवे और सड़कें हैं। जैसे कुछ सालों पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां मीठी नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे बड़े पैमाने पर रेत खनन। रेत पानी को स्पंज की तरह जज्ब करके रखती है। रेत खनन किया जा रहा है। रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कैसे रुकेगा, नदी कैसे बहेगी, कैसे बचेगी। अगर रेत रहेगी तो नदी रहेगी। लेकिन जैसे ही बारिश ज्यादा होती है, वेग से पानी बहता है, उसे ठहरने की कोई जगह नहीं रहती।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है। नदियां बांध दी जाती हैं। लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है।

**कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है। नदियां बांध दी जाती हैं। लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है। मौसम बदलाव भी एक कारण है।**

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन-भादो में लंबे समय तक झड़ी लगी रहती थी। यह पानी फसलों के लिये और भूजल पुनर्भरण के लिये बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाता है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

बीज बचाओ आंदोलन व चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे विजय जड़धारी बताते हैं कि आजकल उत्तराखंड की पहचान अतिवृष्टि और तबाही से बन रही है लेकिन यदि 50-100 साल पहले की बात करें तो यहां इससे भी ज्यादा बारिश होती थी, सावन के महीने को अंधियारा महीना कहते थे, तब सावन के महीना दिन में सूरज के दर्शन नहीं होते थे। न रात में तारे दिखते थे, चौमासा यानी चार महीने बारिश के लिए थे। लेकिन तब कहीं प्राकृतिक आपदाएं नहीं होती थीं। बादल फटना शब्द कहीं नहीं था। न भू स्खलन होता था। उच्च हिमालय से इक्का-दुक्का घटनाएं हुई हैं। लेकिन आज चारों ओर तबाही ही तबाही हो रही है और प्रकृति को दोष दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हिमालय दुनिया की छत है। हिमालय पर हो रही आपदाएं प्राकृतिक नहीं है, यह मानव निर्मित है। हिमालय कोई सामान्य पहाड़ नहीं है, हिमालय और गंगा हमारी सभ्यता व संस्कृति का आधार है इसीलिए हमारे ऋषि मुनियों ने उत्तराखंड हिमालय को देवभूमि कहा है।

इसके अलावा पानी के परम्परागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रुकता है। हर गांव में तालाब थे। आज भी छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तालाब की पानीदार परंपराएं हैं, जिनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। यह तालाब गांव के लोगों ने बनाए और बचाए हैं।

कुछ समय पहले मैं राजस्थान गया था। और वहां कुछ जिलों में घूमा, और देखा कि वहां सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं। आज भी स्थानीय लोग उनका पानी पीते हैं। उन्होंने उनकी सार-संभाल की है। और आज भी कर रहे हैं।

लेकिन आज हम इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परम्पराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। पर्यावरण, जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**27 सितम्बर**
- वायुसेना से लड़ाकू विमान मिग-21 को विदाई दी गई।
- डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ।
- शेनचोऊ-20 अंतरिक्ष यात्री दल ने अपनी चौथी बाध्यान गतिविधि को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।
- लद्दाख में पर्यावरण विद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद हालात नाजुक।

**28 सितम्बर**
- तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ होने से 40 लोगों की मौत हो गई।
- वरिष्ठ पत्रकार और द स्टेटसमैन के पूर्व संपादक एम एल कोटरू का निधन हो गया।
- बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परमिंदर सिंह पिंडी को यूएई से भारत लाया गया।
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हुए।

**29 सितम्बर**
- विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की सदस्यता की दावेदारी की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर नौ मिनट में रेबीज से एक इंसान की मौत होती है।
- इरान पर संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रतिबंध फिर से लागू हो गए। जो ईरान के परमाणु संवर्धन पर प्रतिबंध है।
- एलओसी पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करने वाले जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आंतकी मारे गए।

**30 सितम्बर**
- जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 6 लोगों की हत्या का आरोपी है।
- केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ।
- केन्द्र सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया।
- गुयाना में भारतीय उच्चायोग ने विकसित भारत दौड़ आयोजित कर वैश्विक शांति का दिया संदेश।

**1 अक्टूबर**
- आरबीआई ने नए दिशा निर्देश जारी कर कहा कि स्मॉल बिजनेस को कर्ज नियमों में छूट दी जाएगी।
- पाकिस्तान के क्वेटा में बम धमाके से दस लोगों की मौत हो गई।
- जम्मू कश्मीर में कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने केन्द्र सरकार से बातचीत पर इंकार कर दिया।
- राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है।

**2 अक्टूबर**
- केन्द्र सरकार ने गेहूं सहित 6 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी किया।
- एम-3 एम हुरून इंडिया रिच लिस्ट 2025 के अनुसार भारत में तेजी से बढ़ रही हैं अरबपतियों की संख्या। 1687 करोड़पतियों में 1000 करोड़ से अधिक संपत्ति।
- भारत-रूस की अहम बैठक अफगानिस्तान और पाकिस्तान मुद्दे पर वार्ता हुई।
- आरबीआई का रेपोरेट पूर्व की भांति 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

## समाचार मीडिया और गांधी

■ राजेश बहुगुणा

समाचार पत्रों के माध्यम से ही गांधी सफल जन नेता के रूप में उभरे थे। दक्षिण अफ्रीका में समाचार पत्रों में प्रवासी भारतीयों के पक्ष में आवाज उठाने की कार्यवाही गांधी निरन्तर करते थे।

समाचार पत्रों में पत्र लिखने के दौरान ही गांधी को भारतीयों की आवाज रखने के लिए अपने समाचार पत्र की जरूरत महसूस हुई जिसका परिणाम 'इंडियन ओपिनियन' समाचार पत्र था। दक्षिण अफ्रीका के आन्दोलन में इंडियन ओपिनियन समाचार पत्र की इतनी महत्वपूर्ण भूमिका थी कि महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा और अपनी दूसरी पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह का इतिहास' दोनों ही में इंडियन ओपिनियन पर एक अध्याय लिखा। उन्होंने स्वीकार किया है कि इस अखबार के द्वारा मुझे मनुष्य के रंग-बिरंगे स्वभाव का बहुत ज्ञान मिला। संपादक और ग्राहकके बीच निकट का और स्वच्छ सम्बन्धं स्थापित करने की ही धारणा होने से मेरे पास हृदय खोलकर रख देने वाले पत्रों का ढेर लग जाता था । उसमें तीखे, कड़वे, मीठे यों भांति-भांति के पत्र मेरे नाम आते थे। उन्हें पढ़ना, उन पर विचार करना, उनमें से विचारों का सार लेकर उत्तर देना यह सब मेरे लिए शिक्षा का उत्तम साधन बन गया था। मुझे ऐसा अनुभव हुआ मानो इसके द्वारा मैं समाज में चल रही चर्चाओं और विचारों को सुन रहा होऊं। मैं संपादक के दायित्व को भली-भांति समझने लगा और मुझे समाज के लोगों पर जो प्रभुत्व प्राप्त हुआ, उसके कारण भविष्य में होने वाली लड़ाई संभव हो सकी, वह सुशोभित हुई और उसे शक्ति प्राप्त हुई।

दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीयों के हितों के लिए दक्षिण अफ्रीका की उपनिवेशी रंगभेदी सरकार के खिलाफ गांधी ब्रिटिश सरकार के न्याय पर भरोसा कर रहे थे। भारत में इसी ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध गांधी की सीधी लड़ाई थी। प्रेस पर नियंत्रण का अनुभव गांधी को दक्षिण अफ्रीका में नहीं हुआ था। भारत में दक्षिण अफ्रीका की तुलना में अधिक शिक्षित एवं जागरूक भारतीयों को ध्यान में रखते हुये प्रेस पर नियंत्रण 18वीं सदी के अंत में ही प्रारम्भ हो गये थे किन्तु 1835 में मेटकॉफ ने भारतीय प्रेस को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर दिया लेकिन 1857 के विद्रोह के बाद प्रेस पर सरकारी नियंत्रण भारतीय समाज के राजनैतिक जागरण के साथ बढ़ता ही गया। वायसराय कर्जन के बंगाल के विभाजन के निर्णय के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन की परिस्थितियों में ब्रिटिश सरकार ने भारत में प्रेस पर नियंत्रण के कानूनों को कठोरता से लागू किया था।

**गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने।**

भारत आने पर कुछ वर्षों तक गांधी ब्रिटिश सरकार से न्यायोचित व्यवहार की ही आशा कर रहे थे, लेकिन पंजाब में रॉलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड ने ब्रिटिश सरकार के प्रति गांधी का दृष्टिकोण पूरी तरह बदल दिया। जनता को जागरूक करने में समाचार पत्रों की भूमिका दक्षिण अफ्रीका में ही अनुभव करते हुये गांधी ने भारत आने के कुछ वर्षों के भीतर ही 'नवजीवन' और 'यंग इंडिया' समाचार पत्र निकालना प्रारंभ किया कुलीन वर्ग में सीमित कांग्रेस के दरवाजे उन्होंने आम जनता के लिये खोल दिये। इसी भारतीय जनता को जागरूक करने में गांधी के सम्पूर्ण भारत में दौरे एवं भाषणों का असर तो था ही, लेकिन 'यंग इंडिया' एवं 'नवजीवन' ने भी बड़ी भूमिका निभायी थी।

अपने जीवन में चार समाचार पत्रों 'इंडियन ओपीनियन' यंग इण्डिया नवजीवन और हरिजन के संचालन एवं सम्पादन के दौरान गांधी ने सैकड़ों आलेख लिखे हैं। समाचार पत्रों के साथ उनके पचास वर्ष से भी अधिक के संबंध के दौरान लिखे गये इन आलेखों के माध्यम से गांधी ने मीडिया के प्रत्येक पक्ष पर न केवल अपने विचार रखे हैं, वरन इन वर्षों में समाचार पत्र के स्वामी, सम्पादक या पत्रकार के रूप में सत्ता एवं जनता के साथ उनके कार्य व्यवहार से समाचार मीडिया पर उनकी दृष्टि भी पाठकों को स्पष्ट हो जाती है।

गांधी के लिए समाचार पत्र सदैव आम जनता को शिक्षित करने और आम जनता अथवा पत्र के पाठकों के हित व दृष्टिकोण को सत्ता और सत्ता से जुड़े अन्य संस्थान के सामने रखना रहा। इसलिये गांधी जनता को सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक सभी स्तरों पर बेहतर एवं जागरूक करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील दिखते हैं। गांधी की यह स्पष्ट राय है कि अखबारों के माध्यम से ही शासन को जनता के अभिमत का पता चलता है और यदि समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की जाती है तो फिर शासन केवल अपने अधीनस्थों की सूचना पर ही निर्भर रह जाएगा और वास्तविक जानकारी से अपरिचित रहेगा जो स्वयं शासन के लिए ही हितकर नहीं है। समाचार पत्रों की विश्वसनीयता के लिए गांधी स्पष्ट थे कि समाचार पत्र में सच्ची और विश्वसनीय खबरों को ही स्थान मिलना चाहिए। एक जगह उन्होंने यह भी कहा कि यदि खबर जिसे समाचार पत्र आवश्यकता पड़ने पर स्वयं सिद्ध नहीं कर सकते लेकिन उनके अखबार में छपती है तो वह वास्तव में अपराध ही करते हैं। समाचार पत्र अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तब ही बनाये रख सकता है जबकि किसी अन्य संस्था से प्राप्त होने वाली राशि पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं हो इसलिए गांधी अखबारों को चलाने के लिए आय के स्त्रोत के रूप में विज्ञापनों का सहारा लेना उचित नहीं मानते। गांधी के अनुसार समाचार पत्र अपने पाठकों के नियमित ग्राहक शुल्क पर ही चलाया जाना चाहिए और यह समाचार पत्र के पाठकों की जिम्मेदारी है कि यदि वे अपने समाचार पत्र को पसंद करते हैं तो उसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रखने के लिए नियमित रूप से ग्राहक शुल्क प्रदान करें।

गांधी को समाचार पत्रों पर सरकार की ओर से नियंत्रण का अनुभव भारत आकर ही हुआ था। भारत में समाचार पत्रों की स्वतंत्रता के लिए मुम्बई में आयोजित एक विशाल सार्वजनिक सभा में गांधी ने प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्र की आवश्यकता स्पष्ट करते हुए अपने भाषण में कहा कि-

'एक स्वस्थ और प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्रों का होना पहली आवश्यक शर्त है और यह बात सभ्य लोगों के उचित राजनीतिक और नैतिक विकास के लिए जरूरी है; एवं सार्वजनिक जीवन के समस्त क्षेत्रों में स्वतन्त्रता का प्रवेश और उसका कायम रखा जाना लोगों के उत्थान, और सन्तोष तथा सरकार और लोगों के पारस्परिक विश्वास की अचूक गारंटी है।'

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गांधी इतने उच्चतम स्तर तक रखना चाहते हैं कि उनके अनुसार- 'भाषण स्वातंर्त्य का मतलब तो यही है कि हमारे वचन कितने ही कठोर और चोट पहुंचाने वाले क्यों न हो, फिर भी उस स्वतन्त्रता पर आक्रमण न किया जाये।'

समाचार पत्रों की तरह ही गांधी सम्पादक पद को भी आजीविका के लिए नहीं बल्कि लोकसेवा के लिये मान्य करते हैं। गांधी सम्पादक को यह भी सलाह देते हैं कि विरोधी पक्ष को भी अखबार में स्थान दिया जाए। गांधी समाचार पत्र को लोकप्रिय बनाये रखने के लिये स्थानीय समाचारों को भी अखबार में रखने की सलाह देते हैं। गांधी विश्वसनीय खबरों को ही समाचार पत्र में स्थान देने के लिए जोर देते हैं और यदि खबर के कारण कतिपय पक्ष से निंदा अथवा शासन पक्ष से रोष की स्थिति भी हो तो सम्पादक को निर्भीक रहने की सलाह देते हैं। पत्रकारों की विषम स्थिति से भी गांधी अपरिचित नहीं हैं। एक जगह गांधी ने पत्रकारों की विषम स्थिति के संबंध में लिखा है कि-

'पत्रकार का जीवन कभी सुख-चैन का जीवन नहीं होता। उस पर वे जिम्मेदारियां होती है जिनका शायद जनता को समुचित खयाल भी नहीं होता। एक तरफ तो उसे अपने मालिकों को खुदा रखना पड़ता है और दूसरी ओर लोकमत का प्रतिनिधित्व करना होता है। ऐसा करने में उसे बड़ा त्याग करना पड़ सकता है। उसको अक्सर परस्पर विरोधी स्वाथों से निबटना पड़ता है और उसके सामने जो मामले आते हैं उन पर जनता के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि अपने दृष्किोण से भी विचार करना पड़ता है और जब उसके अपने ही शुद्ध अन्त:करण से मान्य विचार किसी खास मामले में लोकमत के विपरीत होते हैं तब स्थिति बड़ी नाजुक हो जाती है।'

यह स्थिति आज भी समाचार मीडिया में अनुभव की जा सकती है। गांधी के साथ अनेक घटनाएं हुईं जिनमें पत्रकारों के द्वारा गांधी के कहे को उनकी भावना के अनुरूप प्रकाशित नहीं किया गया और गांधी को इसके लिए सफाई देना पड़ी। उस समय भी गांधी पत्रकारिता के गिरते स्तर से चिंतित थे और उनके अनुसार भारत में जिसे कोई दूसरा काम नहीं मिलता और थोड़ा भी पढ़ना लिखना जानता है, वह अखबार नवीसी करने लगता है। इसे आज भी अनुभव किया जा सकता है। गांधी देशी भाषा के समाचार पत्र एवं पत्रकारिता के सदैव पक्षधर रहे क्योंकि देशी भाषा को समझने वाले भारतीयों की संख्या अंग्रेजी समझने वालों की तुलना में बहुत अधिक थी और अखबार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना ही रहता है। गांधी के अनुसार पत्रकार की समाज में भूमिका जनता को सही दिशा की ओर ले जाना है हालांकि गांधी कतिपय पत्रकारों द्वारा पीत पत्रकारिता के अन्तर्गत झूठी शिकायतों के सहारे पैसा वसूलने की घटनाओं से भी परिचित थे। ऐसी पत्रकारिता से इससे बचने का एक ही उपाय गांधी बताते हैं कि ऐसे असत्य लेखों की कोई चिन्ता ही न की जाए। आजादी के समय बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव में पत्रकारों एवं समाचार पत्रों द्वारा असत्य खबरों के माध्यम से साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने को लेकर भी गांधी बहुत चिंतित रहे ।

गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने। प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेस का नियंत्रण किये जाने की स्थिति पर गांधी पाठकों को चलता-फिरता समाचार पत्र बनकर समाचार एक दूसरे को सुनाने की सलाह देते हैं। आजादी के बाद भी अखबार में साम्प्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने वाली असत्य घटनाओं के प्रकाशन से चिंतित होकर गांधी पाठकों से यह अपील करते हैं कि-

'आज़ादी के जमाने में तो यह पब्लिक का फर्ज हो जाता है कि गन्दे अखबारों को न पढ़ें, उनको फेंक दें। जब उन्हें कोई लेगा नहीं तो वे अपने-आप ठीक रास्ते पर चलने लगेंगे। अगर हम ऐसा करेंगे तो अखबार अपना सच्चा धर्म का पालन करेंगे।'

## राजनीति से प्रेरित है गांधी से नफ़रत का अभियान

संयुक्त राष्ट्र ने 2 अक्टूबर 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में घोषित किया है। दुनिया ने गांधी को शांति के दूत के रूप में मान्यता दी है। अहिंसा और शांति के वैश्विक प्रतीक के रूप में गांधी के सम्मान में कुल 102 देशों ने उनकी प्रतिमाएं स्थापित की हैं। वे पिछली दो सहस्राब्दियों में जन्म लेने वाले 10 उत्कृष्ट व्यक्तित्वों में से एक हैं जिनके बारे में सबसे अधिक लिखा गया है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि, 'गांधीजी एक वैश्विक प्रतीक हैं और अहमदाबाद में उनके निवास साबरमती आश्रम को एक विश्व स्तरीय स्मारक में बदल दिया जाएगा।' 1200 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। भारत का शीर्ष नेतृत्व गांधीजी को छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता। यह स्पष्ट रूप से समझा जाता है कि गांधीजी भारत का वैश्विक चेहरा हैं। इसलिए उनका निरतंर उल्लेख किया जाना जारी है।

प्रधानमंत्री ने नवंबर, 2014 से सितंबर, 2025 तक विदेशी संसदों में दिए 17 भाषणों में से 6 में महात्मा गांधी का सीधे उल्लेख किया है। उन्होंने कई अन्य अवसरों पर अप्रत्यक्ष रूप से गांधीजी का उल्लेख किया है। उन्होंने बापू को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया है। स्थिरता और समानता के बारे में बात करते हुए उन्होंने गांधी के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लेख किया है। मोदी के अंतरराष्ट्रीय भाषणों में अक्सर गांधी के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के संदेश का उल्लेख होता है। उनके राजनयिक उद्देश्यों में यह संदेश उनकी अच्छी मदद कर रहा है।



डा. सुदर्शन अयंगर

**अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था।**

उन्होंने देश में भी 2 अक्टूबर, 2014 को 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत की। हाल ही में वे स्वदेशी पर मुखर रहे हैं। प्रतीकवाद अपने चरम पर है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 में चेक-इन सेक्शन में प्रवेश करते हुए कोई भी व्यक्ति एक विशाल चरखा देख सकता है। यह हस्तचालित चरखा बर्मा सागौन से बना है और इसका वजन चार टन है। द्वार 4 और 5 के बीच चरखे के नीचे स्थापित पट्टिका में गांधीजी के योगदान का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। स्थापना के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था-'चरखा आईजीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों को भारत की कालातीत विरासत तथा स्थिरता और सद्भाव के मूल्यों की याद दिलाने का काम करेगा और इसी उद्देश्य से इसे बनाया गया है।' उन्होंने देश के नागरिकों से खादी को अपनाने की अपील की है। दुनिया के किसी भी कोने से आने वाला यात्री अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'गांधीजी के पदचिह्न' नामक एक छोटी सी प्रदर्शनी को देखने का अवसर नहीं छोड़ता है।

इसके बावजूद जिस देश में वे पैदा हुए, रहे और अपना बलिदान दिया, वहां उनके खिलाफ पिछले 25 वर्षों के दौरान एक घृणा अभियान तेज हो गया है। गांधी नफरत करने लायक व्यक्ति बन गए हैं। मुसलमानों के प्रति उनके कथित पक्षपात के लिए उनसे नफरत की जाती है। अस्पृश्यता को दूर करने के लिए उनके 15 साल के अथक प्रयत्नों का मजाक उड़ाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की अनदेखी करने के लिए उनकी निंदा की जाती है। भगत सिंह की फांसी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हाशिए पर है। बोस द्वारा उन्हें दी गई 'राष्ट्रपिता' की उपाधि का उपहास उड़ाया जाता है। सोशल मीडिया ने हम भारतीयों के मन में गांधी की छवि को नष्ट कर दिया है।

'गांधी का गुजरात' आज एक बुरा शब्द है। जहरीली नफ़रत के साथ प्रकट और छिपी हुई हिंसा ने लोगों के दिलो-दिमाग पर कब्जा कर लिया है। कट्टरपंथी हिंदू भीड़ बेहिचक आगे बढ़ रही है और कानून के रक्षक भी उन पर विशेष रोक-टोक नहीं करते। यह जानकर दुख होता है कि कट्टरपंथियों की भीड़ नवरात्रि गरबा महोत्सव के आयोजकों से कड़ी पूछताछ करती है कि मुसलमानों को कितने पास और टिकट जारी किए गए हैं। एक तरफ गरबा नृत्य चल रहा है तो उसी समय भीड़ मुस्लिम प्रतिभागियों की जांच करती है।

इस साल की शुरुआत में राजनीतिक रैलियों, धार्मिक जुलूसों, विरोध मार्च और सांस्कृतिक समारोहों जैसे कार्यक्रमों में हुए भाषणों में अभद्र भाषा के उपयोग की संख्या बढ़ी है। 2024 में 1,165 मामले सामने आए जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 668 थी । रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल चुनाव अभियान के दौरान नफ़रत फैलाने वाले भाषण चरम पर थे।

अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था। क्या अंबेडकर और गांधी दोनों के प्रयासों को हम भारतीय विफल नहीं कर रहे हैं? 2025 में भी तथाकथित उच्च और श्रेष्ठ जाति के लोगों ने दलितों का अपमान करने, निंदा करने, शोषण, बलात्कार, घायल करने और मारने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

गांधी के प्रति नफ़रत का अभियान सुनियोजित और राजनीति से प्रेरित है। इस तरह के प्रायोजित हमले के पीछे का दिमाग धोखेबाज है। जातिगत मानसिकता पूरी तरह से खेल खेलती है। नफ़रत करने वाले लोग भारत में मुसलमानों को 'सबसे निचली जाति' बनाना चाहते हैं जिसे समाज में हलके दर्जे के काम करने के लिए मजबूर किया जाए। ये तत्व चाहते हैं कि उन्हें गरीबी और दरिद्रता में सड़ना और दबाव में आकर इस देश को छोड़ देना चाहिए। हम भारत के नागरिक क्या इस बात को समझते हैं कि हम नफ़रत, निंदा व भेदभाव कर, चोट पहुंचाकर और हत्या करके दुश्मनी का माहौल बना रहे हैं? कोई भी प्रत्यक्ष, छिपी हुई और संरचनात्मक हिंसा मजबूत भावनाओं और कड़वाहट को जन्म देती है जो हिंसा की जड़ है।

हमें समझना चाहिए कि जब किसी वर्ग को निशाना बनाया जाता है और उसका बहिष्कार किया जाता है तथा जब लोग सीधे तौर पर व राज्य धोखे से यह खेल खेलते हैं, तो पीड़ित समूह नाराज होकर बदला लेने पर उतारू हो जाता है। ऐसे समुदायों में रोटी कमाने वालों को उचित अवसर नहीं दिए जाते। वे ऐसी मुश्किल या कठिन परिस्थितियों में डाल दिए जाते हैं जहां से उनके पास निकलने का कोई विकल्प नहीं रह जाता। यह परिस्थिति नफ़रत और हिंसा के एक नए चक्र को जन्म दे सकती है जो भारत को बर्बाद कर देगी।

अहिंसा के वैश्विक प्रतीक महात्मा गांधी ने जाति आधारित हिंसा को समाप्त करने और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। फिर भी आधुनिक भारत में उनकी विरासत को षड्यंत्रपूर्वक रचे घृणा अभियानों के माध्यम से बदनामी का सामना करना पड़ता है। अस्पृश्यता को मिटाने और समानता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के बावजूद 2025 में भी दलितों और मुसलमानों को भेदभाव, शोषण और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है जो गांधी और डॉ. अंबेडकर दोनों के दृष्टिकोण को धोखा दे रहा है।

सामाजिक और राजनीतिक ताकतें अल्पसंख्यकों को हाशिए पर डाल देती हैं, बहिष्कार एवं प्रतिरोध के माध्यम से उन्हें 'सबसे निचली जाति' के रूप में मानती हैं जिससे दुश्मनी और संभावित प्रतिशोध का माहौल पैदा होता है। सत्य, अहिंसा और वैश्विक एकता पर जोर देने वाले गांधी के सत्याग्रह के दर्शन ने दुनिया भर के आंदोलनों को प्रेरित किया लेकिन संकीर्ण लाभ के लिए इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों से भारत को खतरा है। गांधी की 156वीं जयंती पर भारत को नफ़रत को अस्वीकार करना चाहिए, अंतरधार्मिक संवाद को अपनाना चाहिए और अलगाव को दूर करने तथा शांतिपूर्ण भविष्य को सुरक्षित करने के लिए न्याय को बनाए रखना चाहिए।

**( लेखक महात्मा गांधी द्वारा 1920 में स्थापित गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलपति हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।


### रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को घेरा, कहा

# बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ जारी टैरिफ विवाद के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का पुरजोर समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और रूस से तेल आयात रोकने के लिए दबाव बनाने के प्रयास के लिए अमेरिका को जमकर फटकार लगाई।

सोची के वल्दाई डिस्कशन क्लब में रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को एक 'संतुलित और बुद्धिमान नेता' बताया। उन्होंने भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के पीछे किसी भी राजनीतिक मंशा को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से आर्थिक कारणों से प्रेरित है।

व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। अगर भारत हमारी ऊर्जा आपूर्ति से इनकार करता है, तो उसे कुछ नुकसान होगा।



■ पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का किया समर्थन

अनुमान अलग-अलग हैं। कुछ का कहना है कि यह लगभग 9-10 अरब डॉलर का हो सकता है, लेकिन अगर वह इनकार नहीं करता है, तो प्रतिबंध लगाए जाएंगे और नुकसान उतना ही होगा, तो फिर इनकार क्यों किया जाए, जबकि इससे घरेलू राजनीतिक लागत भी आएगी।

रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका की ओर से टैरिफ के जरिए बनाए जा रहे बाहरी दबाव के आगे न झुकने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। पुतिन ने कहा कि यकीन मानिए भारत जैसे देश के लोग, राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों पर कड़ी नजर रखेंगे और किसी के सामने किसी भी तरह का अपमान नहीं होने देंगे और फिर मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी जानता हूं। वह खुद इस तरह का कोई कदम कभी नहीं उठाएंगे।

बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण के तुरंत बाद आई है। यूएनजीए में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन पर रूस से तेल खरीद जारी रखकर यूक्रेन युद्ध के प्रमुख वित्तीय समर्थक होने का आरोप लगाया था।

यही वजह है कि अमेरिका ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे कुल शुल्क प्रभावी रूप से 50 प्रतिशत हो गया।

## दिसम्बर की शुरुआत में भारत आएंगे पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। श्री पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नये साल से पहले होगा। श्री पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसंबर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति 2021 में 21 वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता के लिए भारत आए थे।

■ जोर- शोर से चल रही है पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां

## अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे यूनुस सरकार : भारत

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश के गृह सलाहकार जाहंगीर आलम चौधरी के हालिया बयान पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अपने अंदर झांकना चाहिए और देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इन झूठे और बेबुनियाद आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है और अक्सर अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाती है। उसे चाहिए कि वह आत्ममंथन करे और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ स्थानीय चरमपंथियों द्वारा की जा रही हिंसा, आगजनी और भूमि कब्जे की गंभीर जांच करे।

यह प्रतिक्रिया चौधरी के उस बयान पर आई जिसमें उन्होंने खगड़ाछड़ी जिले में फैली अशांति के लिए नई दिल्ली को जिम्मेदार ठहराया था। चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में आदिवासी लोगों के खिलाफ हुई हालिया हिंसा को लेकर वैश्विक समुदाय में चिंता बढ़ गई है। मानवाधिकार संगठनों ने अंतरिम सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि 28 सितंबर को एक मर्मा समुदाय की स्कूली छात्रा से गैंगरेप की घटना के बाद भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत और घायल होने की खबरें आई हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों पर व्यापक आगजनी, लूटपाट और अंधाधुंध गोलीबारी के आरोप लगे हैं। इस बीच, जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के बाहर इंटरनेशनल फोरम फॉर सेक्युलर बांग्लादेश ने दो दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की।

## सुडोकू 7053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 4 अक्टूबर , 2025 आश्विन शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इबोला से निपटने में आड़े आ रही धन की कमी : डब्ल्यूएचओ




**कांगो सरकार ने की 4 सितम्बर को इबोला प्रकोप की घोषणा**

**किंशासा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि डीआरसी के कसाई प्रांत में इबोला के प्रकोप में कमी के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं।

हालांकि, वित्तीय कमी और रसद संबंधी चुनौतियां इबोला के प्रभाव को कम करने के प्रयासों में बाधा बन रही हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कांगो सरकार ने 4 सितंबर को इबोला प्रकोप की घोषणा की। 1976 में वायरस की पहली बार पहचान के बाद से देश 16वीं बार इबोला की चपेट में आया है। बुधवार तक कुल 64 मामले सामने आए थे, जिनमें 42 मरीजों की मौत हो गई, जबकि 12 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यवाहक क्षेत्रीय आपातकालीन निदेशक पैट्रिक अबोक ने एक वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 30 दिनों की लगातार कोशिशों के बाद नए मामलों की संख्या में गिरावट शुरू देखने को मिल रही है। यह इस बात का एक मजबूत संकेत है कि हमारे प्रयासों का असर दिखने लगा है।

अब तक 8,000 से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है जो इबोला के पुष्ट मामलों के संपर्क में आए हैं। डब्ल्यूएचओ के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नए अभियान का उद्देश्य बुलापे के 19 इलाकों में 18,000 खुराकें पहुंचाना है, ताकि जोखिमग्रस्त आबादी की सुरक्षा की जा सके और वायरस के प्रसार को रोका जाए।

पिछले तीन हफ्तों में दर्ज मामलों में गिरावट देखी गई है, लेकिन नियंत्रण उपायों को बनाए रखना और उनका विस्तार करना अभी महत्वपूर्ण बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के इबोला प्रबंधक मोरी कीता ने इबोला से निपटने में मजबूत सामुदायिक भागीदारी पर खुशी जताई।

## दुखद : गाजा में 42 हजार लोग हुए दिव्यांग

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि इज़रायली सैन्य अभियान के कारण गाजा पट्टी में लगभग 42,000 लोग दिव्यांग हो गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के कारण लगभग 42,000 लोग जीवन बदलने वाली चोटों का शिकार हुए हैं। अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 167,376 घायल हुए लोगों में से इनकी संख्या करीब एक चौथाई है। कुल 5,000 से ज़्यादा लोगों के अंग बदले गए हैं।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार बड़े पैमाने पर लोग हाथ और पैर की चोटें (22,000 से ज़्यादा), रीढ़ की हड्डी की चोटों (2,000 से ज़्यादा), मस्तिष्क की चोटों (1,300 से ज़्यादा), और गंभीर जलन (3,300 से ज़्यादा) से पीड़ित हुए हैं। इस कारण से विशेष शल्य चिकित्सा और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता और बढ़ गई है। बयान में आगे कहा गया है, स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें बढ़ रही हैं, स्वास्थ्य व्यवस्था ढहने के कगार पर है। गाजा के 36 अस्पतालों में से केवल 14 ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, जबकि संघर्ष-पूर्व पुनर्वास सेवाएं एक-तिहाई से भी कम क्षमता से काम कर रही हैं, और कई तो बंद होने के कगार पर हैं। आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य सहयोगियों के प्रयासों के बावजूद कोई भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है।

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री से मिले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ने के लिए एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर बातचीत की।



**एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर हुई बातचीत**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, साथ ही भविष्य में विकास की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई है। वोंग ने जवाब देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने से लेकर एआई जैसी उभरती तकनीक तक हमारी आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर अच्छी चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की और विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने एक अलग पोस्ट में सोशल मीडिया पर बताया कि इस बैठक में भारत के बढ़ते एयरोस्पेस इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट में साझेदारी के नए रास्ते तलाशे गए।

केंद्रीय मंत्री ने कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी से भी मुलाकात की। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार (विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटरों के क्षेत्र में) को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी।

उन्होंने पोस्ट किया कि रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई।

## कनाडा में खसरे के बढ़े मामले, अल्बर्टा में समय से पहले जन्मे बच्चे की मौत




**ओटावा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अल्बर्टा में खसरे से संक्रमित प्रीमैच्योर बच्चे की मौत हो गई। यह प्रांत में खसरे से पहली मौत है, लेकिन पूरे कनाडा में इस साल यह दूसरी मौत है, जो खसरे के कारण हुई है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री एड्रियाना लाग्रेंज ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।

एड्रियाना लाग्रेंज ने कहा कि खसरा पांच साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर रोग-प्रतिरोधक प्रणाली वाले लोगों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

मंत्री ने खासकर उन लोगों से अपील की है जो बच्चे की योजना बना रहे हैं कि वे गर्भावस्था से पहले खसरे की दो खुराक की वैक्सीन लगवा लें, क्योंकि गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण की सलाह नहीं दी जाती है।

## वर्ग पहेली 7053



**बायें से दायें:-**

१. सरस्वती
४. दोष या खराबी को दूर करना
६. सेना, फौज
७. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
८. बचपन का मित्र
१०. बालटी जैसा पात्र जिसमें फूल आदि के पौधे लगाये जाते हैं
११. लाना, ले जाना करना, ग्रंथ-लेख आदि लिखना, रचना वितरण
१३. घटाना, छोटा रूप. फेंकना, भेजना, हरण
१४.अनिच्छा, घृणा विरुचि, रुचि के प्रतिकूल
१५. बूढ़ा आदमी
१७. उसी अर्थ में
१९ कुतूहल, अचंभा, हास्य, विनोद हँसी, मजाक
२१. झगड़ालू
२२. चलते चलते सहसा रुक जाना
२४. यश बढ़ाने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. बहादुर महिला
२. किसी पदार्थ का विशेष कर द्रव पदार्थ का भाप बनना
३. नीला आकाश
४. देवकन्या, अप्सरा
५. धनी, अमीर (उर्दू)
९. खाने की वस्तु
११. मशहूर
१२. यूनान का निवासी
१३. एकत्र या जमा किया गया
१४. किन्तु, परंतु
१५. व्यवसाय पर लगने वाला कर
१६. तालाब, सरोवर
१८ . देखने वाला, प्रेक्षक
१९. कुरु का वंशज, कुरु नरेश
२०. मुश्किल
२३. स्वामी, पति

### वर्ग पहेली-7052



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1535 –अंग्रेजी भाषा में पहली संपूर्ण बाइबल, जिसे माइल्स कोवरडेल ने तैयार किया था, छपकर तैयार हुई।
1552–इटली, पोलैंड, पुर्तगाल और स्पेन ने पोप ग्रेगरी के आदेश पर ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया।
1824– मैक्सिको रिपब्लिक बना।
1830– नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम नया देश बना।
1943: अमेरिका ने सोलोमन द्वीप पर कब्जा किया।
1954 –मर्लिन मुनरो ने दुनिया के बेहतरीन बेसबाल खिलाड़ी जो डीमैगियो के साथ शादी के करीब नौ महीने बाद मानसिक यातना के आधार पर तलाक लेने का इरादा जाहिर किया।
1957 –सोवियत संघ ने पहला उपग्रह स्पूतनिक एक, अंतरिक्ष में रवाना किया। यहीं से अंतरिक्ष युग की शुरुआत हुई और तत्कालीन सोवियत संघ और अमेरिका के बीच एक नयी स्पर्धा शुरू हुई।
1963– क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान फ्लोरा से छह हजार लोगों की मौत।
1965–बीबीसी ने एशियाई आप्रवासियों के लिए पहली सेवा शुरू करने की अपनी योजना का ऐलान किया।
1969 –चीन ने अपनी मुख्यभूमि के पश्चिमी क्षेत्र में हाइड्रोजन बम का परीक्षण करने का ऐलान किया। इसके साथ ही देश ने अपना पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण पूरा किया।
1977 –विदेश मंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को हिंदी में संबोधित किया। इससे पहले इस विश्व मंच पर किसी ने हिंदी में भाषण नहीं दिया था।
1977 –भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीतिक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार करने के 16 घंटे बाद रिहा किया गया।

**अपील** *संयुक्त राष्ट्र ने महात्मा गांधी के संदेशों में शक्ति व प्रेरणा तलाशने का किया आह्वान, कहा*

# कठिन समय में काम करने की ताकत देता है गांधी का संदेश

**संयुक्त राष्ट्र,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महात्मा गांधी के संदेशों में शक्ति और प्रेरणा तलाशने का आह्वान किया है, ताकि एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण की दिशा में काम किया जा सके। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर, दुनिया भर में अलग-अलग स्थानों पर महात्मा गांधी और उनके आदर्शों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के साथ गांधी जयंती के अवसर पर अपने संदेश में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, फ्रगांधीजी समझते थे कि अहिंसा कमजोरों का हथियार नहीं है वरन यह साहसी लोगों की ताकत है। जिसमें बिना घृणा के अन्याय का विरोध करने, क्रूरता के बिना उत्पीड़न का सामना करने और

■ दुनिया भर में महात्मा गांधी और उनके आदर्शों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया

प्रभुत्व के बजाय सम्मान के माध्यम से शांति स्थापित करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में, हिंसा संवाद का स्थान ले रही है और शांति की नींव दबाव में है। इस खतरनाक और विभाजित समय में, आइए हम उनके नेतृत्व का अनुसरण करने, दुखों को समाप्त करने, कूटनीति को आगे बढ़ाने, विभाजनों को दूर करने और सभी के लिए एक न्यायपूर्ण, स्थायी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने की शक्ति प्राप्त करें।



बता दें, महासभा ने 2007 में हर साल गांधी जयंती पर अहिंसा के सिद्धांत की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा दिवस की स्थापना की थी। इस मौके पर भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि शांति की लालसा सदियों से और विभिन्न सभ्यताओं में आह्वान और अभिवादन के माध्यम से व्यक्त की जाती रही है।

## गेट्स फाउंडेशन ने मनाई गांधी जयंती

**नई दिल्ली।** अमेरिका के सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में गांधी जयंती मनाया। इस मौके पर भारतीय संस्कृति, कला और व्यंजनों की प्रदर्शनी के लिए एक खास समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य और सिएटल शहर की सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में बिल गेट्स ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं।



## दुनिया को जानें

# एफ-1 सिंगापुर ग्रां प्री को 'हीट हैजर्ड' किया गया घोषित

**सिंगापुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगापुर ग्रां प्री 2025 को फॉर्मूला-1 की संस्था ने पहली बार 'हीट हैजर्ड' यानी अत्यधिक गर्मी वाला रेस घोषित किया है। वजह है यहां का बढ़ता तापमान और तेज नमी, जो ड्राइवरों की शारीरिक क्षमता को चुनौती दे सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार तापमान 31 डिग्री तक जा सकता है और नमी भी बहुत ज्यादा होगी। इसी कारण से एफआईए ने नियम बनाया है कि टीमों को अपने ड्राइवरों के लिए कूलिंग वेस्ट (ठंडी रखने वाली जैकेट) उपलब्ध करानी होगी। हालांकि इसका उपयोग करना ड्राइवर की इच्छा पर है। यह नियम इसलिए बनाया गया है ताकि जो ड्राइवर यह वेस्ट पहनें और जो न पहनें, उनके बीच कार के वजन की वजह से कोई अतिरिक्त नुकसान या एडवांटेज न हो। यह पहली बार है जब एफआईए ने नए हीट-हैजर्ड प्रावधान को लागू किया है, जिसे 2023 कतर ग्रां प्री के बाद लागू किया गया था, जब कई ड्राइवरों की तबीयत बिगड़ गई थी। उस समय एस्टेबन ओकॉन ने तो रेस के दौरान हेलमेट में उल्टी तक कर दी थी और लोगन सार्जेंट को बीच में ही रेस छोड़नी पड़ी थी।

# प्रादेशिकी

## जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : आईजी

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के ऐतिहासिक जागेश्वर धाम के दौरे पर आयी कुमाऊँ परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रिद्धिम अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। श्रीमती अग्रवाल ने शुक्रवार को मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। आईजी ने यह भी कहा कि धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जाये। प्रवेश द्वारों पर फ्रिस्किंग, मेटल डिटेक्टर एवं सीसीटीवी से निगरानी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन और आधुनिक तकनीकी से सुरक्षा मजबूत होगी। आईजी कुमाऊँ ने निरीक्षण के दौरान जोर दिया कि जागेश्वर जैसे पौराणिक और भीड़भाड़ वाले धाम में भीड़ प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात पर नियंत्रण की स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाए ताकि किसी भी समय अव्यवस्था न फैले। साथ ही नियमित पेट्रोलिंग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

# 2029 तक देश का प्रत्येक गांव सहकारिता से जुड़ेगा : अमित शाह

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आईएमटी रोहतक में साबर डेयरी (अमूल) प्लांट का किया उद्घाटन

■ अमित नेहरा

**रोहतक,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन चुका है। श्वेत क्रांति-2 के अंतर्गत देशभर में 75 हज़ार से अधिक डेयरी समितियों की स्थापना कर लगभग 40 हज़ार डेयरी सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक देश के प्रत्येक गांव को सहकारिता आंदोलन से जोड़ा जाए। अमित शाह शुक्रवार को आईएमटी रोहतक में साबर डेयरी (अमूल) प्लांट के विस्तार प्लांट के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। इस प्लांट में प्रतिदिन 150 मीट्रिक टन दही, तीन मीट्रिक टन छाछ, 10 मीट्रिक टन योगर्ट व 10 मीट्रिक टन मिठाई का उत्पादन होगा। उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य भी उपस्थित थे। शाह ने कहा कि भारत में डेयरी क्षेत्र ने गत 11 वर्षों में 70% की विकास दर के साथ वैश्विक स्तर पर सबसे तीव्र गति से प्रगति की है। वर्ष 2014 की तुलना में डेयरी क्षेत्र में विकास 86% से बढ़कर 120% तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में जहां देश में 140 मिलियन टन दूध का उत्पादन होता था, वह अब बढ़कर 249 मिलियन टन तक पहुंच गया है। देसी गायों के दूध का उत्पादन भी 29 मिलियन टन से बढ़कर 50 मिलियन टन हो गया है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। आज देश में 8 करोड़ नए किसान डेयरी क्षेत्र से जुड़े हैं। इसके फलस्वरूप, प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भी वर्ष 2014 में 124 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 471 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। हरियाणा की मातृशक्ति का अभिवादन करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा के सर्वाधिक जवान पैरामिलिट्री बलों एवं भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का हर तीसरा पदक हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आते हैं, और देश के अन्न भंडारण में भी हरियाणा का योगदान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता क्षेत्र के लिए पृथक मंत्रालय की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया, और इस क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय राज्य सहकारिता मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, गुजरात के खाद्य एवं आपूर्ति राज्यमंत्री भीखू परमार, सांसद धर्मबीर सिंह, साबर डेयरी के अध्यक्ष शामलभाई बी पटेल व अमूल के अध्यक्ष अशोक भाई चौधरी सहित अन्य गणमान्य व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



यह डेयरी हरियाणा की समृद्धि में मील का पत्थर साबित होगी : अमित शाह

### साबर डेयरी (अमूल) प्लांट से हरियाणा में दुग्ध उत्पादन को मिलेगा नया आयाम : सैनी



**रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि साबर डेयरी (अमूल) प्लांट न केवल हरियाणा बल्कि पूरे उत्तर भारत की दुग्ध आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि मंत्र ने सहकारी आंदोलन को नई दिशा दी है। वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना इसी सोच का परिणाम है, और आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 इसी का एक महत्वपूर्ण प्रतिफल है। नायब सिंह सैनी रोहतक में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा साबर डेयरी (अमूल) प्लांट के विस्तार प्लांट के उद्घाटन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अमूल केवल दूध और डेयरी उत्पादों का ब्रांड नहीं, बल्कि भारत के सहकारी आंदोलन की ताकत है। रोहतक का यह आधुनिक प्लांट दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में दुग्ध उत्पादों की मांग पूरी करने के साथ- साथ हरियाणा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि यह प्लांट जनवरी 2015 में शुरू हुआ था और अब इसके विस्तार में 325 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इस विस्तार के बाद यह प्लांट दही, छाछ और योगर्ट के उत्पादन का देश का सबसे बड़ा प्लांट बन गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवा रही है। हैफेड द्वारा उन्नत किस्म के बीज, खाद और कीटनाशक दवाइयाँ समय पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। शुगर फेडरेशन द्वारा गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल का मूल्य दिया जा रहा है और छह सहकारी चीनी मिलें संचालित की जा रही हैं।

# आजादी के शताब्दी वर्ष के दौरान भारत का होगा दुनिया मे सर्वोच्च स्थान : अमित शाह

**रोहतक,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। आजादी का जब शताब्दी उत्सव मनाया जाएगा तो उसमें खादी का अहम योगदान रहेगा। लाखों बुनकरों के लिए खादी ग्रामोद्योग सशक्त मंच बन रहा है। अमित शाह शुक्रवार को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित खादी कारीगर महोत्सव में कारीगरों से संवाद कर रहे थे। शाह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मौजूद कारीगरों को आधुनिक मशीन, टूल किट्स एवं पीएमईजीपी के तहत 301 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी वितरित कर उन्हें स्वदेशी से स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पीएमईजीपी इकाइयों, केन्द्रीय पूनी संयंत्र एवं खादी ग्रामोद्योग भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया जिनमें हरियाणा के पंचकूला में नवनिर्मित खादी ग्रामोद्योग आयोग कार्यालय व गोदाम का उद्घाटन भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद पूर्व की सरकारों ने खादी की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया और खादी ग्रामोद्योग की पूर्ण रूप से अनदेखी की। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने खादी को विकसित करने का संकल्प लिया और खादी ग्रामोद्योग को पुनर्जीवित करने का काम किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की खादी के प्रति रुचि व बुनकरों के प्रति उनका लगाव होने के कारण मोदी सरकार के केंद्र में 11 साल के कार्यकाल में खादी का कारोबार 33 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि आजादी के समय स्वराज की जो कल्पना की गई थी वो स्वदेशी व स्वभाषा के बिना अधूरी है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की 140 करोड़ की जनता को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया है।

■ खादी का रहेगा विकसित राष्ट्र में अहम योगदान



खादी उत्पाद को प्रोत्साहन दे रही हरियाणा सरकार : नायब सिंह सैनी

### सैनी ने गदराना के आंगनबाड़ी नवीनीकरण भवन का किया उद्घाटन

**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा जिला के गांव गदराना में डी-प्लान (अनूसूचित जाति) योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र के नवीनीकरण भवन का उद्घाटन वर्चुअल तरीके से किया। इस अवसर पर श्री सैनी ने कहा कि वर्ष 2018 से पूरे देश में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। परिवार के प्रति समर्पण के कारण महिलाएं अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए विस्तृत क्रेच नीति लागू की है। इस मौके पर सबसे स्वच्छ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सुपोषित आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। प्रत्येक खंड से 3-3 कार्यकर्ताओं को यह सम्मान दिया गया। सम्मान स्वरूप 1100 रुपए की राशि कार्यकर्ताओं के खाते में ट्रांसफर की गई। इस मौके पर आयोजित समारोह में सरपंच समरपाल कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार देश का आधार है। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समाज को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

**सार संक्षेप**

### रुद्रप्रयाग में अद्वितीय भागवत ज्ञान कथा का भव्य आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** स्वर्गीय स्वतंत्र नन्द पुरोहित महाराज की स्मृति में आयोजित भागवत ज्ञान कथा ने सम्पूर्ण रुद्रप्रयाग क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर दी। इस अद्वितीय आयोजन के सूत्रधार उनके सुपुत्र अनिल पुरोहित रहे, जिन्होंने अपने पिता की स्मृति में कथा व्यास को रथ स्वरूप गाड़ी भेंट कर सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजन को लेकर लोगों का कहना था कि ऐसा भव्य भागवत ज्ञान यज्ञ रुद्रप्रयाग में पूर्व में कभी नहीं हुआ। विशेष उल्लेखनीय रहा कि ब्रह्मभोज में पहली बार 37 प्रकार के विविध पकवान ब्राह्मणों के निमित्त तैयार किए गए, जिसे क्षेत्रीय जनमानस ने अत्यंत अलौकिक और अद्वितीय बताया। इस बार कथा आयोजन में पहली बार दो व्यासों का एक साथ प्रवचन, 25 जापार्थियों का अखंड जाप तथा तीन वेदपाठियों की ओर से वैदिक स्वरूप में मंत्रोच्चार किया गया।

### सिरसा में हृदय रोगों की जांच का कैंप कल

**सिरसा।** मेदांता अस्पताल गुरुग्राम व सिरसा क्लब के सहयोग से हृदय व सांस के रोगों का निशुल्क कैंप पांच अक्टूबर को सिरसा क्लब में ही लगाया जाएगा। क्लब के सचिव राजेश गोयल व परियोजना अध्यक्ष रामकृष्ण गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कैंप में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस के तनेजा अपनी पूरी टीम के साथ अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि यह कैंप सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलेगा। वहीं क्लब के कोषाध्यक्ष नकुल मोहंता व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुरेश शर्मा ने बताया कि इस कैंप में अपनी जांच करवाने से पूर्व रोगियों को अपना पंजीकरण करवाना होगा क्योंकि इस कैंप में केवल 200 रोगियों का ही पंजीकृत किया जाना है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपियों को तीन साल की सजा

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में शुक्रवार को दो आरोपियों को तीन साल के कारावास एवं जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार तीन अप्रैल 2024 को एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता का मामला सामने आया था।

# आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा : धामी

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून जू में वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के हमले में होने वाली जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा।

■ वन्यजीवों के हमले से मृत्यु होने पर मिलेगा 10 लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वन्यजीव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं, हमारे देवी-देवताओं ने भी इनके साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। मां दुर्गा का वाहन शेर, गणेश जी का वाहन मूषक, मां सरस्वती का हंस, भगवान कार्तिकेय का मोर, लक्ष्मी का उल्लू और देवाधिदेव महादेव के कंठ पर विराजमान नागराज और साथ बैठे नंदी हमारी सनातन संस्कृति में मानव और जीव-जगत के बीच एकात्म भाव के प्रतीक हैं। यही कारण है कि आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की लगभग 14.77 प्रतिशत भूमि, 6 राष्ट्रीय उद्यानों, 7 वन्यजीव विहारों और 4 संरक्षण आरक्षित क्षेत्रों के रूप में संरक्षित है, जबकि पूरे देश में ये अनुपात मात्र 5.27 प्रतिशत ही है। ये अंतर हमारे राज्य की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की हरियाली और इसमें स्वच्छंद विचरण करते वन्य जीव वर्ष भर देश-विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ-साथ राज्य सरकार वनों के प्राकृतिक स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने और वन्य जीवों को सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



### एक लाख युवाओं को 'सीएम यंग ईको-प्रिन्योर' बनाया जाएगा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक लाख युवाओं को ''सीएम यंग ईको-प्रिन्योर'' बनाने की बात कही थी, अब ये स्कीम रंग ला रही है। इस स्कीम के अंतर्गत नेचर गाइड, ड्रोन पाइलट, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, ईकोटूरिज्म, वन्यजीव टूरिज्म आधारित कौशल कार्यों को एक उद्यम के रूप में परिवर्तित किए जाने की दिशा में काम आगे बढ़ चुका है। इस सबके साथ- साथ अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में छात्रों के लिए इको क्लब के जरिए वन्यजीवों से संबंधित शैक्षिक यात्रा के आयोजन भी कराए जा रहे हैं।

# पेपरलीक मामले में कांग्रेसियों ने किया सीएम आवास का घेराव

## सीबीआई जांच में पुराने पेपर लीक मामले शामिल करने की उठाई मांग

**देहरादून,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेपर लीक के मुद्दे पर आज कांग्रेस नेता सीएम आवास का घेराव करने के लिए राजधानी की सड़कों पर उतरे। पेपर चोर गद्दी छोड़ के नारा लिखी तख्तियां हाथों में लेकर जब हाथी बड़कला पुलिस स्टेशन पहुंचे तो यहां पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया गया। जहां सड़क पर बैठकर इन नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं की मांग है कि सरकार पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के दायरे को बढ़ाए तथा जांच को सिर्फ वर्तमान में हुए पेपर लीक तक सीमित न रखा जाए। यूकेएसएसएससी के माध्यम से शिक्षा और सहकारिता विभाग में पूर्व समय में हुई भर्तियों की भी जांच सीबीआई से कराई जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि यह जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में किराए कराई जाए। तथा वर्तमान परीक्षा को रद्द किया जाए और नए सिरे से फिर परीक्षा कराई जाए। कांग्रेस नेताओं ने आयोग के अध्यक्ष को भी पद से हटाने की मांग की है।

21 सितंबर को हुई यूकेएसएसएससी कि इस परीक्षा का पर्चा लीक होने के कारण युवा बेरोजगार छात्रों ने राज्यव्यापी आंदोलन चलाया था लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने छात्रों के धरने प्रदर्शन से दूरी बनाकर ही रखी गई। छात्रों के आंदोलन को लेकर वह अपना अलग ही रवैया अपनाये रहे। अब 15 दिन बाद उन्हें इस मुद्दे पर आंदोलन की याद आई है और वह सीएम आवास घेराव करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराती दिख रहे हैं और बता रहे हैं कि वह छात्रों के साथ खड़े हैं।

प्रदर्शन करने वालों में पूर्व सीएम हरीश रावत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह तथा गणेश गोदयाल, सूर्यकांत धस्माना, रणजीत सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, वीरेंद्र सिंह रावत, राजीव महर्षि, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।



■ नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# दीपावली तक जिले की सभी सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त

**रुद्रप्रयाग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के विशेष अभियान के क्रम में शासन ने दीपावली तक प्रदेश की समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान को जनपद में प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में सड़क मार्गों के स्थलीय निरीक्षण के लिए समिति गठित की गई। जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी समिति की अध्यक्षता करेंगे। समिति में संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, पीएमजीएसवाई तथा ग्रामीण निर्माण विभाग सदस्य का शामिल किया जायेगा। समिति अपने-अपने क्षेत्रों की सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर जिलाधिकारी को विस्तृत आख्या उपलब्ध कराएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होने दीपावली से पहले जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

■ समिति को तीन दिन में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश

# 2018 में उमेश कुमार के आवास से बरामद हुए थे डालर, थाई करेंसी व अन्य सामान

■ न्यायालय की शरण लेगा जन संघर्ष मोर्चा

**विकासनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएम के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि उमेश कुमार प्रकरण में ईडी और आयकर विभाग की निष्क्रियता के खिलाफ मोर्चा अब न्यायालय की शरण लेगा। पत्रकार वार्ता में नेगी ने कहा कि करीब 2018 नवंबर में तत्कालीन सीएम त्रिवेंद्र रावत शासन काल में उमेश कुमार (वर्तमान खानपुर विधायक) को गाजियाबाद स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। उस समय उनके आवास से 6279 अमेरिकी डॉलर, 11030 थाई करेंसी, विदेशी शराब, लाखों रुपये की नकदी, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य वस्तुएं बरामद हुई थीं।




इसकी रिपोर्ट तत्काल शासन और गृह विभाग को भेजी गई थी। नवंबर 2018 में उत्तराखंड शासन ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग से विस्तृत जांच कराने का आग्रह किया था। गृह विभाग द्वारा तीन-तीन अनुस्मारक भेजे जाने के बावजूद दोनों विभागों ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। अप्रैल 2023 में नेगी ने स्वयं भी कार्रवाई का आग्रह किया, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

नेगी ने आरोप लगाया कि ईडी और आयकर विभाग केवल राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए सक्रिय रहते हैं, जबकि अपने चहेतों के मामलों में चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि उमेश कुमार की अकूत सम्पत्ति की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मोर्चा इस मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। पत्रकार वार्ता में दिलबाग सिंह व प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड बोर्ड की अंक सुधार परीक्षा का रिजल्ट घोषित

**देहरादून,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड बोर्ड की अंक सुधार परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। हाई स्कूल में 81.38 और इंटरमीडिएट में 76 प्रतिशत बच्चे पास हुए है। उत्तराखंड बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाफल सुधार परीक्षा का परिणाम तय समय पर घोषित नहीं हो पाया था। पहले पंचायत चुनाव, फिर राज्य में आपदा और अब राजकीय शिक्षक संघ के परीक्षा मूल्यांकन बहिष्कार से इसमें देरी हुई है। फिर अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जा गया उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल के दो और इंटरमीडिएट में एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी परीक्षा में सफल होने का मौका दिया गया था। इसके लिए दो से 21 मई तक आवेदन लिए गए थे। हाईस्कूल के 8400 और इंटरमीडिएट के 10706 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के लिए आवेदन किए थे। चार से 11 अगस्त तक परीक्षा के लिए राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

■ हाईस्कूल में 81.38 और इंटरमीडिएट में 76 प्रतिशत बच्चे पास

# फिक्की फ्लो बाजार 7 व 8 अक्टूबर को लगेगा

■ आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आत्मनिर्भरता, वित्तीय स्वतंत्रता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

**देहरादून,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। फिक्की फ्लो उत्तराखंड अपनी बहुप्रतीक्षित प्रमुख बाज़ार के 9वें सीज़न फ्लो ट्रेड फेयर एंड बाज़ार का आयोजन करने जा रहा है, जिसका नेतृत्व अध्यक्षा डॉ. गीता खन्ना करेंगी। यह आयोजन 7 और 8 अक्टूबरको होटल मधुबन, राजपुर रोड, देहरादून में होगा, जो सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। यह दो दिवसीय कार्यक्रम महिला उद्यमियों, शिल्पकारों और स्थानीय व्यवसायों को एक मंच पर लाएगा और साथ ही भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मनाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आत्मनिर्भरता, वित्तीय स्वतंत्रता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह भव्य आयोजन बड़ी संख्या में विशेष स्टॉल प्रस्तुत करेगा जिसमें आभूषण, जीवनशैली उत्पाद, हस्तशिल्प, गृह सज्जा, फर्निशिंग्स, फैशन और बहुत कुछ शामिल होगा। आर्टिजन हाट में पूरे भारत से 20 राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध शिल्पकार होंगे, जिनमें पद्मश्री सम्मानित और यूनेस्को से मान्यता प्राप्त शिल्पकार भी शामिल होंगे। ये कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और लाइव वर्कशॉप भी आयोजित करेंगे। भव्य उद्घाटन समारोह में गीता धामी शामिल होंगीं। पूरे बाज़ार की अवधारणा डॉ. गीता खन्ना के मार्गदर्शन में तैयार की गई है, जिसमें सह-संयोजक लुबना मिर्ज़ा और ज्योति सिंह राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तृप्ति बेहल, सचिव स्मृति बत्ता, पूर्व अध्यक्षा कोमल बत्रा और पूर्व अध्यक्षा अनुराधा मल्ला शामिल हैं। एक विशेष साइकिल वितरण अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को मुकुल माधव फाउंडेशन (फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड द्वारा समर्थित) के सहयोग से साइकिल दी जाएगी जिसमें उत्तराखंड की बाल विकास महिला एवं खेल मंत्री रेखा आर्या मौजूद रहेंगी। इसके अलावा ख्यातिप्राप्त शिल्पकारों की इंटरैक्टिव वर्कशॉप, सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट रोहित बोस द्वारा लाइव साड़ी ड्रेपिंग सेशन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, छात्रों की शिल्पकारों के साथ बातचीत, युवा सहभागिता और सेलिब्रिटी ठीक है कठपुतली मेकिंग वर्कशॉप, सांझी आर्ट पेपर कटिंग वर्कशॉप, इंटरेक्शन भी होंगे। एक अनोखा सेगमेंट मां-बेटे की जोड़ी रोहित बोस और उनकी माता को प्रस्तुत करेगा, जो आज के समय में रिश्तों की गर्मजोशी और साथ को जीवंत उदाहरण के रूप में सामने लाएगा।



# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 5 को

**गुरुग्राम,** 3 अक्तूबर (देशबन्धु)। श्री बागेश्वर बांके बिहारी मिलन ब्रज पदयात्रा के समर्थन में गुरुग्राम में आगामी 5 अक्टूबर को निकलने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा को लेकर शुक्रवार को सेक्टर 4 हुड्डा जिमखाना क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें गुरुग्राम के सनातनी हिंदुओं से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो कर पदयात्रा सफल बनाने की अपील की गई। यह 5 पदयात्रा अक्टूबर को कृष्ण मंदिर सेक्टर 10 ए से सुबह 10 बजे से शुरू होकर कादीपुर, पटौदी चौक, न्यू कॉलोनी मोड़, चिंतपूर्णी माता मंदिर, सेक्टर 5 हुड्डा ग्राउंड होते हुए शीतला माता मंदिर तक जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में साधु संतों समेत हजारों लोग शामिल होंगे। पदयात्रा का आयोजन अखंड भारत सेवा संघ ट्रस्ट एवं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल गुरुग्राम की ओर से किया गया है। यात्रा के संयोजक और श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 10 ए के पंडित गोपाल कौशिक ने बताया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छतरपुर दिल्ली से वृंदावन तक नवंबर में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं। इसकी शुरुआत 7 नवंबर से होगी और यात्रा 17 नवंबर को मथुरा पहुंचकर समाप्त हो जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंडित गोपाल कौशिक के अलावा अखंड भारत सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक अजय यादव, जन सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष रणधीर राय, सुनील हरजाई, स्वामी अलख नाथ महाराज व गौसेवक मनीष आदि उपस्थित थे।

### सुडोकू 7052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

# प्रादेशिकी

**एनसीआरबी के आंकड़ों पर भ्रामक बयानबाजी बंद करें अखिलेश : भाजपा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव एनसीआरबी के आंकड़ों को लेकर भ्रामक बयानबाजी से बाज आयें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की स्थिति को तोड़ मरोड़कर जनता के सामने पेश कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इतनी बड़ी आबादी का प्रदेश होते हुए भी योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जिस तरह से अपराधों पर लगाम लगाई है वह सराहनीय है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी अपराध दुखद और निंदनीय है। समाजवादी पार्टी के मुखिया उत्तर प्रदेश को लेकर जिस तरह से भ्रामक टिप्पणियाँ करते हैं वह किसी पूर्व मुख्यमंत्री के लिए शोभनीय नहीं है।

## 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' से बेटियों को स्वावलंबन की नई उड़ान दे रही सरकार

### ग्रामीण अंचल से कॉलेज कैंपस तक बेटियों ने थामी स्टीयरिंग, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम

**लखनऊ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह की शुरुआत 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' कार्यक्रम के साथ हुई। शुक्रवार को पूरे प्रदेश में आयोजित इस अभिनव पहल ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नया आयाम दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम में पहले दिन 3,000 से अधिक बालिकाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बेटियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विभाग का लक्ष्य पूरे महीने में 7,500 बालिकाओं को निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण देकर उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस दिलाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' केवल वाहन चलाने का प्रशिक्षण नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को पंख देने का सशक्त मंच है। प्रत्येक जनपद में दूरस्थ क्षेत्रों से चयनित 100-100 बालिकाओं और महिलाओं को न्यूनतम एक माह का ड्राइविंग कोर्स प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेत, आपातकालीन परिस्थितियों में वाहन नियंत्रण और महिला सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह पहल बालिकाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के साथ-साथ दैनिक जीवन में स्वतंत्रता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

■ **7500 बालिकाओं को प्रशिक्षण लक्ष्य, पहले दिन 3000 से अधिक ने कराया पंजीकरण**



प्रदेश के विभिन्न जनपदों से ड्राइविंग प्रशिक्षण की प्रेरक झलकियां भी सामने आई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों ने पहली बार स्टीयरिंग संभालकर आत्मविश्वास की नई अनुभूति की तो वहीं महाविद्यालयों की छात्राओं ने इसे अपने करियर के लिए गेम-चेंजर बताया। कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षकों ने बताया कि बालिकाओं में सीखने की ललक और उत्साह देखकर यह स्पष्ट होता है कि वे इस पहल से अपने जीवन में बड़ा परिवर्तन लाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का एक क्रांतिकारी कदम है। यह कार्यक्रम केवल ड्राइविंग सिखाने तक सीमित नहीं, बल्कि बेटियों को उनके सपनों की उड़ान देने का संकल्प है। वहीं विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में जिस तरह बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया, उससे यह संदेश गया है कि उत्तर प्रदेश में अब बेटियाँ हर राह पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगी। मिशन शक्ति 5.0 ने 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक 13.50 लाख लोगों तक पहुंच बनाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया है। कन्या पूजन, नुक्कड़ नाटक और अब ड्राइविंग प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों ने बेटियों को सम्मान और स्वावलंबन की नई राह दिखाई है।

## श्री वेंक्टेश्वरा विवि एवं विम्स के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

### रोल ऑफ मेडिकल प्रोफेशनल्स इन रोड सेफ्टी अवेयरनेस इन इण्डिया विषय पर चर्चा

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं विम्स मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में "रोल ऑफ मेडिकल प्रोफेशनल्स इन रोड सेफ्टी अवेयरनेस इन इण्डिया" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए देश के विख्यात आर्थो सर्जन पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक विशेष रूप मेडिकल प्रोफेशनल्स का इसमें सबसे अहम रोल है। किसी भी सड़क दुर्घटना होने पर पहला एक घंटा सबसे अहम होता है, जिसमें पीड़ित को प्राथमिक उपचार से लेकर हायर सेंटर तक लाने एवं वहां पर त्वरित एडवांस उपचार उसकी जान बचाने में सबसे अहम रोल अदा करता है। वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक सुधीर गिरि ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना रोकना सिर्फ सरकार की ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।



■ **सड़क दुर्घटनाओं के प्रति नागरिकों को जागरूक करना जरूरी : संजय**

सभी को इसके प्रति प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए। जिससे हर एक व्यक्ति नियमों का पालन करे और सरकार के कार्य में सहभागिता दे। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि देश के सभी जिम्मेदार नागरिक विशेष रूप से युवा यातायात नियमों का पालन करें, नशे में गाड़ी चलाने से बचे, सुरक्षित दूरी बनाए रखे, आदि नियमों के पालन से हम प्रतिवर्ष लाखो लोगो की जान बचा सकते है। इस अवसर पर डीन मेडिकल डॉ. संजीव एच. भट्ट, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश मेहता, डॉ. सुप्रीति भटनागर, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. साची अहलावत, डॉ. दीपाली गुप्ता, डॉ. सचिन टूटू, डॉ. अल्ताफ, डॉ. रूचि मान, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. सोनिया रावत, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन एनॉटमी की एसोसिऐट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीति भटनागर ने किया।

## दोस्त ने ही की थी बलकटी से विजय की हत्या

**मवाना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो दिन पहले हस्तिनापुर निवासी विजय की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने नगर के मोहल्ला हीरालाल निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सीओ मवाना के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने 48 घंटे के भीतर हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी भी बरामद कर ली है।

गत बुधवार को बेरियों वाले शमशान घाट के समीप बाग में हस्तिनापुर के विजय पुत्र फूल सिंह की गला काटकर हत्या की गई थी। विजय नशा करता था और जंगलों में ही अपनी रात गुजारा करता था। परिजनों की ओर से अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीओ मवाना पंकज लवानिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दिन-रात एक कर दिए और विजय की हत्या करने वाले निर्दोष कुमार पुत्र महकार निवासी मोहल्ला हीरालाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी, एक बाइक व आरोपी के खून से सने हुए कपड़े बरामद कर लिए। हत्यारोपी निर्दोष कुमार ने पुलिस को बताया कि दोनों एक साथ भांग और शराब का नशा करते थे।

## सार संक्षेप

### सेना की संगोष्ठी में सुभारती के छात्रों ने जानी रक्षा रणनीति

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक ओर जहाँ छात्रों ने भारतीय सेना की संगोष्ठी में रक्षा रणनीति की बारीकियों को समझा, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान और शपथ समारोह आयोजित किए गए। इस कड़ी में सर्वप्रथम भारतीय सेना की कोर 2 डिविजन द्वारा आयोजित पाइन संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। 'पुनरावलोकन प्रतिरोधरू पाकिस्तान की रणनीतिक चाल और भारत के विकल्प' विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को देश की रक्षा और सामरिक मामलों से अवगत कराना था।

### बहराइच में सड़क हादसे में दो मरे

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम तेज रफ्तार मिनी क्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि कुड़वा ब्रिज के पास हुयी इस दुर्घटना में मृतकों की पहचान वीरेंद्र (40) और प्रकाश गौतम (38) के रूप में हुई है। दोनों युवक मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए घाघरा घाट जा रहे थे। लगभग चार बजे, बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित कुड़वा ब्रिज के पास, जब वे बाइक चला रहे थे, तभी एक मिनी क्रेन, जो एक क्षतिग्रस्त मिनी ट्रक को लेकर जा रही थी, ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के उपरांत मिनी क्रेन का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### मस्जिद में लगाया सऊदी अरब का झंडा, मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक मस्जिद पर सऊदी अरब का झंडा फहराए जाने का वीडियो वायरल होते ही शुक्रवार को आजमगढ़ पुलिस सक्रिय हुई और उसने तत्काल झंडा उतरवा कर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। फिलहाल युवक फरार है पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मामला अतरौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम कड़सरा शिवदास का पुरा का है, जहां स्थित नूरी मस्जिद की मीनार पर कथित तौर पर सऊदी अरब का झंडा लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर झंडा उतरवाया। सोशल मीडिया पर गौरव सिंह रघुवंशी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में मस्जिद की मीनार पर सऊदी अरब का झंडा लगाया गया था। वीडियो वायरल होने के ही उपनिरीक्षक जफर अयूब हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और झंडा उतरवाकर सुरक्षित किया। पुलिस जांच में सामने आया कि कड़सरा शिवदास का पुरा का ही रहने वाले एक युवक ने यह झंडा लगाया था।

### सूचना

मैंने अपना नाम अमायरा पाराशर से बदल कर निर्विका पाराशर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निर्विका पाराशर पुत्री श्री दिग्विजय पाराशर निवासी-91/1 गांधी नगर, गढ़ रोड, मेरठ।

## शोभित विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग (आईबीएम स्किल बिल्ड पर कोर्सेज पर आधारित 'नेस्ट जेन एनालिटिक्स' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस



कार्यशाला का मुख्य वक्ता एडुनेट फाउंडेशन से एआई एवं एमएल प्रशिक्षक अमन श्रीवास्तव ने किया। अमन ने छात्रों को डेटा एनालिटिक्स के महत्व से अवगत कराते हुए कई केस स्टडीज प्रस्तुत कीं, जिससे सत्र अधिक व्यावहारिक और अनुप्रयोग आधारित रहा। उन्होंने आईबीएम स्किल बिल्ड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सेज की भी जानकारी दी, जिनके माध्यम से छात्र स्वयं को नवीनतम तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्नत कर सकते हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी रुझानों और उद्योग में आवश्यक कौशलों से अद्यतन रखना तथा उन्हें प्लेसमेंट रेडी बनाना था। यह कार्यशाला छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

## गांधीजी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही मिलेगी सफलताः डा. ओमपाल

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ में गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन

■ **तक्षशिला में मनाई गई गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती**
■ **चित्रों पर माल्यार्पण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**
■ **विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को महात्मा गाँधी तथा लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित अनेक प्रसंग सुनाए**

डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण करके किया। छात्र-छात्राओं द्वारा रघुपति राघव राजा राम गीत गाया गया। जिससे सारा वातावरण गाँधीमय हो गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। जिसमें ऐनक पहने लाठी पकड़े तथा कक्षा 10 अ की छात्रा सुहानी द्वारा सुनायी गयी



कविता विशेष रहीं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को महात्मा गाँधी तथा लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित अनेक प्रसंग सुनाए और बच्चों को गांधीजी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने गाँधी जयंती के मौके पर सभी बच्चों को गाँधी जयंती व शास्त्री जयंती की शुभकामना, दीं एवं सच्चाई, ईमानदारी व कर्मठता के मार्ग पर चलकर देश सेवा करने की प्रेरणा दी।

### नेशनल किक बॉक्सिंग की पदक विजेता आयुषी सोम का भव्य स्वागत

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में 50 कि.ग्रा. वर्ग में कांस्य पदक विजेता कक्षा 11 की छात्रा आयुषी सोम का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। आयुषी सोम ने 50 कि.ग्रा. वर्ग में इसी वर्ष राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था तथा उनका चयन उत्तर प्रदेश की किकबॉक्सिंग टीम में नेशनल खेलने के लिए हुआ था। आयुषी सोम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 कि.ग्रा. वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। आयुषी सोम का स्कूल पहुंचने पर मैनेजमेंट, प्रधानाचार्या, शिक्षक एवं बच्चों ने भव्य स्वागत किया। आयुषी सोम ने अपने नेशनल में पदक प्राप्त करने के अनुभव को सभी के साथ साझा किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने आयुषी सोम को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुषी सोम के पिता विकास कुमार मेरठ में एक व्यवसायी हैं तथा माता वीनीता रानी एक गृहणी हैं।



## मुरादाबाद में मासूम की पानी भरी बाल्टी में गिरने से मौत

मुरादाबाद, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में लापरवाही से हुए हादसे में ननिहाल आए दो साल के मासूम की पानी से भरी बाल्टी में सिर के बल गिरने से डूब कर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बदायूं जिले के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के ईसखेड़ा गांव निवासी मोहम्मद इरफान पंजाब प्रांत के सरन शरीफ कस्बे में सैलून की दुकान चलाता है। इरफान की बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर में मेंहदी हसन के घर ससुराल है। उसकी पत्नी शहरुल अपने दो बेटों शिफान अली (2) और अहमद रजा को लेकर पिछले कुछ दिनों से अपने मायके आई हुई है। शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे शिफान अली (02) खेलते समय बाथरूम में रखी पानी से भरी बाल्टी में सिर के बल गिर गया।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लिए 5 छात्र शॉर्टलिस्टेड



**मवाना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मवाना में टाइम्स प्रो द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लिए एक संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें टाइम्स-प्रो के भगत सिंह, मैनेजर उपस्थित रहे। ड्राइव की शुरुआत प्रीप्लेसमेंट वार्ता से हुई तत्पश्चात साक्षात्कार एवं ऑन लाइन टेस्ट के माध्यम से 5 छात्र-छात्राओं को फाइनल साक्षात्कार के लिए चुना गया जो कि 9 अक्टूबर, 25 को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के दिल्ली कार्यालय में होगा। इस ड्राइव में आसपास के क्षेत्र कॉलेज के करीब 42 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और 5 प्रतिभागियों ने शॉर्टलिस्टेड होकर अंतिम साक्षात्कार के लिए अपनी जगह बनाई। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल ने शॉर्टलिस्टेड छात्र छात्राओं को अंतिम साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

एकेडमिक कॉर्डिनेटर संजीत सिंह ने शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए, वही ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने कंपनी से आए अधिकारी का धन्यवाद किया और शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों अंतिम साक्षात्कार के लिए बधाई दी और उन्हें अपने कार्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय ने टाइम्स प्रो के अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कृषि विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम अभ्य उदय 2025 का आयोजन

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम अभियुदय 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर के के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय पशु चिकित्सा महाविद्यालय बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी तकनीक महाविद्यालय हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय एवं सुगरकेन साइंस एंड टेक्नोलॉजी महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जिलाधिकारी व एसएसपी का भ्रमण



**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुमे की नमाज व आगामी पर्वो के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह तथा एसएसपी विपिन ताडा द्वारा हापुड अड्डा, जाकिर कालोनी, पिलोखडी, भूमिया का पुल, बागपत तिराहा, रेलवे रोड चौराहा, केसरगंज चौकी, सोतीगंज, बेगमपुल आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जीन में बदलाव करके सुधर सकेगी पर्यावरण की सेहत

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैसे-जैसे देश की जनसंख्या बढ़ रही है। खेती योग भूमि कम होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि के सामने भविष्य में कई चुनौतियां आ सकती हैं। खेती किसानी में क्रांतिकारी बदलाव की तैयारी है। आने वाले दिनों में कम पैदावार वाली फसलों पौधों के नए जीन विकसित कर कम खर्चे में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा। इससे अन्नदाता तो सफल बनेंगे ही पर्यावरण में भी सुधारने तथा संरक्षित करने में सहायता मिल सकेगी। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जिनोम एडिटिंग लैब के माध्यम से बंद किया तथा विभिन्न फसलों की नई प्रजातियां विकसित करने की कोशिश शुरू कर दी गई है। किसी विज्ञान की माने तो जिनोम एडिटिंग से ज्यादा पैदावार देने वाले पौधों का



सहज विकास किया जा सकता है। प्रोफेसर आर एस सेंगर ने बताया कृषि विश्वविद्यालय में जिनोम एडिटिंग के क्षेत्र में भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय में नैनो टेक्नोलॉजी पर भी विज्ञान को द्वारा लैब में कार्य किया जा रहा है।

## अयोध्या में सरकारी धन की लूट पर नगर निगम अयोध्या का चयनित बोर्ड मौन क्यों?

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या,** 3 अक्टूबर(देशबंधु)। हिंदुत्व की ज्वाला प्रज्वलित रहे इस दृष्टि से अयोध्या, संघ के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस महत्व को यूं समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अयोध्या में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति रही। मोदी, योगी की सरकार ने संघ की इच्छा को देखते हुए अयोध्या में विकास कार्यों के लिए खजाने का मुंह खोल रखा है। इस खजाने की लूट पर रोक लगाने में अयोध्या नगरनिगम का बोर्ड अक्षम दिखाई पड़ रहा है।

नगर निगम अयोध्या बनने के बाद मौजूदा समय चयनित बोर्ड का दूसरा कार्यकाल है। गिरीश पति त्रिपाठी महापौर हैं, वे एक मंदिर के महंत भी हैं और चुनाव पूर्व कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। नगर निगम बोर्ड का यह दूसरा कार्यकाल मई 2023 से शुरू हुआ है। इसी कार्यकाल में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और महाकुंभ जैसे आयोजन निपटे




हैं। अब इसी साल 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या फिर महामहिम राष्ट्रपति को बुलाये जाने का प्रयास है।

नगर निगम ने बीते प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से लेकर अब तक इसके लिए सरकार से अकूत धन पाए, साफ-सफाई, सजावट, लाइटिंग, सुरक्षा और न जाने किस-किस के मद में। इसी तरह से एक कान्हा गौशाला है। इस पर

■ **नगर निगम बोर्ड का यह दूसरा कार्यकाल मई 2023 से शुरू हुआ**
■ **25 नवम्बर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी**

भी करोड़ों रुपए धन आए। लेकिन इस सरकारी धन की लूट कैसे हुई और कैसे अनाप-शनाप अनियमित भुगतान विभिन्न एजेंसियों को किए गए। यह सब करोड़ का खेल हुआ है। यह सब भुगतान नगर निगम के सरकारी कारकूनों के दस्तखत से हुए हैं।

देशबंधु अखबार लगातार अयोध्या में आर्थिक लूट पर खबर दे रहा है। अंधेरगर्दी का एक और छोटा नमूना देखिए। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान इस पूरे महानगर और जिले को प्राण प्रतिष्ठा की होर्डिंग से पाट दिया गया था। इस पर लाखों खर्च हुए हैं। यह काम लगभग एक ही नेचर का था और एक ही अवधि का था तो स्वाभाविक है कि इसका टेंडर निकाला जाना चाहिए था। टेंडर निकलता तो विभिन्न फर्में प्रतिस्पर्धा में उतरती और स्वाभाविक रूप से इसका लाभ नगर निगम को होता। लेकिन चूंकि सरकारी धन की लूट करनी थी सो यह काम टुकड़े-टुकड़े में कुछ चहेती फर्मों को दे दिया गया। यह इसलिए किया गया कि टेंडर से बचा जा सके और लूट की जा सके।

लूट की इस तरह के तरीके की भनक आगे चलकर कुछ पार्षदों को लगी तो बाकायदा शिकायत हुई। एक भाजपा पार्षद की ही शिकायत पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बीते 26 जून को उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग को पत्र लिखकर जांच की मांग भी की, लेकिन नतीजा सिफर है।

वरिष्ठ पत्रकार इंदु भूषण पांडेय सवाल उठाते हैं कि क्या नगर निगम का बोर्ड भी इस लूट में शामिल है ? क्या जो कुछ अंधेरगर्दी हुई उसकी बोर्ड को जानकारी नहीं है ? और अगर जानकारी नहीं है तो यह नगर निगम का चयनित बोर्ड किस अर्थ का? क्या इस बोर्ड को सब कुछ जानने का अधिकार नहीं है, बोर्ड आंखें बंद क्यों किए हुए है? यह सब बहुत सारे सवाल हैं। अंधेरगर्दी जारी है।

## सरधना उप-चुनाव में एक नामांकन वापस

**सरधना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद सरधना के वार्ड संख्या 15 में होने वाले उप-चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। लगभग चार माह पूर्व निर्वाचित सभासद श्रीमती वसीला के आकस्मिक निधन से रिक्त हुई इस सीट पर, अब मतदाता 17 अक्टूबर को अपना नया प्रतिनिधि चुनेंगे। इस बीच गुलफ्शा के नाम वापसी को पूर्व सभासद शाहिदा अंसारी के पक्ष में माना जा रहा है। उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण मोड़ आया जब प्रत्याशी गुलफ्शाने तहसील पहुंचकर अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। नाम वापसी के दौरान, उनके साथ एक अन्य प्रत्याशी शाहिदा अंसारी (पत्नी तराबुद्दीन) भी मौजूद रहीं।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### महात्मा गांधी पर बात करना 'सूरज को दीया दिखाने जैसा' : राजपाल यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'कैश-एम-कैश' फिल्म का पहला पोस्टर लॉन्च का कार्यक्रम रखा गया। फिल्म पैसा और महात्मा गांधी के जीवन के मूल विचारों और उनकी नीतियों पर बनी है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च पर एक्टर राजपाल यादव और बीजेपी नेता विजय गोयल को देखा गया। दोनों ही हस्तियों ने फिल्म और महात्मा गांधी के अच्छे विचारों पर बात की। मीडिया से बात करते हुए बीजेपी नेता विजय गोयल ने कहा कि आज जिस फिल्म का पोस्टर हम लोगों ने रिलीज किया है, वो कैश-एम-कैश है। इस फिल्म में संदेश है कि महात्मा गांधी को सिर्फ नोट में छापकर या भाषणों में याद करके, या अपने घर के हॉल में चरखा रखकर याद न रखें। गांधी जी के विचारों को फॉलो करने की जरूरत है, उनके असल आदर्शों को जानने की जरूरत है।

## सोहा अली खान का कॉर्पोरेट जॉब से बड़ी स्क्रीन तक का सफर

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेत्री सोहा अली खान का सफर दूसरे कलाकारों की तुलना में थोड़ा अलग और दिलचस्प रहा है। फिल्मों में आने से पहले उनका जीवन बिलकुल सामान्य था। उन्होंने कॉर्पोरेट में भी काम किया और उस समय उनकी सैलरी लगभग दो लाख रुपए सालाना थी। मुंबई जैसे शहर में खुद के पैरों पर खड़े होने की जद्दोजहद और फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के फैसले ने सोहा की जिंदगी को एक नया मोड़ दिया। आज वह एक सफल अभिनेत्री, लेखक और पॉडकास्टर हैं। सोहा अली खान का जन्म 4 अक्टूबर 1978 को नई दिल्ली में हुआ था। वे भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की बेटी हैं। इस परिवार की विरासत बहुत बड़ी है क्योंकि उनके पिता और दादा दोनों ही भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके हैं। वहीं उनकी मां बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। ऐसे में सोहा को बचपन से ही कला और खेल दोनों का माहौल मिला। उनके बड़े भाई सैफ अली खान भी बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता हैं, और उनकी भाभी करीना कपूर खान भी फिल्मी दुनिया की स्टार हैं।




## विश्व मुस्कुराना दिवस : चेहरे की मुस्कान बदल सकती है जीवन

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज के समय में चेहरे पर तनाव होना आम बात हो गई है। कभी ऑफिस का प्रेशर, कभी घर की जिम्मेदारियां, कभी रिश्तों की उलझन और कभी भविष्य की चिंता ऐसे माहौल में मुस्कुराना लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है और वह अब धीरे-धीरे मुस्कुराना भूलते जा रहे हैं। लेकिन अगर चेहरे पर एक छोटी सी मुस्कान कायम रखी जाए, तो यह जीवन की दिशा को बदल सकती है।

इसी सोच के साथ हर साल अक्टूबर के पहले शुक्रवार को दुनिया भर में वर्ल्ड स्माइल डे मनाया जाता है। इस साल यह खास दिन 3 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य है जीवन में सकारात्मकता का जश्न मनाना है, जिसमें हम भी मुस्कुराएं और दूसरों को भी मुस्कुराने की वजह दें।

वर्ल्ड स्माइल डे की शुरुआत एक अमेरिकी कलाकार हार्वे बॉल ने की थी,




जिन्होंने 1963 में मशहूर 'स्माइली फेस' डिजाइन किया था जो आज भी सोशल मीडिया से लेकर विज्ञापनों तक में खूब दिखता है। हार्वे बॉल ने देखा कि उनका बनाया गया यह मुस्कुराता हुआ येलो फेस पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है, लेकिन इसके पीछे की भावना, पॉजिटिविटी और दयालुता, कहीं खोती जा रही है। इसी को वापस लाने के लिए उन्होंने 1999 में पहली बार वर्ल्ड स्माइल डे मनाया। तब से यह एक अंतरराष्ट्रीय पर्व बन गया है।

यह दिन लोगों को मुस्कुराने का संदेश देता है। वर्ल्ड स्माइल डे के पीछे

- 1999 में पहली बार वर्ल्ड स्माइल डे मनाया गया
- मुस्कुराने से तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याओं में राहत

यह भी वैज्ञानिक तर्क है कि मुस्कुराना न सिर्फ भावनात्मक रूप से मदद करता है, बल्कि शारीरिक रूप से भी फायदेमंद होता है। जब हम मुस्कुराते हैं तो हमारे दिमाग में एंडोर्फिन, सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जो हमें अंदर से खुश और शांत महसूस कराते हैं। मुस्कुराने से न केवल मूड अच्छा होता है बल्कि तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है।

इस दिन को मनाने के कई तरीके हैं। कोई अनजान व्यक्ति को देखकर मुस्कुरा सकता है, कोई बुजुर्ग की मदद कर सकता है, किसी जरूरतमंद को खाना खिला सकता है, या बस किसी दोस्त या सहकर्मी को एक छोटा-सा 'थैंक यू' कहकर उनका दिन बना सकता है। कई स्कूलों और संस्थाओं में इस दिन को खास अंदाज में मनाया जाता है, बच्चों को 'स्माइली बैज' पहनाए जाते हैं, मोटिवेशनल कहानियां सुनाई जाती हैं और दयालुता के छोटे-छोटे कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

आज के डिजिटल युग में जब रिश्ते भी वर्चुअल होते जा रहे हैं, मुस्कान का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक इमोजी से भेजी गई मुस्कान भी सामने वाले के चेहरे पर हंसी ला सकती है। लेकिन वर्ल्ड स्माइल डे हमें याद दिलाता है कि सिर्फ स्क्रीन पर नहीं, असल जिंदगी में भी हमें मुस्कुराना और दूसरों को मुस्कुराने का कारण देना चाहिए।

## स्वास्थ्य के लिए 'अलार्म' है पेट में बनने वाला अम्ल

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हमारा पेट खाने पचाने का काम करता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाने पचाने के लिए अम्ल (एसिड) बनना जरूरी होता है। आमतौर पर, शरीर में अम्ल का बनना हानिकारक हो सकता है, लेकिन पेट में बनने वाला अम्ल किसी जादू से कम नहीं है। यह भोजन को तेजी से पचाने में अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, यह संतुलन महत्वपूर्ण है इस अम्ल का कम या अधिक बनना, दोनों ही अवस्थाएं शरीर के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं।

पेट में बनने वाला पाचक अम्ल मुख्य रूप से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और पेप्सिन का मिश्रण होता है। यह मिश्रण हमारे लिए एक तरह से अलार्म का काम करता है।



- पेट में असंतुलन से मिलता है बीमारियों को न्यौता
- पेट में दर्द, जलन व अल्सर होने का खतरा

जब पेट खाली होता है और आपको भूख लगती है, तो पेट से जो गुरगुराहट की आवाज आती है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि अब शरीर को भोजन की आवश्यकता है। पेट का अम्ल खाना पचाने, प्रोटीन को तोड़कर रक्त में मिलाने, भोजन के बैक्टीरिया को खत्म करने और अच्छे पोषक तत्वों को शरीर में अवशोषित करने का काम करता है। ये काम तभी ठीक प्रक्रिया से हो पाता है जब अम्ल सही समय और मात्रा में बने।

पेट में बनने वाला अम्ल हमारे पेट को नुकसान नहीं पहुंचाता, जब तक पेट के भीतरी हिस्से पर बनी म्यूकस लाइनिंग सुरक्षित है। ज्यादा मसालेदार, ज्यादा खट्टा और दूषित खाना खाने से म्यूकस लाइनिंग टूट जाती है और पेट में बनने वाला अम्ल पेट को ही नुकसान पहुंचाने लगता है। ऐसे में पेट में दर्द, जलन और अल्सर होने का खतरा रहता है। विज्ञान और आयुर्वेद में तभी इसी बात पर जोर दिया गया है कि रात का खाना हमेशा हल्का रखना चाहिए। रात के समय ही पाचन की दिक्कत के बाद हार्टबर्न और एसिडिटी की समस्या बन जाती है।

### पेट में बनने वाले अम्ल को संतुलित करने के उपाय

पेट में बनने वाले अम्ल को संतुलित करने के बहुत सारे तरीके हैं। तनाव और चिंता होने पर पेट में बनने वाला अम्ल बुरी तरीके से प्रभावित होता है। ये अम्ल को बढ़ाने और कम करने का काम करता है। इसके अलावा सौंफ और मिश्री का सेवन करना पेट की जठराग्नि के लिए अच्छा होता है। खाना खाने के बाद टहलने के साथ सौंफ और मिश्री का सेवन करें। ये पेट को ठंडा करती है। लस्सी और अजवाइन दोनों ही पेट के अम्ल के लिए अच्छी होती हैं। ये दोनों मिलकर अम्ल को संतुलित करती है और पाचन में भी मदद करती हैं।

## शैम्पू नहीं, बालों की सेहत के लिए सबसे असरदार है आसन

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हर महिला का ख्वाब होता है कि उसके बाल घने, चमकदार और लंबे हों, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और लगातार बढ़ता प्रदूषण बालों की सेहत को धीरे-धीरे बिगाड़ रहे हैं। यही वजह है कि बालों का झड़ना, टूटना, सफेद होना और समय से पहले बेजान हो जाना अब आम बात हो गई है। ऐसे में लोग महंगे शैम्पू और तेलों का सहारा लेते हैं, लेकिन कई बार ये उपाय भी असर नहीं करते। आयुष मंत्रालय की मानें तो बालों की देखभाल सिर्फ बाहर से नहीं, अंदर से भी जरूरी है।

बालों को झड़ने से रोकने के लिए शरीर और दिमाग को संतुलित बनाए रखना जरूरी है और इस संतुलन को बनाने में योग बेहद कारगर उपाय साबित हो सकता है। योग सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि यह शरीर के अंदरूनी सिस्टम को भी बेहतर बनाता है, जिसका सीधा असर बालों पर पड़ता है। अधोमुख श्वानासन बालों के लिए बेहद



फायदेमंद है। इस योगासन के दौरान सिर नीचे की ओर झुका होता है। यह स्थिति सिर की ओर खून के बहाव को बढ़ा देती है, जिससे बालों की जड़ों को भरपूर पोषण मिलता है। जब स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है तो बाल झड़ना रुकते हैं और नए बाल उगने की प्रक्रिया भी तेज होती है। साथ ही, ये आसन तनाव को भी काफी हद तक कम करता है, जो बालों के झड़ने की एक बड़ी वजह होती है।

शीर्षासन भी बालों की सेहत को बनाए रखता है। यह आसन थोड़ा कठिन जरूर है, लेकिन इसका असर बालों पर जबरदस्त होता है। इस आसन में व्यक्ति उल्टा खड़ा होता है, यानी सिर नीचे और पैर ऊपर होते हैं, जिससे पूरे शरीर का खून सिर की तरफ आता है। इससे बालों की जड़ों में ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्वों की सप्लाई तेज हो जाती है। यह बालों को अंदर से मजबूत बनाता है और उनके झड़ने की गति को धीमा करता है। इतना ही नहीं, यह योगासन दिमाग को भी शांत करता है और चिंता को दूर करता है, जिससे हार्मोनल असंतुलन भी सुधरता है।

उत्तानासन भी बालों में चमक लाने में मदद करता है। इस आसन में सिर नीचे की ओर होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जो बालों की जड़ों में जान डालता है। इस आसन से बालों की जड़ों को वह ऊर्जा मिलती है जो रोजमर्रा के तनाव और थकान के कारण कमजोर हो जाती है। इससे न सिर्फ बाल झड़ने की समस्या कम होती है, बल्कि बालों में चमक और ताकत भी लौटने लगती है।

## साइबर जागरूकता माह शुरू

### साइबर क्राइम पर अक्षय कुमार ने देवेंद्र फडणवीस से की अपील

**महाराष्ट्र,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई में साइबर जागरूकता माह अक्टूबर 2025 का शुभारंभ हुआ, जहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार को देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र पुलिस मुख्यालय में हुआ, जहां अक्षय कुमार ने अपनी बेटी के साथ हुई साइबर क्राइम की घटना का जिक्र किया और देवेंद्र फडणवीस से विनती करते हुए कहा कि हर स्कूल में बच्चों को 'साइबर' को सब्जेक्ट के तौर पर पढ़ाया जाए।



अक्षय कुमार ने कार्यक्रम में कहा कि मैं आपको उस घटना के बारे में बताना चाहता हूं जो कुछ महीनों पहले मेरे घर में घटी थी। मेरी बेटी ऑनलाइन गेम खेल रही थी और उस गेम में कई लोग शामिल होते हैं जिन्हें हम नहीं जानते। वहां से मैसेज आता है, 'बहुत अच्छा खेला, वेरी गुड,' और फिर सवाल आता है कि 'तुम कहां रहती हो?' मेरी बेटी ने लोकेशन बता दी। फिर कुछ दिन सब कुछ नॉर्मल हो गया, और फिर मैसेज आता है मेल हो या फीमेल? मेरी बेटी उसका भी जवाब देती है। उसके बाद वो अचानक उससे अश्लील फोटोज की डिमांड करता है और मेरी बेटी इस बारे में मेरी पत्नी को बताती है। एक्टर आगे कहते हैं, ये अच्छा हुआ कि मेरी बेटी ने अपनी मां से ये परेशानी शेयर की..लेकिन कुछ केस में ये नहीं हो पाता है। ये भी एक तरह का साइबर क्राइम है और ऐसे ही शुरुआत होती है मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से रिक्वेस्ट करता हूं, जैसे स्कूलों में बच्चे हिस्ट्री सीखते हैं, मैथ्स सीखते हैं..ऐसे ही बच्चों को साइबर के बारे में पढ़ाया जाए। डिजिटल वर्ल्ड की जानकारी के लिए बच्चों को ये जानना बहुत जरूरी है। बता दें कि अक्षय कुमार की बेटी नितारा 12 साल की हैं। एक्टर मीडिया की नजरों से अपनी बेटी को हमेशा बचाकर रखते हैं। एक्टर कभी-कभार ही सोशल मीडिया पर अपनी बेटी के साथ फोटोज पोस्ट करते हैं और ज्यादातर फोटोज में बेटी का चेहरा छिपा ही होता है।

## लखनी देवी मंदिर : दर्शन मात्र से दूर हो जाती हैं धन से जुड़ी समस्याएं

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से कुछ दूरी पर रतनपुर के पास घने जंगल और पहाड़ी पर मौजूद मां लखनी देवी का मंदिर अपनी ही मान्यताओं की वजह से श्रद्धालुओं के बीच प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में दर्शन से लोगों की आर्थिक परेशानियां दूर हो जाती हैं। लखनी देवी मंदिर करीब 800 साल पुराना बताया जाता है। इस मंदिर को कलचुरी राजवंश के समय बनाया गया था। मान्यता है कि अगर आप कर्ज में हैं या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं या पैसा हाथ में रुकता नहीं है तो मां लखनी देवी के मंदिर में अर्जी लगाने से हर संकट दूर हो जाता है।

इस मंदिर में खास तरह का श्री यंत्र है, जिसके दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से आते हैं। मां लखनी देवी को मां लक्ष्मी का ही अवतार माना जाता है। दिवाली और अगहन के महीने में मां के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाती है। मां को पूजने के लिए गुरुवार के दिन को शुभ माना जाता है। कहते हैं कि गुरुवार मां लक्ष्मी का दिन होता है और इस दिन की गई पूजा फलदायी होती है।

इसके पीछे एक कथा भी प्रचलित है। कहा जाता है कि कल्चुरी राजा रत्नदेव तृतीय का राज्य अकाल और महामारी



का शिकार हो गया था। राज्य में किसी के पास खाने के लिए दाना नहीं था, शाही राजकोष भी खाली हो गया था।

इस समस्या से निजात पाने के लिए विद्वान पंडित ने राजा को मां लक्ष्मी का मंदिर बनवाने के लिए कहा। कहा जाता है कि मंदिर बनने के बाद राज्य में दोबारा खुशहाली आ गई। राज्य को महामारी और अकाल से मुक्ति मिल गई। इस मंदिर में मां लक्ष्मी का स्वरूप बहुत प्यारा है।

यहां मां लक्ष्मी अष्टदल कमल पर विराजमान हैं और मंदिर के बाहर भगवान हनुमान और शिव की बड़ी प्रतिमा भी है, जो मंदिर की भव्यता को बढ़ाती है। दिवाली के मौके पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा और मंदिर को बहुत अच्छे सजाया जाता है। इस दिन खास पूजा से मां लक्ष्मी को प्रसन्न किया जाता है।

## अयोध्या में भगवान राम व सीता के पहुंचने पर नगर में फैली खुशी की लहर

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी साईट-4 में गणेश वंदना से रामलीला प्रारम्भ हुई। रामलीला मंचन में श्री राम लक्ष्मण को भेजकर लंका में विभीषण का राजतिलक करवाते हैं और हनुमान जी को अशोक वाटिका में सीता को लेने भेजते हैं और श्री राम लक्ष्मण से अग्नि का प्रबन्ध करने को कहते हैं कि सीता अग्नि परीक्षा के उपरांत ही मुझसे मिलेगी उनकी इस बात पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं, भगवान श्री राम समझाकर उन्हें शांत करते हैं और हनुमान जी सीता जी को लेकर आते हैं। अग्नि परीक्षा के उपरांत पुष्पक विमान से राम लक्ष्मण सीता सुग्रीव हनुमान विभीषण सब अयोध्या के लिए चलते हैं। मार्ग में ऋषि भारद्वाज का आशीर्वाद लेकर और मित्र गुह राज से मिलते हैं। माता सीता गंगा जी की पूजा करती हैं और हनुमान जी नंदी ग्राम में पहुंचकर भरत को शुभ समाचार देते है कि श्री राम अयोध्या लौट रहे हैं। यह सुनकर पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ पड़ती हैं और पुरवासी नाचते गाते खुशी मनाते हैं और भगवान श्री राम और भरत का मिलाप होता है और श्री राम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं तब गुरु वशिष्ठ उनके राजतिलक के लिए कहते हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम का



राजतिलक होता हैं इसी के साथ रामलीला मंचन का समापन होता है। मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कि कमेटी सभी सहयोग कर्ताओं का व कार्यक्रम के सभी प्रायोजकों का मीडिया का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यू पी सीड़ा जिला प्रसाशन व पुलिस प्रसाशन, फायर बिर्गेड का श्री रमलीला कमेटी धन्यवाद करती है। खास तौर पर पुलिस प्रशासन ने जो इस बार सिक्योरिटी की बेहतरीन व्यवस्था की थी कमेटी उसके लिए जिले के सभी छोटे व बड़े अधिकारियों का व इस्पेक्टर सब इस्पेक्टर कॉन्स्टेबल्स का बहुत बहुत धन्यवाद करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष मनजीत सिंह, धर्मपाल भाटी, बिजेन्द्र सिंह आर्य, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, केके शर्मा, मुकुल गोयल, अमित गोयल अतुल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### भरत मिलाप व रामराज्य की स्थापना के साथ रामलीला मंचन का समापन

गौरसिटी के राधाकृष्ण पार्क में श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट की तरफ से आयोजित की जा रहे श्री रामलीला महोत्सव में शुक्रवार को भरत मिलाप, रामराज्य की स्थापना और पुरस्कार वितरण के साथ विराम दिया गया। मंचन का प्रारम्भ सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। तत्पश्चात भरत मिलाप का मार्मिक दृश्य के मंचन को देख दर्शक द्रवित हो गए। राम राजतिलक और रामराज्य की स्थापना के साथ रामलीला मंचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट के संयोजक सुमित शर्मा ने समस्त कलाकारों व सहयोगियों को पुरस्कृत करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही दर्शकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजनों की सफलता उसमें उपस्थित होने वाले दर्शकों से ही तय होती है। ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने अगले वर्ष भव्यता के नए आयाम रचने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## छोटे बच्चों के लिए जानलेवा है काली खांसी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नई अध्ययन के अनुसार, छोटे बच्चों के लिए काली खांसी जानलेवा साबित हो सकती है। शोध में गर्भावस्था के दौरान माताओं के टीकाकरण पर जोर दिया गया है। इस बीमारी का सबसे बड़ा डर यह है कि यह बहुत जल्दी फैलती है और बच्चों में इसके लक्षण वयस्कों से अलग होते हैं, जिसकी वजह से समय पर पहचान और इलाज मुश्किल हो जाता है।

काली खांसी एक सांस की बीमारी है, जो बैक्टीरिया की वजह से होती है। इसके कारण मरीज को तेज और लंबे समय तक खांसी होती रहती है। खांसी के बाद सांस लेते वक्त जो 'हूप' की आवाज आती है, यह इस बीमारी की पहचान मानी जाती है। यह खांसी कुछ मामलों में महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे बच्चे और बड़े दोनों काफी परेशान रहते हैं। लेकिन बच्चों में यह बीमारी अलग तरह से सामने आती है, इसलिए इसे समझना और सही समय पर इलाज कराना बहुत जरूरी है।

शिकागो के एन एंड रॉबर्ट एच. लूरी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ और प्रमुख लेखिका कैटलिन ली ने कहा कि



छोटे बच्चों में काली खांसी के लक्षण वयस्कों से अलग होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन में बाल रोग की सहायक प्रोफेसर ली ने कहा कि बच्चों को 'हूप' वाली खांसी नहीं होती, बल्कि उनके सांस लेने में रुकावट (एपनिया) हो सकती है। इससे बच्चे की जान पर खतरा बढ़ जाता है क्योंकि वे ठीक से सांस नहीं ले पाते। साथ ही, खांसी के कारण उनके शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है, जिसे डॉक्टर कभी-कभी कैंसर

- बचाव के लिए गर्भावस्था में टीका लगवाना जरूरी
- छोटे बच्चों में काली खांसी के लक्षण वयस्कों से अलग
- गर्भवती महिलाओं को खांसी से बचाव का टीका लगवाने से बच्चे को जन्म से पहले ही मिलती है सुरक्षा

जैसी गंभीर बीमारी समझ बैठते हैं। ऐसे में सही निदान और जल्द से जल्द उपचार शुरू करना बचाव के लिए जरूरी होता है।

पीडियाट्रिक्स पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में शोधकर्ताओं ने इस बीमारी से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण पर विशेष जोर दिया है। ली ने कहा कि जब गर्भवती महिलाएं खांसी से बचाव का टीका लगवाती हैं, तो उनका शरीर उस बीमारी से लड़ने के लिए एंटीबॉडीज बनाता है, जो बच्चे को जन्म से पहले ही सुरक्षा प्रदान करती हैं। इससे नवजात शिशु इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रहते हैं।

अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के नियमों के मुताबिक, बच्चों को यह टीका 2, 4, 6, 15-18 महीने और फिर 4-6 साल की उम्र में दिया जाता है। इसके अलावा, 11-12 साल की उम्र में बूस्टर डोज लेना जरूरी है और यदि किसी बच्चे ने यह टीका नहीं लिया हो, तो 18 साल की उम्र तक इसे लिया जा सकता है।

गर्भवती महिलाओं को 27 से 36 हफ्ते के बीच टीका लगवाना चाहिए, जिससे बच्चे को जन्म से पहले ही खांसी जैसी बीमारी से बचाने में मदद मिल सके। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति में काली खांसी की पुष्टि हो जाती है या संदिग्ध मामला लगता है, तो उसे तुरंत एंटीबायोटिक लेना चाहिए। जल्दी इलाज शुरू करने से लक्षण कम हो सकते हैं और बीमारी फैलने से रोकी जा सकती है। हालांकि, देर से इलाज शुरू करने पर लक्षणों पर ज्यादा असर नहीं पड़ता, लेकिन यह संक्रमण को दूसरों तक पहुंचने से जरूर रोकता है।

## एमआर-लिनैक की मदद से कैंसर के उपचार की नई राह दिखायी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट एफएमआरआई, गुरुग्राम ने आज इलेक्टा यूनिटी एमआर लिनैक सिस्टम उपलब्ध कराने की पहली वर्षगांठ मनायी। यह उत्तर भारत का पहला और देश में दूसरा एमआर लिनैक सिस्टम है। सितम्बर 2024 में लॉन्च, यह शानदार प्लेटफार्म रियल-टाइम 1.5टी एमआरआई इमेजिंग का मेल एडवांस रेडिएशन डिलीवरी से कराते हुए, प्रिसीजन सटीक ओंकोलॉजी के क्षेत्र में नए मानक रच रहा है।

डॉ. एके आनंद, सीनियर डायरेक्टर एंड हैड, रेडिएशन ओंकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल गुड़गांव ने कहा कि एमआर लिनैक क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी है। यह रियल टाइम में ट्यूमर्स को देख पाती है और उसके हिसाब से सटीकतापूर्वक उपचार सुनिश्चित करती है जो कि मौजूदा पारंपरिक रेडिएशन में कल्पना से भी परे था। हमारे मरीज अब तेजी से रिकवर कर पाते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत कम साइड इफेक्ट्स महसूस होते हैं और वे लंबे समय तक बेहतर परिणामों का लाभ भी उठा पाते हैं। इस टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ फोर्टिस गुड़गांव के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए कैंसर केयर के मानकों को नए सिरे से परिभाषित किया हैKयश रावत, वाइस प्रेसीडेंट एंड फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस मेमोरियल, गुड़गांव ने कहा कि पिछले साल एमआर लिनैक की पेशकश के साथ ही उत्तर भारत में कैंसर केयर के नए युग की शुरूआत हुई। और बीते एक साल के दौरान, 187 मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है, हमने न सिर्फ अपने वायदे को पूरा कर दिखाया बल्कि प्रिसीजन ओंकोलॉजी के क्षेत्र में नए मानक भी रचे हैं।

उत्तर भारत में इस टेक्नोलॉजी से सुसज्जित होने के चलते एफएमआरआई कैंसर केयर के मामले में एशिया के अग्रणी संस्थानों में शामिल हो चुका है। इस उपलब्धि ने ग्लोबल इनोवेशंस को भारतीय मरीजों के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध कराते हुए उन्हें सर्वाधिक उन्नत तथा व्यापक बदलाव लाने वाले थेरेपी का लाभ दिलाने की हमारी प्रतिबद्धता को साबित कर दिखाया है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.40 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.15 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.16 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 1.69 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.11 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.06 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.85 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.53 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.51 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,10,260 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,29,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर


| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7906.25 |
| मसूर काली | 8172.79 |
| उड़द दाल | 10501.61 |
| मूंग दाल | 10155.41 |
| अरहर दाल | 10574.97 |

## अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



# पीपीपी परियोजनाओं की ओर बढ़ रहा निजी क्षेत्र का आकर्षण : सीतारमण

- वित्त मंत्री ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का किया उद्घाटन
- कार्यक्रम में देश-विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता व वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि ले रहे भाग

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों से सरकार विकास परियोजनाओं के लिए पूंजीगत व्यय में लगातार बढोतरी कर रही है और अब निजी-सरकारी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं में निजी क्षेत्र का आकर्षण भी दिख रहा है।

श्रीमती सीतारमण यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) का उद्घाटन भाषण देने के बाद एक सवाल का जवाब दे रही थीं। वित्त मंत्रालय के सहयोग से इंस्टिट्यूट ऑफ इकोनामिक ग्रोथ (आईईजी) द्वारा आयोजित 'गहन वैश्विक अनिश्चिताओं के दौर में समृद्धि' विषय पर तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता और




इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अनुमान लगाना कठिन है : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अुमान लगाना कठिन है। पर उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपने बूते खड़ी है इसलिए इस दौर में भी इसका प्रदर्शन मजबूत है। उन्होंने सम्मेलन से ऐसे सुझाओं ओर सिफारिशों की उम्मीद की जिसमें ऐसी बहु ध्रुवीय व्यवस्था को मजबूत किया जा सके जो गलाकाट होड़ की जगह सहयोग को बढ़ाने वाली हो तथा भारत जैसा विकासशील देश नई विश्व व्यवस्था के आयाम तय करने में अपनी भूमिका भी निभा सकें।

उन्होंने अपने संबोधन के बाद एक सवाल के जबाब में कहा कि भारत सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) का कितना प्रतिशत पूंजी निवेश पर खर्च करने का लक्ष्य रखता, इसके लिए वह कोई अंक प्रस्तुत करना ठीक नहीं मानती पर पिछले पांच साल से सरकारी पूंजीगत निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकारी पूंजीगत निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

### घरेलू कारकों के चलते तेजी से बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करने के नियमों को फिर से लिखा जा रहा है, लेकिन भारत मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के चलते तेजी से वृद्धि कर रहा है। साथ ही, इससे देश के पास वैश्विक झटकों से निपटने की मजबूत क्षमता विकसित हो गई है। राजधानी में कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए कहा कि हम एक ऐसे परिवर्तनशील वैश्विक परिदृश्य में हैं जो जीरो-सम एप्रोच जैसा है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और निरंतर विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने का मतलब यह नहीं है कि हम एक बंद अर्थव्यवस्था बन चाहते हैं। हमें विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा, आज के दौर में हम निष्क्रिय दर्शक बनकर नहीं रह सकते। हमें सक्रिय भागीदार बनना होगा। राष्ट्रों को नई मौद्रिक संरचना के बीच चुनाव करने होंगे। कोई भी राष्ट्र व्यवस्थागत बदलावों से खुद को अलग नहीं रख सकता, हमें उनसे जुड़ने के लिए तैयार रहना होगा। टैरिफ, प्रतिबंध और अलगाव की रणनीतियां आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है।

## आरबीआई की नई गाइडलाइंस आज से लागू




- बैंकों को एक दिन में ही क्लियर करना होगा चेक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस के मुताबिक, 4 अक्टूबर से सभी बैंकों को एक दिन की अवधि में ही चेक क्लियर करना होगा। इससे चेक के जरिए भुगतान करना तीव्र और आसान हो जाएगा। मौजूदा समय में चेक को क्लियर होने में एक से दो दिन का समय लगता है।

एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत कई बैंकों ने 4 अक्टूबर से एक ही दिन में चेक क्लियर होने की जानकारी अपने ग्राहकों को दी है। नई व्यवस्था के तहत 4 अक्टूबर से जमा किए गए चेक उसी दिन कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएंगे। दोनों बैंकों ने ग्राहकों से चेक बाउंस होने से बचने के लिए पर्याप्त बैलेंस रखने और देरी या अस्वीकृति से बचने के लिए सभी चेक विवरण सही-सही भरने का आग्रह किया है।

आरबीआई की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि नए सिस्टम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला फेस 4 अक्टूबर, 2025 से 3 जनवरी, 2026 तक के लिए लागू होगा, जबकि दूसरा फेस 3 जनवरी के बाद से लागू होगा।

आरबीआई ने नए सिस्टम के काम करने के बारे में विस्तार के जानकारी देते हुए कहा कि इसमें एक सिंगल प्रेजेंटेशन सेशन होगा, जिसमें चेक को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पेश करना होगा। इसके तहत चेक प्राप्त करने वाली बैंक को चेक को स्कैन करके क्लिरिंग हाउस को भेजना होगा। इसके बाद क्लिरिंग हाउस की उस चेक की इमेज को राशि अदा करने वाले बैंक के पास भेजेगा।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव तीन रुपये घटकर 2,864.91 रुपए प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गई और यह 3,310.96 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं, सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति क्विंटल टूटे।

## सरकार ने शुरू किए 550 कपास खरीद केंद्र



- 11 राज्यों के किसानों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने देश के 11 राज्यों में अब तक के सबसे अधिक 550 कपास खरीद केंद्रों को शुरू किया है। इन्हें भारत के कापस उत्पादन क्षेत्रों में स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को पैदावार को बेचने में मुश्किल का सामना न करना पड़े।

क्षेत्रीय फसल की तैयारी के साथ खरीद को सरेखित करने के लिए, उत्तरी क्षेत्र (पंजाब, हरियाणा, राजस्थान) में 1 अक्टूबर से, मध्य क्षेत्र (गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा) में 15 अक्टूबर से और दक्षिणी क्षेत्र (तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु) में 21 अक्टूबर से कपास खरीद अभियान शुरू किया जाएगा। खरीफ कपास सीजन 2025-26 से पहले मजबूत तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने सभी कपास उत्पादक राज्यों के प्रमुख अधिकारियों, भारतीय कपास निगम लिमिटेड (सीसीआई) और कपड़ा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मंत्रालय ने कहा कि उनका हस्तक्षेप पारदर्शी, कुशल और किसान-केंद्रित खरीद तंत्र के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लाखों किसानों के लिए कपास को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हुए, मंत्रालय परेशानी मुक्त खरीद, समय पर भुगतान और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार कर रहा है। कपास-किसान ऐप किसानों के स्व-पंजीकरण, 7-दिवसीय रोलिंग स्लॉट बुकिंग और रीयल-टाइम भुगतान ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। सभी राज्यों को किसान पंजीकरण और उपयोग को अधिकतम करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई। मंत्रालय के अनुसार किसानों को एमएसपी का लाभ उठाने के लिए 31 अक्टूबर तक ऐप पर पंजीकरण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। राज्य प्लेटफार्मों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और हरियाणा) पर मौजूदा उपयोगकर्ताओं को मोबाइल ऐप पर अपने रिकॉर्ड सत्यापित करने की सलाह दी जाती है।

## सार संक्षेप

### ब्लैक बॉक्स ने की विंड रिवर के साथ साझेदारी की घोषणा

**मुंबई।** डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन की प्रमुख कंपनी ब्लैक बॉक्स ने शुक्रवार को विंड रिवर के साथ एक ग्लोबल रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। विंड रिवर की पहचान इंटेलिजेंट एज सॉफ्टवेयर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में होती है। इस साझेदारी का उद्देश्य दुनिया भर के सभी उद्योगों को नेक्स्ट-जेनरेशन एज और क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करना है। इस ग्लोबल पार्टनरशिप के तहत, ब्लैक बॉक्स को भारत और मिडल-ईस्ट में विंड रिवर सॉल्यूशन देने का अधिकार मिला है। इस साझेदारी के साथ इन संभावित बाजारों में ब्लैक बॉक्स की लीडरशिप मजबूत होगी और कंपनी के लिए विकास के नए अवसर भी पेश होंगे। इसके अलावा, ब्लैक बॉक्स ने दुनिया भर के कई क्षेत्रों में एंड-यूजर कस्टमर से जुड़ने के लिए विंड रिवर के साथ एक अलग समझौता किया है, जिससे इस सहयोग की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा। इस साझेदारी से अगले पांच वर्षों में दुनिया भर से लगभग 1350 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर


**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी दौरान, स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है।

### विकसित भारत के लिए आर्थिक वृद्धि तेज करनी होगी : सिंह

**नई दिल्ली।** आर्थिक विशेषज्ञ एवं पूर्व आईएएस एन.के. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए साल दर साल आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करनी होगी और पूंजीगत व्यय में और वृद्धि करनी होगी। श्री सिंह यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में बोल रहे थे जिसका उद्घाटन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आर्थिक वृद्धि दर मजबूत नीतिगत आर्थिक सुधारों से सुधरी है। इसके साथ ही जनसंख्या वद्धि दर कम होने के मिले जुले लाभ से प्रतिव्यक्ति आय दो गुनी हो गई है। श्री सिंह 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष थे। उन्होंने विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए पूंजीगत व्यय का स्तर बढ़ाने, मौद्रिक और राजकोषीय नीति के बीच तालमेल बिठाए रखने एवं अन्य उपायों पर जोर दिया।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार

- सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर
- निफ्टी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा
- ऑटो, रियलिटी व स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में रहा लिवाली का जोर




**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ।

लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा।

पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए।

एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया।

एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआदी कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.16 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.69 प्रतिशत चढ़ा।

## केंद्र ने टेक्सटाइल के लिए पीएलआई आवेदन का समय बढ़ाया



- अब अंतिम तिथि 31 दिसम्बर हुई

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र ने उद्योग जगत के हितधारकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए शुक्रवार को वस्त्र उद्योग के लिए पीएलआई योजना के तहत नए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को इस वर्ष दिसंबर के अंत तक बढ़ाने का फैसला लिया है।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आवेदन पोर्टल अब 31 दिसंबर, 2025 तक खुला रहेगा, जिससे संभावित निवेशकों को इस योजना में भाग लेने और लाभ उठाने का एक और अवसर मिलेगा।

यह समय सीमा बढ़ाने का निर्णय अगस्त 2025 में शुरू हुए लेटेस्ट इनविटेशन राउंड में मैन-मेड फाइबर (एमएमएफ) परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के बाद लिया गया है। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

बयान में कहा गया है कि एप्लीकेशन विंडो को फिर से ओपन करना पीएलआई योजना के तहत उद्योग की निरंतर निवेश क्षमता का सीधा प्रमाण है, जो घरेलू कपड़ा विनिर्माण में बढ़ती बाजार मांग और विश्वास को दर्शाता है।

एमएमएफ परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और देश में टेक्निकल टेक्सटाइल उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कपड़ा क्षेत्र को आकार और क्षमता प्रदान करने और प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से सितंबर 2021 में 10,683 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ कपड़ा उद्योग के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में एमएमएफ निर्यात लगभग 525 करोड़ रुपए तक बढ़ गया।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर क्यूआर कोड वाले साइन बोर्ड लगाएगी सरकार



- यात्रियों को प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष जानकारी व इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर मिल सकेंगे

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को आवागमन में आसानी हो इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों के अलग-अलग हिस्सों में क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड के साथ प्रोजेक्ट जानकारी वाले साइन बोर्ड लगाएगी। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई।

सरकार के इस कदम के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष जानकारी और इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर मिल सकेंगे।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, वर्टिकल क्यूआर कोड साइन बोर्ड पर प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी होगी, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग का नंबर, हाईवे का चेनेज, प्रोजेक्ट की लंबाई, निर्माण और रखरखाव का समय, हाईवे पेट्रोलिंग, टोल मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, रेजिडेंट इंजीनियर, इमरजेंसी हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई फील्ड ऑफिस का कॉन्टैक्ट नंबर और आस-पास की सुविधाओं जैसे अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा की दूरी, ट्रक के लिए पार्किंग, पंचर ठीक करने की दुकान और वाहन आदि की जानकारी होगी। इसके अलावा बेहतर विजिबिलिटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए क्यूआर कोड साइन बोर्ड को सड़क किनारे लगाए जाएंगे।

### एनसीएच को जीएसटी से जुड़ी 3,981 शिकायतें हुई प्राप्त

## दूध की कीमतों को लेकर अभी भी ग्राहक गलतफहमी के शिकार




- ताजा दूध पहले से ही जीएसटी के दायरे में नहीं आता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को रिटेलर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा जीएसटी 2.0 लागू करने से जुड़ी शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें से अधिकांश शिकायतें दूध की कीमतों से जुड़ी हैं। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों को लेकर शिकायतें प्राप्त की गई हैं।

उपभोक्ताओं की शिकायतें थीं कि उन्हें जीएसटी रेट कट के बाद भी ताजा दूध पुरानी कीमतों पर मिल रहा है। जबकि कीमतें कम होनी चाहिए थीं। इस पर सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने उपभोक्ताओं की गलत धारणाओं को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि ताजा दूध पहले से ही जीएसटी के दायरे में नहीं आता। जबकि, हाल के जीएसटी दर सुधार में अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध को भी जीएसटी से छूट दी गई है।

ई-कॉमर्स वेबसाइटों से खरीदे गए इलेक्ट्रॉनिक सामान से जुड़ी शिकायतों की भी भरमार थी। उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि ऑनलाइन खरीदे गए लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और अन्य कंज्यूमर ड्यूरेबल पर अभी भी सुधार से पहले की जीएसटी दरें लागू हैं और उन्हें टैक्स में कटौती का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर सीसीपीए ने साफ किया कि जीएसटी सुधार के तहत टीवी, मॉनिटर, डिशवॉशिंग मशीन, एसी पर रेट 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन जैसे सामान पर पहले से ही 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। एक अन्य शिकायत घरेलू एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी थी। उपभोक्ताओं ने बताया कि सुधार के बाद एलपीजी के रेट्स कम नहीं हुए। इस पर सीसीपीए ने बताया कि घरेलू एलपीजी पर 5 प्रतिशत की जीएसटी दर लागू है, जिसे लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# खेल जगत

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की तुलना क्रिकेट मैच से नहीं होनी चाहिए : सचिन सावंत



**मुंबई।** एशिया कप के बाद महिला विश्व कप में रविवार को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला कोलंबो में होने वाला है। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि भारत-पाकिस्तान बातचीत और क्रिकेट जैसे आयोजनों से पाकिस्तान कमजोर नहीं हो रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा दिखावे का राष्ट्रवाद कर रही है। भाजपा का कोई भी कदम पाकिस्तान को कमजोर नहीं कर रहा है। पाकिस्तान सऊदी अरब से समझौते, यूनाइटेड नेशंस की आतंकवाद विरोधी समिति की अध्यक्षता और आईएमएफ लोन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फायदे में है। उसकी आर्मी और नेताओं के अमेरिका से रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत-पाकिस्तान मैच हो रहे हैं। भाजपा सिर्फ ढकोसला कर रही है कि खून और पानी एक-साथ नहीं बह सकते, आतंक और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा क्रिकेट मैच की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करना बेहद असंवेदनशील है। इस ऑपरेशन में आतंकियों से मुकाबले में कई सैनिक शहीद हुए थे और यह देश की सुरक्षा और बलिदान का प्रतीक था।

# केएल राहुल, जुरेल व जडेजा के शतकों से भारत ने विशाल बढ़त ले कसा शिकंजा

## वेस्टइंडीज के 162 रन के जवाब में भारत ने बनाए 5 विकेट पर 448 रन

■ 286 रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया

■ सतेन्द्र पाल सिंह



अहमदाबाद टेस्ट

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल, अपना छठा टेस्ट मैच खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल और उपकप्तान रवींद्र जडेजा के बेहतरीन शतकों की बदौलत भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में दो टेस्ट मैच की क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 बना 286रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया। तब रवींद्र जडेजा 176 खेल कर पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 105 तथा वाशिंगटन सुंदर 13 गेंद खेल कर 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। वेस्ट इंडीज के कप्तान ऑफ स्पिनर रॉस्टन चेज (2/90) उसके सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। वेस्ट इंडीज अपनी पहली पारी में 162 रन बनाकर आउट हो गई थी। भारत ने लंच से कप्तान शुभमन गिल (51) और लंच के बाद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) और खेल के आखिरी सत्र में ध्रुव जुरेल का विकेट खोया। भारत ने पहले दिन के पहली पारी के दो विकेट पर 121 रन के स्कोर में दूसरे दिन तीन विकेट और खोए और 327 रन और जोड़े। ध्रुव जुरेल (125 रन, 210 गेंद, 3 छक्के, 15 चौके) ने चोट से उबरने में जुटे ऋषभ पंत की जगह मौजूदा सीरीज में उपकप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रवींद्र जडेजा के साथ पांचवें विकेट की 206रन की बड़ी भागीदारी कर भारत को पहली पारी में विशाल बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### पंत भारतीय क्रिकेट टीम के 'योद्धा'

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत सही मायनों में महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी साबित हुए हैं। शानदार विकेटकीपिंग, आक्रामक बल्लेबाजी अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले पंत ने कई महत्वपूर्ण मैचों में टीम इंडिया को जीत दिलाई है। ऋषभ पंत एक भयानक हादसे से भी गुजरे, लेकिन हर परिस्थिति में लड़ने की क्षमता उन्हें एक %योद्धा% बनाती है। 30 दिसंबर 2022... दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर ऋषभ पंत की तेज रफ्तार कार एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पंत इस कार के अंदर ही थे। इसी बीच रजत कुमार और निशु कुमार नामक दो युवकों ने विंडस्क्रीन तोड़कर भारत के इस खिलाड़ी की जान बचाई। घटना इतनी भयावह थी कि हादसे के बाद कार में भीषण आग लग गई।

### धोनी और फारुख इंजीनियर के क्लब में शामिल हुए जुरेल

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। जुरेल का यह पहला शतक है। इस शतक के साथ ही जुरेल ने भारतीय टीम के दो पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाजों एमएस धोनी और फारुख इंजीनियर की बराबरी की। ध्रुव जुरेल ने 190 गेंद पर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। जुरेल 210 गेंद पर 15 चौके और 3 छक्के की मदद से 125 रन बनाकर आउट हुए। जुरेल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय धरती पर शतक लगाने वाले तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने। जुरेल से पहले धोनी और फारुख इंजीनियर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने 2011 में कोलकाता टेस्ट के दौरान 144 रन बनाए थे, जबकि पूर्व विकेटकीपर इंजीनियर ने 1967 में चेन्नई टेस्ट के दौरान विंडीज के खिलाफ 109 रन बनाए थे। जुरेल टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले 12वें भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं और विंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाने वाले पांचवें विकेटकीपर हैं। ध्रुव जुरेल के अलावा रवींद्र जडेजा ने भी अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया। जडेजा 176 गेंद पर 104 रन बनाकर नाबाद हैं। जडेजा और जुरेल के बीच पांचवें विकेट के लिए 206 रन की अहम साझेदारी हुई। जडेजा और जुरेल से पहले सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी अपने करियर का 11वां शतक लगाया।

# बारिश से धुला ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 मैच



■ सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को माउंट माउंगानुई में दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाना था, लेकिन यह मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा। दोनों देशों के बीच तीन मुकाबलों की इस सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है। बे ओवल के मैदान पर बारिश के चलते मैच में 11-11 ओवरों की कटौती की गई। इस तरह दोनों ही टीमों के पास 9-9 ओवर बल्लेबाजी का मौका था।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इस टीम में कप्तान माइकल ब्रेसवेल के साथ टिम सेफर्ट (विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे, टिम रॉबिन्सन, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मैट हेनरी, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी और जैकब डफी को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया।

दूसरी ओर, मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में ट्रेविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, टिम डेविड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, मिचेल ओवन, जेवियर बार्टलेट, सीन एबॉट, एडम जांपा और जोश हेजलवुड को स्थान दिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ही उसे ट्रेविस हेड के रूप में बड़ा झटका लगा। इस वक्त तक टीम के खाते में सिर्फ 6 ही रन जुड़े थे। हेड 3 गेंदों में 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनकी इस पारी में 1 चौका शामिल था। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट कप्तान मिचेल मार्श का साथ देने मैदान पर उतरे, लेकिन अभी टीम के खाते में यह जोड़ी 10 ही रन जोड़ सकी थी कि बारिश ने एक बार फिर दखल दे दी। इस वक्त तक मिचेल मार्श 8 गेंदों में 1 छक्के के साथ 9 रन बना चुके थे, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 2 गेंदों में इतने ही रन अपने खाते में जोड़ लिए थे। कुछ देर इंतजार के बाद मैच को रद्द करने का फैसला लिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज के पहले मैच को 6 विकेट से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अंतिम मुकाबले को हर हाल में जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म करना चाहेगी। तीसरा मुकाबला 4 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेला जाना है।

## रेस्ट ऑफ इंडिया सिर्फ 214 रन पर ऑलआउट

ईरानी कप

**नागपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदर्भ ने रेस्ट ऑफ इंडिया को ईरानी कप मुकाबले की पहली पारी में महज 214 रन पर समेट दिया है। इसी के साथ विदर्भ के पास पहली पारी के आधार पर 128 रन की बढ़त शेष है। शुक्रवार को नागपुर में मुकाबले के तीसरे दिन का खेल जारी है। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन बनाए। यह टीम 80 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने यश राठौड़ के साथ चौथे विकेट के लिए 184 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।यश राठौड़ ने 153 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों की मदद से 91 रन बनाए, जबकि अथर्व ने 283 गेंदों में 143 रन जुटाए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 15 चौके शामिल थे। विपक्षी खेमे से आकाश दीप और मानव सुथर ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सारांश जैन ने 2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में रेस्ट ऑफ इंडिया पहली पारी में महज 69.5 ओवर ही खेल सकी।

# भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेंगी



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जायेंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है। चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने, नए वातावरण में सीखने और मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। मुझे विश्वास है कि अपने दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ, यह टीम इस शानदार अवसर का भरपूर लाभ उठाएगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला हॉकी के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों को लगातार चुनौती दी जाए और उन्हें अपने सहज क्षेत्र से बाहर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर दिए जाए। चीन में इस श्रृंखला से मिले सबक उनके समग्र विकास और उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में उनके आत्मविश्वास में बहुत योगदान देंगे।

## फीफा ने विश्वकप 2026 की आधिकारिक मैच बॉल का किया अनावरण

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

महिला विश्वकप



■ एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया

**गुवाहाटी,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एक्लस्टन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एमी जोंस (नाबाद 40) और टैमी बोमॉन्ट (नाबाद 21) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 215 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए 14.1 ओवर में 73 रन बनकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया। एमी जोंस ने 50 गेंदों में छह चौके लगाते हुए नाबाद 40 रनों की पारी खेली। टैमी बोमॉन्ट ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 21 रन बनाये। उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सात रन देकर चार विकेट लेने वाली लिंसी स्मिथ को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाये और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिये। तथा सोफी एक्लस्टन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है।

## सार संक्षेप

### शंघाई मास्टर्स : बेन शेल्टन की हार

**नई दिल्ली।** बेन शेल्टन को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 7 डेविड गॉफिन से 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। शुक्रवार को शेल्टन एटीपी टूर फाइनल में अपनी उम्मीदों को मजबूत करने का मौका गंवा बैठे। शेल्टन को अगस्त में यूएस ओपन के तीसरे दौर में बाएं कंधे की चोट के कारण मुकाबले से हटना पड़ा था। इसके बाद वह पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। थोड़ी धीमी गति से खेलते हुए बेन शेल्टन ने 22 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि गॉफिन ने 11 अनफोर्स्ड एरर किए। गॉफिन ने इसी साल की शुरुआत में मियामी में हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कार्लोस अल्काराज को शिकस्त दी थी। डेविड गॉफिन ने शेल्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में तीनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। 34 वर्षीय गॉफिन दो बार शंघाई के क्वार्टरफाइनल में स्थान बना चुके हैं। अब रविवार को वह तीसरे दौर में गेब्रियल डायलो को चुनौती देंगे।

### पुणेरी ने दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हराया

**चेन्नई।** पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन में दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हरा दिया है। गुरुवार को यहां एसडीएटी मल्टी परपज इनडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के 59वें मैच में पुणेरी पलटन और बेंगलुरु बुल्स के बीच खेला गया सीजन का 59वां मैच में निर्धारित समय तक 29-29 से टाई रहा। इसके बाद पुणेरी पलटन ने टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को 6-4 से हरा दिया। पुणेरी पलटन की 11 मैचों में यह आठवीं जीत है और टीम अह 16 अंक लेकर अंकतालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, बेंगलुरु बुल्स को 11 मैचों में छठी हार मिली है। इस सीजन में बेंगलुरु को तीसरी बार टाई ब्रेकर में मात खानी पड़ी है। पुणेरी के लिए आदित्य ने सात और गुरदीप, कप्तान पंकज मोहिते और गौरव खत्री ने चार-चार अंक लिए। वहीं, बेंगलुरु के लिए आशीष मलिक और अलीरेजा मीरजैन ने छह-छह अंक अपने नाम किए।पुणेरी पलटन ने इस मुकाबले में बेहतरीन शुरुआत की और शुरुआती मिनटों में उसने खुद को बुल्स से आगे रखा। पुणेरी ने इसके बाद आठवें मिनट में ही बुल्स को ऑलआउट करके स्कोर को 10-5 तक पहुंचा दिया।

### यू मुंबा ने लगाया जीत का 'छक्का', गुजरात जायंट्स को रौंदा

**चेन्नई।** बिहार के लाल संदीप कुमार के लगातार चौथे सुपर-10 की बदौलत यू मुंबा ने यहां एसडीएटी मल्टी परपज इनडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 60वें मैच में गुजरात जायंट्स को 40-25 से करारी शिकस्त दे दी।यू मुंबा 11 मैचों में छह जीत के बाद अब 12 अंक लेकर चौथे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, गुजरात जायंट्स को 10 मैचों में आठवीं हार मिली है और अब वो 12वें नंबर पर खिसक गई है।

# मनीष, कीर्तिवासन, वैष्णवी और आकांक्षा फाइनल में

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए मनीष सुरेशकुमार और कीर्तिवासन सुरेश पुरुष एकल तथा वैष्णवी अदकर और आकांक्षा नितुरे ने महिला एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में जगह बना ली हैं।

आज यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गये सेमीफाइन में तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए चौथी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के इशाक इकबाल को 1-6, 6-1, 6-1 से हराया। इकबाल ने शुरुआती रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और दो बार सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। मनीष ने बेसलाइन एक्सचेंज पर नियंत्रण रखते हुए जल्दी से तालमेल बिठाया। दूसरे सेट में शुरुआत में ही सर्विस तोड़ने के बाद, गति पूरी तरह से उनके पक्ष में हो गई और उन्होंने लगभग समान दो सेटों के साथ 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया।

दूसरे मैच में कीर्तिवासन सुरेश ने चार घंटे दस मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में मैडविन कामथ को 7-6(3), 3-6, 6-4 से हराया। पहला सेट टाई-ब्रेकर तक गया, जहां कीर्तिवासन की कोर्ट के पीछे से लगातार की गई बढ़त निर्णायक साबित हुई। कामथ ने दूसरे सेट में भी जोरदार वापसी की, शुरुआत में ही सर्विस ब्रेक की और फिर मजबूती से पकड़ बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

# मीराबाई चानू ने में जीता रजत पदक

■ चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की



वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप

**फोर्ड (नॉर्वे),** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

आज यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं। इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी। मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। 2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

## अमित पंघल और मंजू रानी अगले दौर में

**चेन्नई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल (सेवा) ने गुरुवार को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पंजाब के स्पर्श कुमार पर 5-0 की शानदार जीत के साथ बीएफआई कप 2025 के एलीट पुरुष वर्ग के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच, एलीट महिला वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे), साथ ही युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम) और अरुंधति चौधरी (सेवा) ने भी शानदार जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में, अमित की जीत ने सर्विसेज के लिए एक और शानदार प्रदर्शन का सूत्रपात किया। टीम के साथी एस विश्वनाथ (50 किग्रा) और प्रीत मलिक (65 किग्रा)-जो दोनों थाईलैंड में एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप की टीम का हिस्सा थे-ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज करके बढ़त हासिल की। रेलवे के रवि कुमार (75 किग्रा) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किग्रा) ने दिन के मुख्य आकर्षणों में इजाफा किया।

# एरेल ने 10 बार की चैम्पियन अनुभवी चीनी स्टार को हराया

■ दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी



इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की। 12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमेरिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12.08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

## भारत में बदलेगा 'ई-स्पोर्ट्स' इंडस्ट्री का सूरतेहाल, राष्ट्रीय स्तर पर मिलने जा रही मान्यता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस माह ड्राफ्ट रूल्स जारी होने के साथ 'ई-स्पोर्ट्स' को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता मिलने जा रही है। यह मसौदा भारतीय ई-गेमिंग के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल सकता है। ई-स्पोर्ट्स को 'द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2025' के अंतर्गत लाकर अब विशेष रूप से युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत विनियमित किया जाएगा। यह व्यवस्था ई-स्पोर्ट्स को जुए के साथ होने वाले भ्रम और नियामक अव्यवस्था से बाहर निकालकरएक स्पष्ट पहचान देगी। इसके साथ ही, एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ईस्पोर्ट्स टाइटल्स को रजिस्टर करेगी। यह अथॉरिटी नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी और शिकायतों का निपटारा करेगी। देखा जाए तो, अब ई-स्पोर्ट्स को वही प्रशासनिक ढांचा मिला है, जो क्रिकेट या हॉकी में देखने को मिलता है।अब ई-स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित, प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में माना जाएगा, जो किसी फैंटेसी या किस्मत पर आधारित गेम से अलग है। यानी जुए से जुड़े टाइटल्स बाहर रहेंगे। वहीं, मान्यता प्राप्त ई-स्पोर्ट्स टाइटल्स को सरकारी संरक्षण, वित्तीय पोषण अवसर और आधिकारिक खेल आयोजनों के रूप में आयोजित किए जाने का अधिकार मिलेगा।